CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 3 जुलाई 2025 | वर्ष – 35 | अंक – 64 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 4.00 रु



विपक्ष के नेता के रूप में एक साल में शिद्दत से उठाए हैं जनता के मुद्दे : राहुल — पृष्ठ 3

■ योगी बंदर की लीला और जनजागरुकता
■ नये भाजपा अध्यक्ष के चयन में और देरी संभव — पृष्ठ 4

■ व्हाइट हाउस में मनेगा ईरान के खिलाफ अभियान का जश्न
■ ईरान ने फोर्डो परमाणु संयंत्र पर शुरु किया काम — पृष्ठ 9

मंधाना-शेफाली की जोड़ी के नाम 'वर्ल्ड रिकॉर्ड' — पृष्ठ 10

### मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा को लेकर चुनाव आयोग की दो टूक

# सिर्फ राजनीतिक दलों के प्रमुखों से होगी बात

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार की मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा को लेकर मुलाकात के लिए समय मांगने के अनुरोध को लेकर चुनाव आयोग ने

■ **मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा को लेकर विपक्ष ने उठाए है सवाल**





बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने साफ कर दिया है कि आयोग समीक्षा पर बैठक के अनुरोधों पर केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों से ही बात-चीत करेगा। अधिकारियों के अनुसार, राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले कई व्यक्ति बिहार की मतदाता सूची के वर्तमान में चल रही विशेष गहन समीक्षा पर चर्चा करने के लिए आयोग से मुलाकात का समय मांग रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि अब से चुनाव प्राधिकरण अनधिकृत व्यक्तियों की ओर से किए गए ऐसे अनुरोधों को खारिज कर देगा।

**विपक्षी दलों ने लगाया है यह आरोप**–दरअसल, विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि समीक्षा की इस प्रक्रिया से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जहां पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। विपक्ष का कहना है कि इसके चलते भाजपा सरकार अपने लाभ के लिए राज्य मशीनरी का उपयोग कर सकती है।

**कांग्रेस ने की थी तत्काल बैठक की मांग**–बता दें कि चुनाव आयोग की तरफ से घोषणा के बाद बीते 30 जून को कांग्रेस के एक कानूनी प्रतिनिधि ने चुनाव आयोग को एक ई-मेल भेजकर 2 जुलाई को तत्काल बैठक की मांग की थी। यह ई-मेल कांग्रेस की ओर से, विपक्षी गठबंधन के कई दलों की ओर से भेजा गया था। कांग्रेस प्रतिनिधि ने खुद को कई दलों की ओर से अधिकृत प्रतिनिधि बताया था। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि केवल दो दलों, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन और सीपीआई (एम) ने अब तक बैठक में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

#### राजनीतिक दलों की ओर से बीएलए की नियुक्ति में हुई वृद्धि

चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' को लेकर विभिन्न राजनीति दलों की ओर से बूथ स्तर के एजेंटों (बीएलए) की नियुक्ति में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। आयोग ने बुधवारा को जारी एक बयान में कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों ने 23 जून तक एक लाख 36 हजार 680 बीएलए की नियुक्ति की थी जो एक लाख 56 हजार 625 हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबसे अधिक 53 हजार 689 बीएलए नियुक्त किए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय जनता दल से 47 हजार 504, जनता दल यूनाइटेड ने 34 हजार 669, कांग्रेस ने 16500, राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 1153, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 578 बीएलए नियुक्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण पर विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से विरोध और आरोपों के बीच उनकी ओर से बीएलए की नियुक्ति की जा रही है। आयोग के अनुसार एक बीएलए एक दिन में पचास निर्वाचकों तक के अपने सत्यापन सहित गणना फार्म सही से आवश्यक दस्तावेजों से सहित भरवाकर बूथ स्तरीय आधिकारी (बीएलओ) को जमा करवा सकता है।

#### आयोग ने बिहार की 2003 की मतदाता सूची को बनाया है आधार

आयोग ने इस समीक्षा के लिए बिहार की 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया है जिससे करीब पांच करोड़ मतदाताओं और उनकी संततियों को अलग से कोई दस्तावेज नहीं जमा कराना पड़ेगा। कोई भी वयस्क नागरिक अपने स्थायी निवास स्थान वाले निर्वाचन क्षेत्र में वैध रूप से मतदान करने का पत्र होता है और इस तरह उसका नाम केवल वहां की सूची में ही दर्ज होना चाहिए।

### जीएसटी कलेक्शन में ऐतिहासिक बढ़त

# 18फीसदी वृद्धि दर के साथ देश में अव्वल

**रायपुर**, 2 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय स्थित महानदी भवन में वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग के कार्यों एवं राजस्व संग्रहण की विस्तार से जानकारी प्राप्त की और कर संग्रहण बढ़ाने के उपायों पर कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कर की राशि का उपयोग देश और प्रदेश के विकास कार्यों में होता है, इसलिए सभी को ईमानदारी पूर्वक कर अदा करना चाहिए। साय ने कहा कि जो लोग कर (जीएसटी) की चोरी करते हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा उनसे कर की वसूली सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को जीएसटी एवं वैट से कुल 23,448 करोड़ रुपये का



■ **मुख्यमंत्री साय ने जीएसटी विभाग की समीक्षा बैठक में कर अपवंचन पर सख्ती**

कर राजस्व प्राप्त हुआ, जो राज्य के कुल कर राजस्व का 38% है। छत्तीसगढ़ ने 18% की जीएसटी वृद्धि दर हासिल की है, जो देश में सर्वाधिक है।

बैठक में वित्त एवं वाणिज्यिक कर (जीएसटी) मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विभागीय जानकारी साझा की।

मुख्यमंत्री साय ने जीएसटी संग्रहण हेतु विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि आगे भी नियमों के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ कर अपवंचन के मामलों एवं उनसे निपटने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री साय ने फर्जी बिल, दोहरी बहीखाता प्रणाली और गलत टैक्स दरों का उपयोग कर अनुचित लाभ लेने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग की नवाचारी पहलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण की औसत समय सीमा को 13 दिन से घटाकर 2 दिन कर दिया गया है। बैठक में अधिकारियों ने जीएसटी विभाग द्वारा हाल ही में की गई बड़ी कार्रवाइयों एवं कर चोरी की राशि की वसूली की जानकारी ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

**सार संक्षेप**

### एकमुश्त चावल वितरण की समयावधि 31 जुलाई तक बढ़ाई गई

**रायपुर।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह जून से अगस्त 225 का एकमुश्त चावल वितरण की समयावधि 31 जुलाई तक वृद्धि की गई है। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु समस्त जिला कलेक्टर व प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन को निर्देशित किया गया है।

### मोदी पांच देशों की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अफ्रीका, कैरेबियाई और दक्षिण अमरीकी क्षेत्र के पांच देशों की यात्रा पर बुधवार सुबह रवाना हुए। आठ दिन की इस यात्रा के दौरान मोदी घाना, त्रिनिदाद एवं टोबेगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामिबिया जाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस यात्रा के लिए प्रस्थान करने से पहले एक वक्तव्य में कहा कि मुझे विश्वास है कि इन पांच देशों की मेरी यात्रा से दक्षिण के देशों के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण रिश्ते मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री चार और पांच जुलाई को अर्जेंटीना में होंगे और वहां से ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डि जेनेरियो जाएंगे और वहां पांच से सात जुलाई तक ब्रिक्स की बैठकों में हिस्सा लेंगे।

### भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ उदयगिरि

**नई दिल्ली।** नौसेना के तरकश में तमाल के बाद एक और घातक तीर जुड़ गया है, वो है उदयगिरि। तमाल रूस में बना है तो उदयगिरि अपने देश में। प्रोजेक्ट 17 ए के तहत मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड ने इसे तैयार किया हैं। मझगांव डॉकयार्ड ऐसे सात फ्रिगेट बना रहा है जिसमे उदयगिरि दूसरा है। यह लॉन्चिंग के 37 महीने में नौसेना को हैंड ओवर कर दिया गया है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उदयगिरि को आप शिवालिक क्लास का आधुनिक संस्करण कह सकते हैं। वैसे ये नीलगिरी क्लास का दूसरा फ्रिगेट हैं। यह मल्टी मिशन फ्रिगेट ब्लू वाटर नेवी संचालन में सक्षम है।

### हेमंत खंडेलवाल मप्र भाजपा अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** हेमंत खंडेलवाल बुधवार को मध्य प्रदेश भाजपा के निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए। चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी घोषणा थी। खंडेलवाल ने सोमवार शाम नामांकन भरा था। उनके अलावा किसी अन्य ने नॉमिनेशन फॉर्म नहीं भरा था बीते दिन पांच राज्यों हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना के अध्यक्ष भी निर्विरोध चुने गए थे।

## छग के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त का दिल्ली में निधन



**रायपुर**, 2 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ प्रशासक डॉ. शेखर दत्त का बुधवार को 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

शेखर दत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रह चुके थे। वह भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय में सचिव, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और अन्य कई महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य कर चुके थे। उनके निधन पर रक्षा मंत्रालय ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें एक सम्मानित सैनिक और दूरदर्शी प्रशासक बताया है, जिनका योगदान भारत की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में सदैव याद किया जाएगा।

डॉ. शेखर दत्त छत्तीसगढ़ के चौथे राज्यपाल रहे और उनका कार्यकाल 23 जनवरी 2010 से 14 जुलाई 2014 तक रहा। उनके निधन से प्रशासनिक सेवा और देश की सुरक्षा व्यवस्था में एक अनुभवी मार्गदर्शक का अवसान हुआ है। देशभर के राजनैतिक और प्रशासनिक वर्ग में उनके निधन पर शोक की लहर है।

#### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने जताया शोक

*राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय शेखर दत्त जी एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी नेता और देश सेवा के प्रति पूर्णत: समर्पित व्यक्तित्व थे। अपने लम्बे प्रशासनिक अनुभव और अद्भुत कार्यकुशलता से उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।*

## राज्य स्थापना दिवस पर रायपुर में होगा वायुसेना का प्रदर्शन

**रायपुर**, 2 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य के स्थापना दिवस 1 नवंबर 2025 के अवसर पर इस साल राजधानी रायपुर में एक विशेष आयोजन होने जा रहा है। रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम एक भव्य एरोबेटिक डिस्प्ले करेगी। यह आयोजन छत्तीसगढ़ के युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति, प्रेरणा और गर्व का भाव जगाने वाला होगा।



इस आयोजन की स्वीकृति रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दे दी है। उन्होंने बताया कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल के आग्रह पर भारतीय वायुसेना की 'सूर्य किरण' टीम को रायपुर में प्रदर्शन के लिए प्रस्तावित समय पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए भारतीय वायुसेना की टीम द्वारा निर्धारित अभ्यास एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि च्छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस हमारे लिए गर्व और आत्मसम्मान का दिन है। इस दिन राजधानी में भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम का प्रदर्शन प्रदेशवासियों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण होगा। यह आयोजन युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, अनुशासन और देशभक्ति को और मजबूत ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

**रक्षा मंत्री ने दी सूर्य किरण एरोबेटिक डिस्प्ले की स्वीकृति**

## देश में बाढ़-बारिश का कहर

### भूस्खलन से चलते कई सड़कें बंद, हिमाचल में 16 जगह बादल फटे, अब तक 51 की मौत

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। देश के कई राज्यों में भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां उत्तराखंड में चार धाम यात्रा पर रोक लगाई गई है, कई नदियां उफान पर हैं और शहरों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश में 20-21 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। अब तक 20 से ज्यादा जगह बादल फटने की घटना हो चुकी हैं। अकेले 30 जून की रात मंडी और किन्नौर में 16 जगह बादल फटे थे। इस मानसून में राज्य में लैंडस्लाइड-बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। 22 से ज्यादा लोग लापता हैं। 40 के करीब मकान पूरी तरह ढह गए हैं। मंडी जिले से बहने वाली ब्यास नदी उफान पर है। राज्य में आज तेज बारिश का रेड अलर्ट है। मंडी के पास सराज क्षेत्र में बादल फटने के बाद भारी बारिश से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट पूरी तरह तबाह हो गया।



घटना के वक्त इसमें 12 कर्मचारी काम कर रहे थे। सभी ने किसी तरह भागकर जान बचाई।

**हनुमानगढ़ में पुल धंसा, मोड़क में बाढ़ जैसे हालात**–राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में हो रही बारिश आफत बन गई है। कोटा के मोड़क कस्बे में बाढ़ के हालात हैं। घर, स्कूल, हॉस्पिटल, एटीएम तक में पानी भर गया है। चार-चार फीट तक पानी घरों में बह रहा है। चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में गूंजली नदी का पानी पुल के ऊपर से तक बह रहा है। आधा दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क कट गया है। छत्तीसगढ़ के राजपुर क्षेत्र में बारिश में गागर नदी में मछली पकड़ने गए 3 पहाड़ी कोरवा बच्चे 4 घंटों तक फंसे रहे। अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने से यह हादसा हुआ। नदी का जलस्तर कम हुआ, तो बच्चों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। सभी बच्चे सुरक्षित हैं। ओडिशा के बालासोर जिले में बाढ़ की स्थिति बहुत गंभीर हो गई। जिले के उत्तरी हिस्से में करीब 100 गांवों में सड़कों और खेतों में पानी भर गया है। बाढ़ का पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## इंजन फेल होने से हुआ विमान हादसा

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे को दो हफ्ते से ज्यादा का समय बीत चुका है और जांचकर्ता इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि इस हादसे की वजह क्या रही। एअर इंडिया के पायलटों ने हादसे की वजह जानने के लिए फ्लाइट सिमुलेटर पर भी जांच की। इस जांच में पता चला है कि संभवत: विमान के दोनों इंजन फेल होने की वजह से विमान क्रैश हुआ होगा।

**तकनीकी खराबी का अंदेशा**–जांच के दौरान एयरलाइन के पायलटों ने फ्लाइट सिमुलेटर में विमान के उड़ान के दौरान के विभिन्न पैरामीटर्स को फिर से दोहराया, जिसमें लैंडिंग गियर की स्थिति और विंग फ्लैप को वापस खींचना शामिल था। इस जांच में पाया गया कि केवल इन सेटिंग्स की वजह से हादसा नहीं हुआ। पिछली कुछ जांच में पता चला है कि विमान के क्रैश होने से कुछ सेकंड पहले ही आपातकालीन पावर टरबाइन भी चालू की गई थी, जिससे पता चलता है कि तकनीकी खराबी के चलते विमान क्रैश हुआ। हादसे की आधिकारिक जांच चल रही है, जिसका नेतृत्व विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो या एएआईबी द्वारा की जा रही है। फ्लाइट सिमुलेटर जांच आधिकारिक जांच से अलग हुई। इस जांच में हादसे के संभावित कारण जानने की कोशिश की गई।

### 2798 शिक्षक बनाए गए प्राचार्य, आदेश जारी

**रायपुर**, 2 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने प्रदेश के शिक्षकों को बड़ी सौगात दी है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत कुल 2798 शिक्षकों को प्राचार्य (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, नवा रायपुर ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 1320 व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) और प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) को पदोन्नत कर प्राचार्य (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) बनाया गया है।

इसी तरह 1478 ई-संवर्ग के व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) को भी प्राचार्य के पद पर पदोन्नति दी गई है।

### दिखावे से नहीं चलती कूटनीति : कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता मिलने पर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी ने इसे भारत की कूटनीतिक विफलता बताया और सवाल उठाया कि पाकिस्तान जैसे देश, जो खुद आतंकवाद फैलाने में शामिल है, उसे वैश्विक मंच पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी कैसे मिल गई। दरअसल, पाकिस्तान ने मंगलवार को घोषणा की कि वह जुलाई महीने के लिए यूएनएससी का अध्यक्ष बनेगा। पाकिस्तान जनवरी 2025 से सुरक्षा परिषद में गैर-स्थायी सदस्य है। इसके अलावा पाकिस्तान को तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष भी बनाया गया है। बंगलूरू में पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि पाकिस्तान जैसे देश को यूएनएससी का अध्यक्ष बनाना वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि आतंक फैलाने वाला देश अब वैश्विक सुरक्षा का संरक्षक बन गया है। यह भारत सरकार के लिए शर्मनाक है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर दुनिया में अपनी कूटनीतिक ताकत का ढोल पीटते हैं, लेकिन पाकिस्तान को इन जिम्मेदारियों से रोकने में असफल रहे।

### शेख हसीना को छह माह जेल की सजा



**ढाका**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का एलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी। यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उसके बाद बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे प्रसारित किया था। इस ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर शेख हसीना गोबिंदगंज उपजिला चेयरमैन शकील बुलबुल से बात कर रहीं थी, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है।

### संसद की सुरक्षा में सेंध के आरोपी नीलम-महेश को राहत

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दो आरोपियों नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हजार रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर राहत प्रदान की। निचली अदालत ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बता दें कि 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले निचली अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद आरोपियों ने निचली अदालत के आदेश को

**शोध** | कोविड के बाद अचानक मौतों पर आईसीएमआर के शोध में दावा

# अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं

**नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने अपने शोध में बताया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है।**

*स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। स्टडी में कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइड इफेक्ट के मामले रेयर हैं। शोधी में बताया गया है कि अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफ स्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं। भारत में दो कोविड वैक्सीन विकसित हुई थीं। भारत बायोटेक ने आईसीएमआर के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोवीशील्ड बनाई थी। आईसीएमआर व एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों की वजह समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इसके लिए दो रिसर्च स्टडी की जा रही हैं। पहली पिछले डेटा पर आधारित थी और दूसरी रियल टाइम इन्वेस्टिगेशन से जुड़ी है। पहला शोध कोविड वैक्सीन से अचानक मौत का जोखिम नहीं। आईसीएमआर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी ने मई, 2023 से अगस्त, 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों पर स्टडी की। इसमें ऐसे लोगों का डेटा देखा गया जो स्वस्थ दिख रहे थे, लेकिन अक्टूबर, 2021 से मार्च, 2023 के बीच अचानक उनकी मौत हो गई। नतीजों से पता चला कि कोविड वैक्सीन अचानक मौत का जोखिम नहीं बढ़ाती। दूसरा शोध अधिकतर मौतों का कारण जेनेटिक म्यूटेशन। यह ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस और आईसीएमआर की मदद से की जा रही है। इसका मकसद युवा वयस्कों की अचानक मौतों के कारण पता लगाना है। स्टडी के शुरुआती आंकड़ों से पता चला कि दिल का दौरा या मायोकार्डियल इंफार्क्शन इस उम्र में अचानक मौत का प्रमुख कारण है। अहम बात यह है कि पिछले कई सालों में अचानक मौत के कारणों के पैटर्न में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।*

# भाई ही निकला भाई का हत्यारा, 6 घंटे में हुआ गिरफ्तार



**मुंगेली** 02 जुलाई (देशबन्धु)। थाना पथरिया अंतर्गत ग्राम घुठेली में हुए हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घरेलू रंजिश के चलते छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने वारदात को छुपाने के लिए स्वयं ही थाने में किसी अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन मुंगेली पुलिस ने महज 6 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया।घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 01 जुलाई को सुबह 09.40 बजे प्रार्थी दुर्गेश राजपूत पिता शोभाराम राजपूत, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम घुठेली थाना पथरिया, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी पत्नी के साथ 30 जून की रात को अपनी बहन की तबीयत खराब होने पर आकृति अस्पताल पथरिया में रुका हुआ था। सुबह 6.30 बजे जब वह अपने घर लौटा, तो देखा कि उसका बड़ा भाई उमेश राजपूत घर के परछी में मृत अवस्था में पड़ा था, जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान और खून के धब्बे थे। उसने अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 103, 238(ख) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा व उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल के पर्यवेक्षण में सायबर सेल एवं पथरिया पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई।

जांच के दौरान घटनास्थल की परिस्थितियों व संदेह के आधार पर प्रार्थी दुर्गेश राजपूत से जब मनोवैज्ञानिक व तथ्यात्मक पूछताछ की गई, तो उसने कबूल किया कि उसका बड़ा भाई उमेश शराब के नशे में घरवालों के साथ मारपीट करता था। इसी रंजिश में दुर्गेश ने अस्पताल से सीधे गांव पहुंचकर आंगन में रखे पत्थर से अपने भाई के सिर पर दो बार वार कर उसकी हत्या कर दी। फिर पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से खुद ही थाने जाकर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई। आरोपी के घर से खून लगा हुआ पत्थर व हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त किया गया। दुर्गेश राजपूत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी पथरिया निरीक्षक रघुवीर लाल चंद्रा, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक सुशील कुमार बंछोर, प्रधान आरक्षक यशवंत डाहिरे, नरेश यादव, लोकेश राजपूत, रवि जांगड़े, आरक्षक राहुल यादव, गिरीराज सिंह, रवि मिंज, हेमसिंह, परमेश्वर जांगड़े, महेन्द्र सिंह ठाकुर, उप निरीक्षक लक्ष्मण खुंटे, प्रधान आरक्षक राजकुमार पाली, आरक्षक राजीव पटेल, नरेश दिवाकर, मिथलेश सोनवानी, हलीश गेदले, विनोद बंजारे एवं बालकृष्ण मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।

# स्थानीय समस्याओं को लेकर कांग्रेस का कलेक्टर कार्यालय घेराव

### पुलिस बैरिकेड तोड़कर सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही** 02 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय समस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने आज जोरदार प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, लेकिन आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पुलिस के बैरिकेड तोड़ते हुए कार्यालय की दीवारों पर चढ़ने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस बल ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। बाद में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।



इस प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, तब से आम जनता, विशेषकर किसान, छात्र, मजदूर और मरीज सभी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में कभी खाद-बीज की किल्लत नहीं हुई, बिजली बिल हाफ था और बिजली की कटौती नहीं होती थी, लेकिन आज हालात बदतर हो गए हैं। किसान खाद के लिए परेशान हैं, बिजली कटौती से सिंचाई प्रभावित हो रही है। जिला अस्पताल एक रेफर सेंटर बनकर रह गया है। सरकारी डॉक्टर निजी अस्पतालों से मिलीभगत कर मरीजों को वहां भेज रहे हैं। रेत के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। और तो और, पेंड्रा बाईपास जिसका उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने किया था, वो आज तक अधूरा है, जबकि दो बार बजट पास हो चुका है, परंतु अब तक स्वीकृति नहीं दी गई।

गौरेला पेंड्रा मरवाही पूर्व विधायक के.के. ध्रुव ने भी प्रदर्शन में भाग लिया और भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस कार्यकर्ता जवान, किसान और संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा कि जिले में रेत खदानों की स्वीकृति नहीं है, बिजली की अघोषित कटौती हो रही है, और कई आत्मानंद स्कूल बंद कर दिए गए हैं, जो शिक्षा के अधिकार का हनन है। कांग्रेस सरकार के समय 750 आत्मानंद स्कूल खोले गए थे, लेकिन आज भाजपा शासन में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। स्वास्थ्य और बिजली-पानी की स्थिति भी दयनीय हो चुकी है। यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो आगे चक्का जाम और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

वही पुलिस एवं प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए थे अपनी मांगों का राज्यपाल के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऋचा चंद्राकर को सौंपा है..

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और सरकार ने जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### राशनकार्डधारी 31 जुलाई तक ले सकते हैं जून से अगस्त तक का एकमुश्त चावल

**मुंगेली,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत जिले के राशन कार्डधारकों को पात्रतानुसार जून से अगस्त माह का एकमुश्त चावल 31 जुलाई तक वितरित किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले के सभी प्रचलित राशन कार्डधारियों को पात्रतानुसार तीन माह का चावल समयसीमा के भीतर वितरित किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए हैं कि उचित मूल्य की सभी दुकानों में तीन माह के चावल वितरण की सूचना अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए और ऐसे हितग्राहियों को भी सूचित किया जाए जो अब तक चावल प्राप्त नहीं कर सके हैं, ताकि वे 31 जुलाई तक अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकें। जिला खाद्य अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में कुल 2,51,747 राशन कार्ड आबंटित हैं, जिनमें से अब तक 2,38,661 कार्डधारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है। इस उपलब्धि के आधार पर खाद्यान्न वितरण में मुंगेली जिला प्रदेश में चौथे स्थान पर है।

### वर्षाकाल में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़के चलने लायक नहीं

**तखतपुर** 02 जुलाई (देशबन्धु)। बरसात के दिनों में ग्रामीण क्षेत्र की सड़के चलने के लायक नही रह गई है सड़कों पर इतने गढ्ढे है कि स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्राएं प्रतिदिन कीचड़ से आने जाने में परेशान हो रहे है। तखतपुर से ग्राम कुकुसदा लगभग 20 किलों मीटर सड़क मार्ग है पिछले 10 वर्षो से इस गांव की सड़क पूरी तरह उखड़ गई है इसमें विभिन्न गांव जैसे भथरी, सोल्हा बिल्हा, केशरूवाडीह, तरकीडीह, अमलीकापा, भिलाई, अमोरा, लाटा, मोतिमपुर, कुकुसदा तक लगभग प्रत्येक गांव में मिडिल और प्राथमिक स्कूल है इसके अलावा ग्राम अमोरा और कुकुसदा में हाईस्कूल है प्रतिदिन स्कूल आने जाने वाले बच्चों सहित व्यापारी, महिलाएं अपनी जान को जोखिम में डालकर इस कीचड़ भरे मार्ग से होकर गुजरते है। जनदर्शन में केशरूवाडीह के पिल्लूराम साहू, सरपंच भाग्यलक्ष्मी टण्डन, मनोज, पाटले, रोहित पटेल, शिवम साहू, अश्वनी साहू, चंद्रहास श्रीवास, रमेश रीवास, दूजराम साहू, मनोहर साहू, देवचरण साहू, दारेंद्र श्रीवास, कमल जांगड़े, भथरी सरपंच ललिता बंजारे, संतोष बंजारे, चंद्रप्रकाश प्रजापति, सूर्यप्रकाश, प्रजापति, तरकीडीह सरपंच रेमन साहू, मोना पात्रे, उपसरपंच मनोज घृतलहरे, सुखदेव साहू, रितेश साहू, तुलसी दास, अमलीकापा सरपंच कुसुम मरकाम, भैया लाल पटेल, भिलाई सरपंच रानू पटेल, बाबू लाल पटेल, अमोरा से याकूब मसीह, शकुन पटेल, मोतिमपुर सरपंच शकुन साहू, जनकराम साहू, अखिलेश निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रजककार बोर्ड के अध्यक्ष तखतपुर पहुंचे



**तखतपुर** 02 जुलाई (देशबन्धु)। रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक का प्रथम आगमन पर रेस्ट हाउस खपरी में बैठक आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि समाज के विकास के लिए युवा ही आगे बढ़कर आयेंगे तभी समाज का विकास होगा रजककार बोर्ड से समाज की हित का कार्य करूंगा। इस अवसर पर मोनू रजक, सूरज रजक, शैलेन्द्र निर्मलकर, ओमप्रकाश निर्मलकर, जीत रजक, वल्लभ रजक, दिलहरण रजक, राकेश रजक, सखाराम रजक, कार्यक्रम संचालन विजय रजक द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन प्रमोद रजक ने किया।

### बस में बैठी महिला के गले से सोने का लाकेट चोरी

**तखतपुर** 02 जुलाई (देशबन्धु)। बस में बैठी महिला के गले से सोने का लाकेट अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पुलिस ने प्राथीयां की रिपोर्ट पर धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जरेली निवासी रमेशरीन बाई जायसवाल पति अर्जून लाल जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 29 जून को ग्राम जरेली से सुबह 11 बजे बस में बैठकर अपने भाई के पास मुंगेली जा रही थी तभी बस मण्डी चौक के पास पहुंची थी तो देखी कि गले में पहना हुआ सात नग लाकेट की माला उसके गले में नही थी आस पास बैग में ढुंढा नही मिला अज्ञात चोर द्वारा सोने की माला चोरी करने की शिकायत पर धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# अधिकारी बिजली, रेत व खाद की समस्या दूर करे अन्यथा आंदोलन तेज होगा - अटल श्रीवास्तव

### कोटा विधायक के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय का घेराव

**करगी रोड कोटा** 02 जुलाई (देशबन्धु)। बिजली की ऑख मिचौली, रेत की कालाबाजारी, खाद की अनुपलब्धता की समस्या को दूर करे व राशन वितरण कि तारीखों को आगे बढाना चाहिए उक्त बातें कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने एसडीएम कार्यालय के घेराव के दौरान कहि 7 ब्लॉक कांग्रेस कमेंटी कोटा के आव्हान पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया गया। नाका चौक से रैली के रूप में मुख्य मार्ग होते हुए कॉग्रेसजन एसडीएम कार्यालय पहुंचे नारे बाजी की और एसडीएम नितीन तिवारी, सीएससीईबी के अधिक्षण यंत्री सुरेश जांगड़े को ज्ञापन सौपा और ज्ञापन के साथ समस्याओं को 7 दिन के अंदर दूर करने की बात कही अन्यथा विभाग वाईस बड़ा आंदोलन किया जावेगा। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार से शिक्षा, स्वास्थ्य व लचर कानून व्यवस्था से जनता परेशान है साथ ही बिजली की सप्लाई और रेत की अवैध उत्खन्न को रोकने में पूरी तरह नाकाम है, ठीक किसानी के समय किसानों को खाद विशेषकर डीएपी प्राप्त नहीं हो रही है। बिजली रेत और खाद को लेकर जनता और किसानों के साथ कांग्रेस लगातार जिला ब्लॉक और प्रदेश में आंदोलन कर रही है मगर सरकार का ध्यान ट्रांसफर पोस्टिंग और सरकारी कार्यक्रम आयोजन कर जश्न मनाने में लगा हुआ है। ब्लॉक कांग्रेस कमेंटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने कहा कि शासन, प्रशासन, विधायक, मंत्री किसानो मजदूरो और गरीबो की बात सुनने के बजाये प्रधानमंत्री की मन की बात सुन रहे है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आवास बनाने हेतु रेत की पूर्ती नहीं की जा रही है, रेत का अवैध उत्खनन कर कालाबाजारी हो रही है आवास का निर्माण रेत की कमी के कारण रूका हुआ है। शासन प्रशासन और संबंधित विभाग के मंत्री ज्ञापन में उठाये गये मुद्दो पर ध्यान दे अथवा कांग्रेसजन आंदोलन को बाध्य होंगे।



वही विधायक प्रतिनिधि कुलवंत सिंह ठाकुर ने कहा की आज हम सब बड़ी संख्या में कांग्रेस विधायक के नेतृत्व में किसानों की समस्या को लेकर ज्ञापन दे रहे है, जल्द समस्याओं को दूर कर कार्यवाही नहीं की जायेगी तो कांगेस के कार्यकर्ता विभागवार कार्यालयों का घेराव करेंगे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

**सिर्फ राजनीतिक दलों के...**

गौरतलब है कि बिहार में चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के विशेष संशोधन अभियान की प्रक्रिया चल रही है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को इस प्रक्रिया को लेकर आपत्तियां और शंकाएं हैं, जिसे लेकर वे चुनाव आयोग से मिलकर अपनी चिंता जताना चाहते थे। इस बीच आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बिहार में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' के विषय में बातचीत के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव और पार्टी द्वारा दी गई दोनों अधिकारिक मेलों पर को 30 जून को निमंत्रण भेजा गया था। इन मेल में उन्हें बुधवार शाम पांच बजे का समय दिया गया था। इस बीच आयोग ने कुछ राजनीतिक दलों की ओर से आयोग को 30 जून और दो जुलाई को मेल भेजने वाले उमर होदा को एक मेल करके कहा है, भविष्य में, राजनीतिक दलों और आयोग के बीच किसी भी अनधिकृत संचार को रोकने के लिए, आपको उस राजनीतिक दल के प्रमुख से वैध प्राधिकरण प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है जिसका आप प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं। आयोग ने संबंधित राजनीतिक दलों को 2 जुलाई 2025 को शाम 05:00 बजे का समय दिया था और पार्टियों के प्रमुखों से एक अधिकृत व्यक्ति के साथ उक्त बैठक में उनकी उपस्थिति की पुष्टि मांगी थी। इस मेल में कहा गया है कि अभी तक केवल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव ने ही इस संबंध में पुष्टि की है। आयोग ने इस मेल में होदा को लिखा है कि उनके 30 जून को भेजे गए ईमेल में उल्लिखित अन्य राजनीतिक दलों के प्रमुखों से कोई पुष्टि नहीं मिली है। आयोग ने कहा है कि वह हमेशा राजनीतिक दलों के प्रमुखों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से किसी भी समय आपसी सुविधा के अनुसार मिलने के लिए उपलब्ध है।

**18फीसदी वृद्धि दर...**

दी। बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा की गई कार्रवाइयों से शासन के कर राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी 33 जिलों में जीएसटी कार्यालय स्थापित किए गए हैं, जिससे कर संग्रहण एवं जीएसटी से जुड़ी सेवाओं का कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपादित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश कुमार बंसल, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत तथा आयुक्त वाणिज्यिक कर पुष्पेंद्र मीणा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

**राज्य स्थापना दिवस पर...**

करेगा। राज्य के स्थापना दिवस पर राजधानी रायपुर में इस प्रकार की प्रेरणादायी और गौरवशाली सैन्य प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी राज्य प्रशासन, वायुसेना और रक्षा मंत्रालय के समन्वय से की जाएगी।

# बैगा बसाहट कुबापारा में कलेक्टर ने चौपाल लगाकर बैगा परिवारों की सुनी समस्याएं

### स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर, एचबी जांच के साथ ही वितरीत किया गया दवाई

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 02 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने गौरेला विकासखण्ड के सुदुर वनांचल ग्राम पंचायत आमाडोब के बैगा बसाहट कुबापारा में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ चौपाल लगाकर बैगा परिवारों की समस्याएं सुनी और पीएम जनमन योजना के तहत सभी विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं से संतृप्त होने की जानकारी ली। बता दें कि अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र के प्रभावित लोरमी तहसील के विभिन्न गांवों से विस्थापित 22 बैगा परिवारों को लगभग 15 साल पहले कुबापारा में बसाया गया है। कलेक्टर ने कुबापारा में चौपाल लगाया और सभी परिवारों को एकत्रित कराकर उनसे मूलभूत समस्याओं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, आवास, जाति प्रमाण पत्र आदि समस्याओं और मांगों से संबंधित बात रखने कहा। कलेक्टर ने भरत बैगा सहित सभी 22 परिवारों की मांग पर उनके वन अधिकार पत्र में जिले का नाम मुंगेली लिखा है, को जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही करने के संबंध में वन अधिकार समिति से अनुमोदन कराकर प्रस्ताव अनुविभागीय अधिकारी को भिजवाने जनपद सीईओ गौरेला को निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने पक्का सड़क निर्माण, कुंआ निर्माण, भूमि समतलीकरण, सौर सुजला योजना के तहत विद्युतीकरण, फैंसिंग, नेट कनेक्टिविटी आदि का प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी बैगा परिवारों को 3 से 6 साल के बच्चों को आंगनबाड़ी और 6 साल से उपर के बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजने की समझाईश दी।


## आम सूचना

मेसर्स श्री गणेश इंडस्ट्रीज, प्रोपाईटर- श्री गणेश वर्मा, पिता श्री मेघनाथ वर्मा, निवासी- देव नगर, जामूल, वार्ड नं. 10, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) रायपुर छत्तीसगढ़ को सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र-बरतोरी (तिल्दा) रायपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक 02 रकबा 1125 वर्गमीटर (0.1125 एकड़) भूमि का आबंटन किया जाकर पट्टाभिलेख दिनांक 25/01/2022 को किया गया।

इकाई द्वारा निष्पादित पट्टाविलेख की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण भूमि निरस्तीकरण आदेश क्रमांक जिव्याउके-रा/भू.आ./ 2024/4 दिनांक 03/01/2025 द्वारा भूमि आबंटन आदेश एवं पट्टाभिलेख निरस्त किया गया था। निरस्तीकरण आदेश के विरूद्ध इकाई द्वारा कोई अभ्यवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

**पत्र क्रमांक जिव्याउके-रा./ भू.आ./ 2025/1861-62 दिनांक 21/02/2025** के द्वारा ''छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015'' (यथा-संशोधित) प्रावधानित नियमानुसार उक्त भूखंड पर निर्मित परिसम्पत्तियों को 01 माह के भीतर हटाकर निरस्त भूखण्ड का आधिपत्य कार्यालय को सौंपने हेतु जारी किया गया है, जिसमें नियमानुसार एकपक्षीय आधार पर पंचनामा बनाकर भूखण्ड का आधिपत्य प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी का लेख किया गया था।

**अतः ''छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015''** (यथा-संशोधित) प्रावधानित नियमानुसार पूर्व में जारी भूमि-निरस्तीकरण आदेश को प्रभावशील मानते हुए भूमि का आधिपत्य पंचनामा के माध्यम से प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, यदि पंचनामा कार्यवाही पर किसी व्यक्ति/ कार्यालय/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेखों में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर लिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई दावा स्वीकार योग्य नहीं होगा।

**(ए.एच.यजदानी)**
**मुख्य महाप्रबंधक (भू-आबंटन)**
**सी.एस.आई.डी.सी**

संवाद- 44408/2

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / अति.तह./ वा./ 2025
बिलासपुर, दिनांक 17/06/2025
ग्राम गोदईया

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम गोदईया प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसाहूराम साहू पिता हीरालाल साहू निवासी ग्राम गोदईया के द्वारा मृतक हीरालाल की मृत्यु दिनांक 09/12/1984 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 04/07/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील
**अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 232 / अ-20(1)/ 2025-26

पक्षकार :- संतोष कुमार अग्रवाल पिता रसिक बिहारी अग्रवाल .................. आवेदक

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन ................ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार अग्रवाल पिता रसिक बिहारी अग्रवाल निवासी सदर बाजार करोना चौक बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज शीट नंबर 22 प्लाट नंबर 2 एवं 3/1 रकबा 1320 एवं 228 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके 1. श्रीमती सुशीला तिवारी 2. कु.वंदना तिवारी नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/03/2024 एवं 31/03/2025 के लिये आवेदक अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 21/07/2025 को स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम् से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 231/ अ-20(1)/ 2025

पक्षकार :- हिमांशु मिश्रा पिता विजय कुमार मिश्रा ................................ आवेदक

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन .............. अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिमांशु मिश्रा पिता विजय कुमार मिश्रा निवासी मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज शीट नंबर 29 प्लाट नंबर 24/57 रकबा 885.50 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके रामेश्वरी बाई नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/03/2025 के लिये आवेदक अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 07/07/2025 को स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम् से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र. 291/ निर्माण/ 2025 — दिनांक 27.06.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत पं.रविशंकर नगर जोन अंतर्गत 02 नग नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य (जिला खनिज न्यास मद) (प्रथम निविदा) | 26.00 | 21.07.2025 (T.No. 171121) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NIKUNJ KUMAR KEJARIWAL S/O VIJAY KUMAR KEJARIWAL resident of H.NO. 113 NEW GURUDWARA ROAD MANENDRAGARH DT. MANENDRAGARH CHIRMIRI BHARATPUR (C.G.) have changed my old name NIKUNJ KUMAR KEJARIWAL S/O VIJAY KUMAR KEJARIWAL so in future I should be recognized by my new name that is NIKUNJ KUMAR KEJRIWAL S/O VIJAY KUMAR KEJRIWAL in all Government and other documents.

**NIKUNJ KUMAR KEJRIWAL**
H.NO. 113 NEW GURUDWARA ROAD MANENDRAGARH DT. MANENDRAGARH CHIRMIRI BHARATPUR (C.G.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
### निविदा आमंत्रण सूचना

क्र.11/न.पा.नि./जोन क्रमांक-7/लो.नि.वि./2025-26 — दिनांक 25/06/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु फार्म-B में मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाखों में) | निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्र. 07 मोपका स्थित पशु आश्रय में रखे गये पशुओं हेतु चारा क्रय कार्य। | 04.00 | B | 17/07/2025 |
| 2 | जोन क्र. 07 के विभिन्न वार्डों के विभिन्न स्थानों में WMM प्रदाय कार्य। | 09.98 | B | 17/07/2025 |
| 3 | जोन क्र. 07 में संचालित वाहनों का मरम्मत कार्य। | 04.00 | B | 17/07/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

सम्पत्तिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है

**कार्यपालन अभियंता**
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम बिलासपुर

## CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-III/C&I/W/TN-102/25/1988 — Marwa, dtd. 01-07-2025

### INVITING E-TENDER NO TN-102/2025: -

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for works as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

| S. No | Tender Specification No. | Rfx No. (E -Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid. | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-III/ C&I/W/ T-171/25 | 8100044804 | Work contract for maintenance work of pneumatic power cylinder of various makes for Hot Air Gate, Cold Air Gate, Knife Gate, Feeder Outlet Gate, Mill Discharge Vales of etc. installed at Unit #1 and Unit#2 of ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 30.07.2025 15:30 Hrs | Rs. 590/- (Rs. 500/- + GST @18%) | Rs. 12880/- |
| 02. | 15-06/ S&P/ EE-III/ C&I/W/ T-172/25 | 8100044805 | Work contract for Comprehensive Maintenance of Equipment and Instrument and providing assistance to various Expert Service Engineers during COH of Unit#1 in BTG C&I area of ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 31.07.2025 15:30 Hrs | Rs. 590/- (Rs. 500/- + GST @18%) | Rs. 7840/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

**Superintending Engineer (Contract)**
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

# देश

**उवाच** "किराया नहीं बढ़ना चाहिए, मैं इसका समर्थन करता हूं। हालांकि, सरकार को बेहतर सुविधाएं देने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है। सुरक्षा महत्वपूर्ण है, समय कीमती है और समय की बचत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि हमारी सरकार में काफी समय से रेल किराया नहीं बढ़ा है, लेकिन उनके (मायावती) समय में हर बार किराया बढ़ता था: **संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38° | 29° |
| मुंबई | 3° | 27° |
| कोलकाता | 34° | 27° |
| चेन्नई | 36° | 3° |

# विपक्ष के नेता के रूप में एक साल में शिद्दत से उठाए हैं जनता के मुद्दे : राहुल

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर अपने एक साल के कार्यकाल को यादगार बताते हुए कहा है कि इस दौरान उन्होंने संसद में जनता के मुद्दे शिद्दत के साथ उठाए और लोगों को निडर होकर हक की बात करने के लिए उत्साहित करने के साथ ही संविधान की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई को मजबूती से लड़ा है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा, 'लोकसभा में नेता विपक्ष के रूप में एक वर्ष पूरा करने पर, मैं पूरे साल की यादों, अनुभवों और संविधान की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई को आपके साथ साझा कर रहा हूं। संसदीय भाषणों में, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मेरे विज़न और 2024 लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत के पीछे के कारकों, मणिपुर वासियों से लेकर किसानों तक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से दलित युवाओं तक -देशभर के लोगों के साथ मेरी मुलाकातों का विवरण साझा कर रहा हूं। मोहब्बत और सच्चाई के रास्ते पर आपके साथ हूं।' विपक्ष के नेता के रूप में अपने सालभर के कार्यक्रमों का विवरण देते हुए कहा कि इस अवधि में 115 से ज्यादा जनसंवाद कर संसद में 16 भाषण दिये और 35 से ज्यादा आधिकारिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने 60 से ज्यादा जनसभाएं की और 16 बार प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया



संसद में जनता के मुद्दे शिद्दत के साथ उठाए और लोगों को निडर होकर हक की बात करने के लिए उत्साहित करने के साथ ही संविधान की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई को मजबूती से लड़ा है : **राहुल गांधी**

है। संसद से सड़क तक जनता की आवाज को बुलंद किया है और विशेष रूप से देश की 90 प्रतिशत आवादी को प्रभावित करने वाले मुद्दे उठाए हैं। कांग्रेस पार्टी ने श्री गांधी के किये कार्यों को एक न्यूजलेटर के जरिए प्रेस से साझा करते हुए कहा कि इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था और भागीदारी के लिए उन्होंने एक नया विजन पेश किया है। पार्टी ने कहा कि उन्होंने उत्पादन और टेक्नालॉजी पर देश की अर्थव्यवस्था के विकास के लिए अपने विजन को सामने रखा है और विकास के मॉडल को समृद्धि और भागीदारी पर केंद्रित कर उत्पादन प्रणाली में वंचित समुदाय की भूमिका बढ़ाने पर जोर दिया है। श्री गांधी ने इसके साथ ही आपरेशन सिंदूर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय के मुद्दे उठाने, मणिपुर में शांति स्थापित करने, श्रमिक अधिकारों को महत्व देने, नशे के खिलाफ आवाज बुलंद करने और संसद में किसानों की आवाज उठाने सहित कई मुद्दों को उठाया है।

### खरगे-राहुल ने हिमाचल आपदा पर जताया शोक, केंद्र से मांगी बकाया आपदा राशि

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे तथा राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश तथा भूस्खलन से हो रही तबाही पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री खरगे ने यहां जारी बयान में कहा 'हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन से पिछले कई दिनों से जान-माल के नुक़सान की ख़बर बेहद पीड़ादायक है। सरकार और प्रशासन युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। पीड़ितों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील है कि जनमानस को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएँ।' उन्होंने केंद्र सरकार से हिमाचल की बकाया आपदा की राशि जारी करने की अपील करते हुए कहा कि केंद्र सरकार से हमारी माँग है कि पिछले कुछ वर्षों से हिमाचल प्रदेश की बकाया आपदा राशि को तत्काल प्रभाव से जारी किया जाए।

## केरल सरकार ने कर्मचारियों के भत्ते हड़पे: कांग्रेस

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता के मुरलीधरन ने आरोप लगाया है कि केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले एक लाख करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ हड़प लिए हैं। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व (केपीसीसी) अध्यक्ष ने कहा, ऐसा कभी नहीं हुआ जब सरकारी कर्मचारियों को इस तरह से वेतन देने से मना किया गया हो। यहां तक कि पिछले वेतन संशोधन का बकाया भी नहीं दिया गया है। बारहवें वेतन आयोग की प्रभावी तिथि एक जुलाई, 2024 के बाद से एक पूरा साल बीत जाने के बावजूद सरकार ने अभी तक इसके लिए आयोग का गठन नहीं किया है।' उन्होंने वेतन संशोधन बकाया और लंबित महंगाई भत्ते को तत्काल जारी करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार पर कर्मचारियों को छह किस्तों में 18 फीसदी महंगाई भत्ते का बकाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की वित्तीय अनुशासनहीनता के खिलाफ विरोध के तौर पर केरल के गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) एसोसिएशन ने राज्यव्यापी 'विश्वासघात दिवस' मनाने के तहत सचिवालय तक जुलूस निकाला।

राजनाथ ने विपक्ष को निशाने पर लिया व एनडीए की तारीफ के कसीदे भी गढ़े, कहा

# भाजपा ने जो कहा, वह करके दिया : राजनाथ सिंह

**पटना,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने न केवल विपक्ष को निशाने पर लिया बल्कि भाजपा और एनडीए को लेकर तारीफ के कसीदे भी गढ़े। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि राजद और कांग्रेस के लिए सत्ता जनसेवा नहीं बल्कि परिवारवाद है जबकि भाजपा ने जो कहा, वह कर के दिखाया है।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उन्होंने इस साल होने वाले चुनाव में फिर से एनडीए की दो तिहाई बहुमत से सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि एनडीए की सरकार में बिहार में बड़े बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि बिहार विकसित राज्य बनेगा। चाहे मुख्यमंत्री हों, उपमुख्यमंत्री हों या मंत्री, किसी पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष नफरत की राजनीति करता है, जबकि भाजपा सेवा और विकास की राजनीति करती है। हर कार्यकर्ता का फर्ज है कि वह हर घर तक



कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का एक ही उद्देश्य है, सत्ता में बने रहना। जबकि भाजपा का उद्देश्य भारत के हर नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है, ऐसी नीतियां बनाना है जिसमें समाज के हर वर्ग का विकास हो : **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

पहुंचे और मोदी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दे। हमें लोगों को यकीन दिलाना है कि अगर कोई बिहार का खोया गौरव लौटा सकता है, तो वह भाजपा और एनडीए है। केवल हमें चुनाव के लिए नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए काम करना है जो एक समय बिहार से पलायन कर गए थे, जिनके भाइयों का अपहरण कर लिया गया था। भाजपा का मकसद सिर्फ सरकार चलाना नहीं, बल्कि समाज को जोड़ना और हर व्यक्ति की गरिमा को बनाए रखना है।

राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का एक ही उद्देश्य है, सत्ता में बने रहना। जबकि भाजपा का उद्देश्य भारत के हर नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है, ऐसी नीतियां बनाना है जिसमें समाज के हर वर्ग का विकास हो। सभी को आत्मसम्मान के साथ जीने का अधिकार मिले, यह भी हमारी सरकार ने किया है।

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजद के अध्यक्ष लालू यादव के जननायक कर्पूरी ठाकुर और भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के अपमान करने की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने मुख्यमंत्री रहते समय कर्पूरी जी की विरासत और मूल्यों दोनों को हाशिए पर डाल दिया। यहां तक कि न कोई स्मृति स्थल, न कोई ठोस योजना उनके नाम पर, न कोई विचारधारा का प्रचार।

## सार संक्षेप

### बिरला शहरी स्थानीय निकाय अध्यक्षों के सम्मेलन का आज करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का गुरुवार को उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के मद्देनजर शहरी स्थानीय निकायों की अहम भूमिका को देखते हुए लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ कर महत्वपूर्ण परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए मौजूदा शहरी शासन को बेहतर बनाने के नए तौर-तरीकों पर विचार करना है। लोकसभा सचिवालय के अनुसार कल मानेसर, गुरुग्राम के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी में आयोजित इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह, हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मेलन के मौजूद रहेंगे।

### टीएमसी नेताओं का दिमाग ठीक से नहीं करता काम : दिलीप घोष

**खड़गपुर।** टीएमसी विधायक मदन मित्रा द्वारा कोलकाता के लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले में टिप्पणी को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा नेता दिलीप घोष ने टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ऐसे नेता सिर्फ टीएमसी में ही पाए जाते हैं। भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, 'वे हमेशा तभी जागते हैं जब चीजें गलत हो जाती हैं। हर कोई जानता है कि कभी वे ठीक होते हैं, कभी नहीं, और शाम के बाद उनका दिमाग ठीक से काम नहीं करता। इसलिए ऐसे नेता आजकल केवल टीएमसी में ही पाए जाते हैं। बस उनके बयानों और कार्यों को देखें।' उन्होंने आगे कहा, 'अनुब्रत मंडल जैसे नेता को ही देख लें। इतनी बड़ी घटना हुई, उन्होंने एक पुलिस अधिकारी का अपमान किया, फिर भी अधिकारी को सजा दी जा रही है। उनके साथ कुछ नहीं हो रहा है क्योंकि टीएमसी ऐसे क्रूर, असामाजिक तत्वों द्वारा चलाई जाती है। अगर उन्हें हटा दिया गया, तो पार्टी टूट जाएगी।'

### सुकांत मजूमदार ने काफिले पर हमले को लेकर सौंपा विशेषाधिकार हनन नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री और बालुरघाट से सांसद डॉ. सुकांत मजूमदार ने 19 जून को पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर में अपने काफिले पर हुए हमले के मामले में लोकसभा सचिवालय को विशेषाधिकार हनन का नोटिस सौंपा। उन्होंने इसे सांसद की गरिमा और सुरक्षा पर हमला बताया। लोकसभा सचिवालय ने गृह मंत्रालय से 15 दिनों के भीतर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने नोटिस में बताया कि 19 जून को वे डायमंड हार्बर में राजनीतिक हिंसा के पीड़ितों से मिलने और कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने गए थे।

हिरासत में मौत

# स्टालिन ने भाई को सौंपा नियुक्ति पत्र

**चेन्नई,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शिवगंगा जिले के थिरुपुवनम में एक मंदिर सुरक्षा गार्ड की हिरासत में मौत की जांच राज्य पुलिस से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के आदेश के बाद मृतक की मां और भाई को दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया देते हुए भाई को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र तथा एक निःशुल्क घर का पट्टा (भूमि विलेख) सौंपा है। श्री स्टालिन ने कल देर शाम मृतक अजीत कुमार (29) की मां मालती से बात की और इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने तीन बार 'सॉरी' कहा और पीड़ित के परिवार से हिम्मत न हारने को कहा। उन्होंने सहकारिता मंत्री के.आर. पेरियाकरुप्पन के मोबाइल फोन से मालती बात की और कहा, 'वनक्कम अम्मा बहुत खेद है... बहुत खेद है, बहुत खेद है। मैंने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है और आपके लिए जो भी आवश्यक है, वह किया जाएगा। मंत्री इसका ध्यान रखेंगे। आश्वस्त रहें... आश्वस्त रहें। जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था।'

**थिरुपुवनम में एक मंदिर सुरक्षा गार्ड की हिरासत में हो गई थी मौत**

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बातचीत का वीडियो भी शेयर किया। बातचीत के दौरान जब फोन अजीत के भाई नवीन कुमार को सौंपा गया, तो मुख्यमंत्री ने दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, 'वणक्कम थम्बी (भाई)। जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। निश्चिंत रहें मैंने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# भारतीय सेना प्रमुख की भूटान यात्रा, दोनों देशों की मित्रता को मिली नई ऊंचाइयां

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी भूटान की आधिकारिक यात्रा पर हैं। बुधवार को वह भूटान के जम्तशोलिंग स्थित ग्यालसुंग अकादमी पहुंचे। इस अवसर पर उन्हें भूटान के सैन्य अधिकारियों ने पंचम राजा की दूरदर्शी राष्ट्र निर्माण एवं युवा सशक्तीकरण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जनरल द्विवेदी ने भारत और भूटान के बीच की गहरी और ऐतिहासिक मित्रता को दोहराते हुए आश्वस्त किया कि भारतीय सेना, भूटान की इस परिवर्तनकारी पहल में हर संभव सहयोग करती रहेगी। जनरल द्विवेदी ने अकादमी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान भूटान के युवाओं के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने अकादमी की आधुनिक अधोसंरचना एवं भावी



**ऐतिहासिक मित्रता को दोहराते हुए आश्वस्त किया कि भारतीय सेना, भूटान की इस परिवर्तनकारी पहल में हर संभव सहयोग करती रहेगी: जनरल द्विवेदी**

योजनाओं की भी प्रशंसा की, जो कि महामहिम राजा के भव्य दृष्टिकोण को साकार करेंगी।


इससे पूर्व, भूटान के महामहिम राजा और महामहिम रानी ने ताशीछो जोग में जनरल उपेंद्र द्विवेदी को आमंत्रित किया। यहां राजा का कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और कई मंत्रालय है। भारतीय सेनाध्यक्ष का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। अपने चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के दौरान, सेना प्रमुख ने ताशीछो जोग स्थित नेशनल मेमोरियल चोर्टेन में भूटान के तीसरे राजा महामहिम जिग्मे दोरजी वांगचुक को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां एक प्रभावशाली गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण भी किया। भारतीय सेनाध्यक्ष ने यहां रॉयल भूटान सेना के मुख्य परिचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग से भी मुलाकात की है। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए थे। सेनाध्यक्ष का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच लंबे समय से चले आ रहे गहरे व विश्वासपूर्ण रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## दुकानदारों की पैंट उतरवाने वालों और पहलगाम के आतंकियों में अंतर बताएं : एसटी हसन

**मुरादाबाद,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। कांवड़ यात्रा से पहले मुजफ्फरनगर में दुकानदार की पैंट उतारकर पहचान करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व सांसद एसटी हसन ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पूछा कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक करें? समाजवादी पार्टी के नेता एसटी हसन ने कहा, 'कांवड़ रूट को लेकर सरकार का आदेश है कि नेम प्लेट लगाई जाए। मैं सरकार के इस निर्णय से सहमत भी हूं। इस्लाम कभी ये नहीं सिखाता है कि आप अपनी पहचान छिपाकर कारोबार करें। हालांकि, ऐसे फैसलों को लागू करने का काम प्रशासन का होता है, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं? क्या पहलगाम में आतंकियों ने पैंट नहीं उतरवाई थी? ऐसा करने वाले और पहलगाम के आतंकियों में क्या अंतर रह गया? मैंने जो बात कही है, उसमें क्या गलत है? क्या ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

# सदियों पुरानी तिब्बती बौद्ध संस्था उनकी मृत्यु के बाद भी जीवित रहेगी: दलाई लामा

**धर्मशाला,** 2 जुलाई 2025 (एजेंसियां)। तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी मृत्यु के बाद भी दलाई लामा की संस्था चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि गदेन फोडरंग ट्रस्ट को ही उनके पुनर्जन्म को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार होगा। गदेन फोडरंग ट्रस्ट की स्थापना तिब्बती संस्कृति को संरक्षित करने और तिब्बती लोगों के साथ-साथ अन्य जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए की गई थी, चाहे उनकी राष्ट्रीयता, धर्म या पृष्ठभूमि कुछ भी हो। धर्मशाला के पास मैकलियोडगंज में तीन दिवसीय बौद्ध धार्मिक सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान दलाई लामा ने यह महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा, '24 सितंबर 2011 को तिब्बती आध्यात्मिक परंपराओं के प्रमुखों की बैठक में मैंने तिब्बत के अंदर और बाहर रहने वाले तिब्बतियों, तिब्बती बौद्ध धर्म के अनुयायियों और



तिब्बत से जुड़े लोगों के सामने यह स्पष्ट किया था कि दलाई लामा की संस्था को जारी रखने का फैसला लिया गया है।' तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने कहा कि उनकी मृत्यु के बाद भी दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके पुनर्जन्म को मान्यता देने का अधिकार केवल गदेन फोडरंग ट्रस्ट को होगा।

6 जुलाई को 90 वर्ष के होने जा रहे नोबेल शांति पुरस्कार विजेता दलाई लामा ने धर्मशाला के मैकलियोडगंज में एक बौद्ध सम्मेलन के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने बताया कि 1969 में उन्होंने कहा था कि दलाई लामा के पुनर्जन्म को जारी रखने का फैसला तिब्बती लोगों और संबंधित समुदायों को करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 90 वर्ष की आयु के आसपास वे तिब्बती बौद्ध परंपराओं के प्रमुख लामाओं, तिब्बती जनता और बौद्ध धर्म के अनुयायियों से इस पर चर्चा करेंगे। हालांकि, पिछले 14 वर्षों में तिब्बती आध्यात्मिक नेताओं, निर्वासित तिब्बती संसद, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन, गैर-सरकारी संगठनों, हिमालयी क्षेत्र, मंगोलिया, रूस के बौद्ध गणराज्यों और चीन के बौद्धों ने उन्हें पत्र लिखकर दलाई लामा की संस्था को जारी रखने की मांग की।

खासकर तिब्बत में रहने वाले

नेशनल हेराल्ड मामला

## सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा दावा किया है। बुधवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने बताया कि कांग्रेस नेशनल हेराल्ड की करीब 2,000 करोड़ रुपए की संपत्ति हड़पना चाहती थी। ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट में कहा, 'नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कंट्रोल करने के लिए यंग इंडियन लिमिटेड बनाने की साजिश रची गई थी, जिसमें कांग्रेस संसदीय पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी प्रमुख हिस्सेदार हैं। इसका लक्ष्य पार्टी नेतृत्व को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाना था।' एएसजी राजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कई सीनियर नेता एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को किए गए 'फर्जी लेनदेन' में शामिल थे।

**ईडी का दावा-2000 करोड़ की संपत्ति हथियाने की हुई थी साजिश**

## महागठबंधन की सरकार बनी तो दिव्यांगों के लिए मंत्रालय और आयोग का गठन किया जाएगा: तेजस्वी

**पटना,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि बिहार में जब महागठबंधन की सरकार बनेगी तो दिव्यांगों के लिए मंत्रालय और आयोग का गठन किया जाएगा। पंचायती राज एवं स्थानीय निकाय चुनाव में दिव्यांगों के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी तथा राज्य सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा। साथ ही दिव्यांग अधिकार अधिनियम को मजबूती से लागू किया जाएगा। पटना के बापू सभागार में एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसैबिलिटीज के तत्वावधान में आयोजित राज्यव्यापी दिव्यांग अधिकार सम्मेलन में पहुंचे तेजस्वी यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए घोषणाओं की झड़ी लगा दी।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के बैकलॉग को सरकार बनने के 100 दिनों में पूरा किया जाएगा। हर पंचायत में दिव्यांग मित्रों की नियुक्ति की जाएगी तथा आवास योजना में पांच प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत दिव्यांग, विधवा एवं वृद्धजनों के लिए 1,500 रुपए हर माह दिए जाएंगे और हर साल 200 रुपए की वृद्धि की जाएगी। दिव्यांगों के लिए हर जिले में विशेष विद्यालय की स्थापना की जाएगी।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि 20 साल पुरानी खटारा सरकार को बदलने के लिए आप सभी संकल्प लें। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 20 वर्षों में जिस सरकार ने दिव्यांगजनों के हितों के लिए कोई कार्य नहीं किया हो, उससे उम्मीद करना भी बेकार है।



■ दिव्यांगों के बैकलॉग को सरकार बनने के 100 दिनों में पूरा किया जाएगा

**बदलाव** रेलवे की तत्काल टिकट की बुकिंग हुई आसान, एजेंटों पर कसी नकेल

# तत्काल टिकट की बुकिंग के लिए आधार नंबर का सत्यापन अनिवार्य

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। रेलवे की तत्काल टिकट की बुकिंग के लिए बुधवार से आधार नंबर का सत्यापन अनिवार्य हो गया है। गौरतलब है कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से यात्रियों को तत्काल टिकट सुलभ कराने के लिए भारतीय रेलवे ने इसकी बुकिंग प्रणाली में संसोधन

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर तत्काल टिकट सिर्फ आधार सत्यापित उपभोक्ताओं के लिए ही उपलब्ध होगा। साथ ही, कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से तत्काल टिकट बुक करने के लिए 15 जुलाई से उपयोगकर्ता के मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन की आवश्यकता होगी।

रेल मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार तत्काल टिकटों की थोक बुकिंग को रोकने के लिए रेलवे ने अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी है। यह प्रतिबंध एसी श्रेणी के लिए सुबह 10 बजे से 10.30 बजे तक और गैर-एसी श्रेणी के लिए सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक लागू रहेगा।



निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से यात्रियों को तत्काल टिकट सुलभ कराने के लिए भारतीय रेलवे ने बुकिंग प्रणाली में संसोधन कर रही है रेलवे

### वडोदरा मंडल डिजिटल भुगतान अपनाने में अग्रणी

पश्चिम रेलवे में गुजरात का वडोदरा मंडल पीआरएस काउंटरों पर डिजिटल भुगतान को अपनाने में अग्रणी है। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 29 जून को पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों में पीआरएस काउंटरों पर डिजिटल भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गयी। इस समीक्षा में वडोदरा मंडल ने 40 प्रतिशत डिजिटल भुगतान के साथ सभी मंडलों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। यह प्रदर्शन यात्रियों की बढ़ती डिजिटल जागरूकता के साथ-साथ मंडल द्वारा किये गये संगठित एवं सतत प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

### पूर्वी तटीय रेलवे राजधानी और राज्यरानी एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त एसी कोच लगाएगा

पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर राजधानी और राज्यरानी एक्सप्रेस ट्रेनों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त एसी-3 टियर कोच की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

देशबन्धु

बिलासपुर, गुरूवार 3 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# लंबी विदेश यात्रा पर मोदी

एक महीने से भी कम समय में प्रधानमंत्री मोदी फिर से विदेश यात्रा पर निकल गए हैं। इस बार घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया इन पांच देशों की यात्रा श्री मोदी कर रहे हैं, जो 8 दिनों की होगी। हमेशा की तरह इस बार भी सरकारी बयान में बताया गया है कि विदेश यात्रा का मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत करना है। भारतीय प्रधानमंत्री इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों से मुलाकात करेंगे और आपसी सहयोग और विकास पर चर्चा करेंगे। इसमें कुछ नया नहीं है, हमेशा यही तो होता है कि दूसरे राष्ट्राध्यक्षों से श्री मोदी की हाथ मिलाते, गले मिलते, सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हंसते-मुस्कुराते चर्चा करते और विभिन्न करारों पर हस्ताक्षर करते तस्वीरें आती हैं। देश को बताया जाता है कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत को विकसित करने के लिए सारे देश मदद कर रहे हैं। लेकिन इन तस्वीरों की हकीकत तब समझ आती है, जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी बड़े से भारतीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों में अपना पक्ष रखने के लिए भेजना पड़ता है।

विदेश नीति की परीक्षा पहलगाम हमले या ऑपरेशन सिंदूर जैसी असामान्य स्थितियों में ही होती है, और इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना ही चाहिए कि इस परीक्षा में मोदी सरकार बुरी तरह विफल रही।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम को लेकर हो रहे बेहूदे दावे थम ही नहीं रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने खुद इन दावों को खारिज नहीं किया है तो अब तक भारत सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी सफाई देनी पड़ रही है। अभी विदेश मंत्री एस जयशंकर से अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के लिए हो रहे एक साक्षात्कार में फिर यह सवाल पूछा गया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार कहा है कि 'संघर्ष को रोकने के लिए व्यापार को एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया गया। क्या इससे व्यापार समझौते की बातचीत पर कोई असर पड़ा है?' इस सवाल से साफ समझ आता है कि ट्रंप के दावे को अब दुनिया भी मान रही है। अगर श्री मोदी ने पहले ही बार में इस पर आपत्ति जताई होती तो शायद इस तरह के सवाल नहीं उठते। लेकिन अब सवाल उठ रहे हैं और विदेश मंत्री सफाई दे रहे हैं कि 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया था तो वह भी उसी कमरे में मौजूद थे। जयशंकर ने कहा कि तब प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत पाकिस्तान की धमकियों से डरेगा नहीं बल्कि इसका जवाब देगा।

सोचने वाली बात यह है कि जो बयान भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री पहले दे चुके हैं, जिसे अभी विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी कह रहे हैं, उस बात को अब तक प्रधानमंत्री मोदी अपने मुंह से क्यों नहीं बोलते। आखिर किसने उनके मुंह पर चुप की उंगली रखी है। क्या लंबी-लंबी विदेश यात्राओं से ये उंगली हटेगी या मुंह पर ताले और बढ़ेंगे। अभी कनाडा में जी-7 की बैठक में श्री मोदी शामिल हुए थे, और पखवाड़े बाद ही अब ब्रिक्स सम्मेलन के लिए वे रवाना हुए हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंचों का इस्तेमाल सभी देश अपनी स्थिति बेहतर बनाने के लिए करते हैं, हालांकि इनमें असली जोर व्यापार का होता है, क्योंकि इस समय पूरी वैश्विक राजनीति कारोबारी हितों के इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे में श्री मोदी की मौजूदा यात्रा में भी व्यापार को बढ़ाने के संकेत अलग-अलग तरीकों से दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी सबसे पहले घाना जाएंगे और यात्रा के अंतिम चरण में स्वदेश वापसी के समय नामीबिया जाएंगे। ये सारे देश अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी हैं और कहा जा रहा है कि इससे ग्लोबल साउथ के भारतीय एजेंडे को नई धार मिल सके। बता दें कि ग्लोबल साउथ शब्द पहली बार 1969 में राजनीतिक कार्यकर्ता कार्ल ओग्लेसबी ने इस्तेमाल किया था। इसमें अमूमन वही सारे देश हैं, जिन्हें तीसरी दुनिया के देश कहा जाता है। दुनिया के उत्तरी हिस्से में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूरोप के देशों से अलग दक्षिण हिस्से में आने वाले अफ्रीकी, द.अमेरिकी और कई एशियाई देशों को ग्लोबल साउथ के तहत रखा जाता है। इनकी चिंताएं और सरोकार लगभग एक जैसे हैं। हालांकि इनमें चीन का दबदबा है और वहीं आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे देशों का रुख भी कई बार ग्लोबल नार्थ की तरफ ही दिखाई देता है। ऐसे में ग्लोबल साउथ के बैनर तले जो नयी वैश्विक व्यवस्था बनाने की कोशिश चल रही है, वह कितनी कारगर होगी, कहा नहीं जा सकता। वैसे अभी श्री मोदी जिन देशों में जा रहे हैं, या ग्लोबल साउथ में जो देश आते हैं, उनसे भारत के संबंध पहले ही अच्छे रहे हैं। इन सभी देशों में प.नेहरू की बनाई विदेश नीति के कारण ही भारत की साख मजबूत बनी हुई है। अगर इसी विदेश नीति पर मोदी सरकार चलती रहती तो फिर इतनी विदेश यात्राओं के बाद भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर समर्थन जुटाने के लिए भारत को जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती।

वैसे ब्रिक्स सम्मेलन के अलावा श्री मोदी की मौजूदा यात्रा का बड़ा मकसद व्यापार को बढ़ाना ही दिख रहा है। घाना पश्चिमी अफ्रीका की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। घाना से भारत में होने वाले आयात में 70 प्रतिशत से ज्यादा सोना होता है। घाना के लिए भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश है। घाना से श्री मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो जाएंगे, इस कैरेबियाई क्षेत्र में भारतीय मूल के 40-45प्रतिशत लोग रहते हैं। भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच आर्थिक संबंध बहुत ही ज्यादा मजबूत हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 341.61 मिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। यहां से श्री मोदी अर्जेंटीना जाएंगे, और ट्रंप के चहेते राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश पर इस दौरान खास जोर रहेगा। इसके बाद ब्राजील में ब्रिक्स सम्मेलन के बाद अपनी राजकीय यात्रा के लिए प्रधानमंत्री ब्रासीलिया जाएंगे। जहां राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य जैसे आपसी हित के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर चर्चा होगी। ब्राजील, दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। सबसे आखिरी में श्री मोदी नामीबिया जाएंगे, जहां वे संसद को भी संबोधित करेंगे। हाल के वर्षों में भारत और नामीबिया के बीच व्यापार बढ़ा है। 2000 में यह 3 मिलियन डॉलर से भी कम था जो अब लगभग 600 मिलियन डॉलर हो गया है। भारत में चीते नामिबिया से ही लाए गए थे।

# योगी बंदर की लीला और जनजागरुकता

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

सोशल मीडिया पर रील्स, मीम्स बनाने का पागलपन, इस मंच को झूठी, नफरती खबरें फैलाने का जरिया बनाना, हर वर्ग के लोगों का अधिकाधिक वक्त सोशल मीडिया पर बीतना, इन सब बातों पर पिछले कुछ वक्त में काफी चिंता बढ़ी है। समाजशास्त्रियों के लिए यह अध्ययन का नया विषय ही बन गया है कि संचार क्रांति का यह कैसा दौर आया है, जिसमें एक के बाद एक नयी लहर उठती है। मियादी बुखार की तरह कभी भी कोई भी चीज वायरल हो जाती है। नैतिक-अनैतिक के बीच का हर अंतर सोशल मीडिया पर मिटाया जा चुका है। न किसी का लिहाज, न कोई पाबंदी, बस जिसे जो कहना है, लिखना है, दिखाना है, सुनाना है, वह अपने मन की करे। असल मायनों में मन की बात सोशल मीडिया पर चलती है। इसमें कभी कुछ ऐसा हो जाए, जिस पर बड़ा विवाद हो, तब कुछ पोस्ट्स को प्रतिबंधित किया जाता है, लेकिन तब तक उसका स्क्रीन शॉट सुरक्षित रख लिया जाता है या सामग्री ही किसी और तरीके से स्टोर कर ली जाती है। आसान शब्दों में, एक बार जो चीज सोशल मीडिया पर आ गई, उसे नष्ट करना मुश्किल होता है।

ऐसे सोशल मीडिया के दौर में 'बंदर लीला योगी' के वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। जैसा कि इसके नाम से ही जाहिर है, इसमें एक बंदर साधु या योगी की वेशभूषा में बैठा हुआ नजर आता है और उसकी लीला यह है कि यह योगी बंदर ज्वलंत सामाजिक-राजनीतिक विषयों पर धीर-गंभीर बातें करता है। देश में शिक्षा की बदहाली से लेकर टीआरपी के लिए मीडिया की उछलकूद सब पर इस योगी बंदर का ध्यान है और वह अपने भक्तों को इस पर प्रवचन देता है कि उसकी निगाह में यह सही है या गलत।

एक वीडियो में कथावाचक बना बंदर कहता है, 'जिस देश में सरकारी स्कूलों की छतें टपकती हों और मंदिर सोने से जड़े हों, वो देश कभी विकसित नहीं हो सकता। अगर मंदिरों का पैसा स्कूलों में लगाया जाए तो भारत विकसित हो सकता है, लेकिन ऐसा इसलिए नहीं होगा क्योंकि कुछ लोगों को डर है कि अगर बच्चे पढ़ गए, तो सवाल पूछेंगे। वहीं एक प्रवचन में योगी बंदर ने कहा कि 'अगर मंदिर में चढ़ाया गया पैसा भगवान का है, तो फिर वो जनता में क्यों नहीं बांटा जाता?'

पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के वक्त मीडिया के बड़े हिस्से ने जिस किस्म की रिपोर्टिंग की, उसकी धज्जियां भी योगी बंदर ने उड़ाई हैं। इसमें उसने कहा है कि अगर सर्कस देखना हो तो बाहर मत जाना, मोबाइल पर टीवी चैनल खोल देना। टीआरपी के लिए इतने मरे जा रहे कि हमारे सैनिक बार्डर पर खड़े हैं और ये कह रहे हैं इस्लामाबाद पर कब्जा। ये वही लोग हैं, जिन्होंने मुंबई हमलों के दौरान एनएसजी की लोकेशन ब्रॉडकास्ट कर दी और कहीं न कहीं उससे आतंकवादियों को मदद मिली। वो कहते हैं कि भारत अब विकसित होने ही वाला है। अरे लोगों के पास स्कूल-कॉलेज की फीस भरने के पैसे नहीं हैं, और तुम हवा में भारत को विकसित बना रहे हो।

एक अन्य वीडियो में योगी बंदर ने बताया है कि अगर श्री राम भारत के प्रधानमंत्री होते तो कैसा भारत होता। जिसमें आस्ट्रेलिया की तरह प्रदूषण मुक्त हवा होती। पुलिसवाले भाग-भागकर एफआईआर लिखते, भले सामने नेता का बेटा ही क्यों न हो। भारत का ट्रेड और एग्रीकल्चर फल फूल रहा होता। सबको समान न्याय मिलता, छुआछूत को मिटा दिया जाता, जाति को काम के आधार पर किया जाता, न कि जन्म के आधार पर। सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई होती। मंदिरों में भगवान का नाम लेकर साइंस और टेक्नॉलॉजी का ज्ञान साझा किया जाता। किसान खुदकुशी नहीं करते। वोटरों को बांटने के लिए नफरती भाषण नहीं दिए जाते। आरटीआई एक्टिविस्टों की हत्या नहीं होती। गंगा नदी एकदम साफ होती। आम आदमी के कोर्ट केस 20-20 साल नहीं चलते। मूवी का हीरो एक साथ सौ लोगों की हत्या करे तो उसे ग्लोरिफाई नहीं किया जाता और ऐसी फिल्मों की भारत में कोई जगह नहीं होती। अगर किसी कारण से जंगल काट भी दिए जाते तो ट्राइबल लोगों को गवर्मेंट आईडी दी जाती और उनकी शिक्षा का ख्याल रखा जाता।

एक और वीडियो में योगी बंदर ने कहा कि अगर आज हनुमान जी होते तो कहते कि मुझे तुम्हें अपना वंशज कहने में शर्म आती है। एक कंपनी का सीईओ भी बिल्ली के रास्ता काटने पर रुक जाता है। अरे तुम सीईओ हो कि चूहे हो। हमने तो रावण को घर में घुसकर मारा था, तुम एक बिल्ली से डर गए। तुम विश्वगुरु कैसे बनोगे, तुम डेढ़ सौ करोड़ हो, लेकिन डरे हुए हो। वो बताते कि हमने राम सेतु मंत्र फूंककर नहीं बनाया था, नल और नील नाम के दो इंजीनियरों से बनवाया था। वो तुम्हें जागृत करते कि जहां समाज डरा हुआ हो, वहां साइंटिस्ट कम और गुलाम ज्यादा पैदा होते।

भारत का अपना एआई क्यों नहीं बन पाया, इस बारे में भी योगी बंदर ने बताया है कि हमारे पास डेटा ही नहीं है, सारा डेटा यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक के पास है। अमेरिका ने चैटजीपीटी,

> **भारत का अपना एआई क्यों नहीं बन पाया, इस बारे में भी योगी बंदर ने बताया है कि हमारे पास डेटा ही नहीं है, सारा डेटा यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक के पास है। अमेरिका ने चैटजीपीटी, चीन ने डीप सीक बना लिया। हमारे इंजीनियरों ने जब कू ऐप बनाया था तो उसके जरिए डेटा इकट्ठा हो सकता था, लेकिन उन्हें सपोर्ट नहीं मिला और चार साल में ही कू ऐप बंद हो गया।**

चीन ने डीप सीक बना लिया। हमारे इंजीनियरों ने जब कू ऐप बनाया था तो उसके जरिए डेटा इकट्ठा हो सकता था, लेकिन उन्हें सपोर्ट नहीं मिला और चार साल में ही कू ऐप बंद हो गया।

श्रीराम के शासन का भारत, हनुमानजी की सीख से लेकर मीडिया की नैतिकता, अंधविश्वास, विज्ञान और टेक्नॉलॉजी सभी विषयों पर यह एआई जनरेटेड योगी बंदर प्रवचन देता है। इसमें जो बातें कहीं गई हैं, उन्हें अक्सर लोग आपसी चर्चाओं में करते हैं, लेकिन अब माहौल ऐसा हो चुका है कि इन्हें खुलकर कहने की हिम्मत नहीं दिखाई जा रही। जो ऐसी हिम्मत दिखाते हैं, उन्हें किसी न किसी तरह की प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है।

इस एआई जनरेटेड बंदर को जिसने भी बनाया है, उसने ज्वलंत मुद्दों को रोचक तरीके से जनता तक पहुंचाने का काम किया है। धर्मभीरू भारतीय समाज को उसकी भलाई के लिए सलाह देने का यह तरीका कारगर है कि उसमें धर्म का आवरण डाल दिया जाए। यही बंदर अगर शिक्षक, वैज्ञानिक, अंतरिक्ष यात्री, किसान, मजदूर या नेता की तरह दिखाई देता, तब भी उसकी बातें रोचक और जागरुक करने वाली तो होतीं, लेकिन उनका वह असर नहीं दिखाई पड़ता, जो अब दिख रहा है। बंदर बैठकर प्रवचन दे रहा है, यह बात तो रोचक है ही, दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह बंदर रूढ़िवादिता को खारिज कर आधुनिक युग के हिसाब से चलने की सलाह भक्तों को दे रहा है। वर्ना इस समय समाज की बुद्धि ऐसे प्रवचनकारियों ने भ्रष्ट की हुई है, जो हथेली को मोबाइल बनाकर हनुमानजी से सीधे बात करने का ढोंग करते हैं और भक्तों को मूर्ख बनाते हैं। लोगों में इतनी चेतना भी दिखाई नहीं देती कि वे पूछ सकें कि अगर हनुमान जी से सीधे बात हो ही जाती है, तब हथेली को मोबाइल बनाने की भी क्या जरूरत, इस सीधे कनेक्शन के लिए तो किसी भी चीज की दरकार नहीं होनी चाहिए। लेकिन लोगों को मूर्ख बनाकर ही ऐसे ढोंगी खुद ऐशो आराम का सारा सामान जुटा लेते हैं। दुनिया की सैर करते हैं, महंगे कपड़े, जूते, चश्मे पहन कर रौब झाड़ते हैं कि सवाल मत पूछना वर्ना और महंगा पहन कर चिढ़ाऊंगा।

भारत विकसित हो रहा है, भारत विश्वगुरु बन रहा है, इस तरह का भ्रम फैलाने में ऐसे ही ढोंगी साधु, बाबा, योगी सरकार की मदद करते हैं। सत्ता पर बैठे लोग इन की आरती उतारते हैं, इनके आडंबर को बढ़ावा देते हैं। कोई अपने घर में कितना भी अंधविश्वास माने, पाखंड को बढ़ावा दे, भक्ति के नाम पर कट्टरता फैलाए, उसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन जब जनता के पैसे पर समाज में इन चीजों को बढ़ाया जा रहा है और देश का नुकसान हो रहा है, तब तो आवाज उठानी ही चाहिए। जनता का काम करने के लिए बैठी सरकारों से सवाल होने चाहिए कि आपका वक्त लोककल्याणकारी कार्यों से ज्यादा पूजा पाठ में क्यों लग रहा है। जनता के पैसे ढोंगियों पर लुटाने के अपराध पर इन्हें सत्ता से बाहर किया जाना चाहिए। लेकिन इस समय डरा हुआ समाज यह नहीं कर रहा है। ऐसे में पुनर्जागरण के एक नए दौर की जरूरत महसूस हो रही है।

योगी बंदर की बातें काफी क्रांतिकारी हैं, और इसमें प्रयुक्त भाषा बिल्कुल आम बोलचाल की है, ताकि जनता इसे फौरन समझ ले। हालांकि इन बातों का सिलसिला, ऐसे वीडियो आगे कब तक जारी रहेंगे, कहा नहीं जा सकता। खुद इस एआई से बने योगी बंदर ने कहा है कि हो सकता है ये वीडियो प्रतिबंधित हो जाएं। अगर ऐसा नहीं भी होता है, तब भी अभी बातों में जो धार दिख रही है, वह बरकरार रहे और किसी भी तरह मुद्दे से न भटका जाए, संविधान के उद्देश्यों को केंद्र में रख कर जन जागरुकता फैलाई जाए, यह जरूरी है।

# नये भाजपा अध्यक्ष के चयन में और देरी संभव

■ अरुण श्रीवास्तव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में दशहरा के दिन अपना शताब्दी वर्ष मनायेगा। अधिकांश संगठन तो अपनी शताब्दी के करीब पहुंचने से पहले ही पतन की ओर अग्रसर हो जाते हैं या यहां तक कि विघटित हो जाते हैं। परन्तु आरएसएस अपनी राजनीतिक शाखा भाजपा के माध्यम से भारत पर शासन कर रहा है।

लेकिन शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर इसके सरसंघचालक मोहन भागवत ने विडंबनापूर्वक संगठन पर अपना अधिकार और नियंत्रण खो दिया है। जहां पिछले सरसंघचालकों के शब्दों को भगवा पारिस्थितिकी तंत्र ने आज्ञाओं की तरह माना, वहीं शताब्दी वर्ष में भागवत के उपदेशों को कोई नहीं मानता। यह अब कोई रहस्य नहीं है कि नरेंद्र मोदी ने जानबूझ कर और योजनाबद्ध तरीके से उनकी छवि और विश्वसनीयता को कम किया है। अपने शासन के ग्यारह वर्षों के दौरान, आरएसएस प्रचारक मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में भागवत से केवल एक बार मुलाकात की। इसका मतलब साफ है कि उन्होंने भागवत के सुझावों और सलाह की परवाह नहीं की। आरएसएस और खासकर भागवत भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में आरएसएस नेता के लिए जोर दे रहे हैं। लेकिन मोदी का उनके निर्देश की अनदेखी करना उनके तिरस्कार का स्पष्ट प्रमाण है।

वास्तव में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने 2024 में ही लोकसभा चुनाव से काफी पहले यह कहकर इस अनादर को प्रकट कर दिया था कि 'भाजपा को आरएसएस की जरूरत नहीं है'। जब से नड्डा ने 2023 में अपना कार्यकाल पूरा किया है, तब से भागवत पार्टी प्रमुख के रूप में आरएसएस नेता के लिए जोर दे रहे हैं। लेकिन नड्डा की औपचारिक सेवानिवृत्ति के ढाई साल बाद भी, उनका भाजपा अध्यक्ष के रूप में कार्य करना जारी है। कारण साफ है। मोदी को एक ऐसे अनुचर की जरूरत है जो उनके आदेशों का पालन करे। उन्हें समानांतर सत्ता केंद्र पसंद नहीं है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में आरएसएस नेता उनके वर्चस्व के लिए संभावित खतरा साबित हो सकते हैं। यही कारण है कि मोदी जानबूझ कर उनकी दलीलों को नजरंदाज कर रहे हैं।

गोवा में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में जब मोदी को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया गया था, तब भगवा कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच मोदी की राष्ट्रीय अपील और लोकप्रियता नहीं थी। लालकृष्ण आडवाणी के साथ भागवत ने उन्हें आगे बढ़ाया। निर्वाचित होने के बाद मोदी का पहला काम आडवाणी को अलग-थलग करना और उन्हें निष्क्रिय बनाना था। लेकिन उस समय भागवत को हटाने या अलग-थलग करने की हिम्मत वे नहीं कर पाये, क्योंकि वे आरएसएस प्रमुख थे। एक सुनियोजित चाल के तहत उन्होंने उन्हें नजरंदाज करना शुरू कर दिया, जिससे यह संदेश गया कि भागवत भाजपा के लिए किसी काम के नहीं हैं। मोदी ने भगवा पारिस्थितिकी तंत्र के अंदर सफलतापूर्वक ऐसी स्थिति बना दी, जहां भागवत की सलाह अवांछित थी। 2023 में ही आरएसएस के कई शीर्ष नेताओं ने भागवत को आगाह किया था और उनसे सख्ती बरतने को कहा था। लेकिन उन्होंने ऐसा करने की हिम्मत नहीं की। मोदी जहां खुद को भाजपा और भारत के लिए राजनीतिक रूप से अपरिहार्य साबित करने पर तुले हुए हैं, वहीं भागवत हिंदू और हिंदुत्व की राजनीति को बढ़ावा देने में आरएसएस की अजेयता को प्रदर्शित करने का प्रयास कर रहे हैं।

इसे समझने के लिए हाल ही में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में हुए विधानसभा चुनावों के विश्लेषण से अधिक उपयुक्त तरीका और कुछ नहीं हो सकता। जहां मोदी और उनके सहयोगियों ने इन राज्यों में भाजपा की जीत को मोदी के करिश्मे से जोड़ा, वहीं आरएसएस ने दावा किया है कि इन चुनावी जीत का श्रेय आरएसएस के कार्यकर्ताओं को जाता है।

मोदी और भागवत के बीच ताजा सत्ता संघर्ष बिहार की मतदाता सूची संशोधन के मामले में सामने आया है। आरएसएस ने मोदी के कदम का सार्वजनिक रूप से विरोध नहीं किया है, लेकिन वह इसका समर्थन भी नहीं करता है। मोदी ने पहले ही बिहार में इस योजना को बड़े जोर-शोर से शुरू कर दिया है। आरएसएस नेताओं के अनुसार भी इस कदम का शिकार ईबीसी और दलितों की बड़ी आबादी होगी, जो आरएसएस के निशाने पर हैं। यह लगातार इन वर्गों को यह विश्वास दिलाता रहा है कि वे हिंदू हैं। गांवों में जाकर गणना करने वाले लोग उनके मूल निवासी होने के दावों के प्रमाण के रूप में मूल जन्म प्रमाण पत्र मांग रहे हैं।

यह एक खुला रहस्य है कि इनमें से एक बड़ी आबादी के पास अपनी पहचान साबित करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं है। जाहिर है कि उन्हें अपनी राष्ट्रीय पहचान खोने का खतरा है। एक बार जब उन्हें राष्ट्रीयता से वंचित कर दिया जाता है, तो उन्हें वोट देने का अधिकार भी स्वत: ही छीन लिया जायेगा। यह स्पष्ट है कि मोदी अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए ऐसा कर रहे हैं। हाल ही में हुए चुनावों में उनकी निष्ठा बदली हुई, इंडिया ब्लॉक के पक्ष में दिखी जिससे मोदी को यह कड़ा संदेश गया है कि दलित और ईबीसी उन्हें पसंद नहीं करते हैं।

> **4 जुलाई से दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। इन दो वर्षों के दौरान आरएसएस ने अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक की एक दर्जन से अधिक बैठकें की हैं। हर बैठक में अपनी पसंद का नया अध्यक्ष चुनने का मुद्दा गूंजा। यह बैठक अलग प्रकृति की होगी, जिसका स्वरूप अलग होगा। यह आरएसएस की बैठक है।**

मोदी का यह चुनावी कदम उन्हें मध्यम वर्ग पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उनके बीच अपने समर्थन आधार को मजबूत करने में मदद करेगा। लेकिन इससे आरएसएस के राजनीतिक हित खतरे में पड़ जायेंगे, जो उन्हें हिंदू के रूप में पहचानने की कोशिश कर रहा है। इसका भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की आरएसएस की योजना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सूत्रों का कहना है कि आरएसएस शताब्दी समारोह के दौरान अपनी योजना की घोषणा करने के लिए दृढ़ था। लेकिन अब ऐसा लगता है कि वह कुछ और समय के लिए अपने फैसले को रोक देगा।

इस पृष्ठभूमि में 4 जुलाई से दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। इन दो वर्षों के दौरान आरएसएस ने अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक की एक दर्जन से अधिक बैठकें की हैं। हर बैठक में अपनी पसंद का नया अध्यक्ष चुनने का मुद्दा गूंजा। यह बैठक अलग प्रकृति की होगी, जिसका स्वरूप अलग होगा। यह आरएसएस की बैठक है, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों का मानना है कि भाजपा के कुछ शीर्ष नेता इस बैठक में भाग ले सकते हैं और अध्यक्ष चयन के मुद्दे पर आरएसएस पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर सकते हैं। इन सूत्रों के अनुसार मोदी और अमित शाह ने आरएसएस नेतृत्व, खासकर भागवत को बिहार विधानसभा चुनाव तक मौजूदा व्यवस्था जारी रखने के लिए कहा है। मोदी ने चुनाव के लिए एक योजना तैयार की है और किसी भी संगठनात्मक विवाद से भाजपा के चुनावी हित प्रभावित होंगे, जो बदले में आरएसएस के दीर्घकालिक राजनीतिक हित को नुकसान पहुंचायेगा।

बिहार और बंगाल के कुछ क्षेत्रीय नेताओं की गुटबाजी और संभावित खतरे से पार्टी कमजोर होगी। इन राज्यों में आरएसएस के प्रभावी हस्तक्षेप को ध्यान में रखते हुए शताब्दी समारोह की योजना बनायी गयी है। उन्होंने आशंका जताई है कि भगवा ब्रिगेड असम पर अपनी पकड़ खो सकती है, जिससे पूर्व और उत्तर पूर्व में पार्टी की संगठनात्मक प्रभावशीलता प्रभावित हो सकती है। उनका तर्क है कि नये अध्यक्ष के लिए बिहार और बंगाल में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उभरने वाली चुनौतियों का सामना करना मुश्किल होगा। चुनौतियों का सामना करने के लिए, भाजपा ने संगठनात्मक बदलाव करने, मौजूदा राष्ट्रीय महासचिवों में से आधे को बदलने और महत्वपूर्ण पदों पर युवा नेतृत्व लाने की योजना बनाई है।



## ललित सुरजन की कलम से

### शेक्सपियर

*मैंने पहले भी लिखा है कि एक बार परसाई जी ने मुझसे कहा था कि अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में क्रमश-शेक्सपियर, तुलसीदास और मिर्जा गालिब ये तीनों महान लेखक हैं, क्योंकि इनकी रचनाओं में जैसा जीवन विवेक है वैसा अन्यत्र नहीं है। परसाई जी की यह बात मुझे समय-समय पर याद आ जाती है। आज जबकि दुनिया बहुत बदल चुकी है, फिर भी ऐसे मौके बारंबार हमारे सामने आते हैं जब इन तीनों लेखकों की कोई न कोई उक्ति सहसा मानस पटल पर कौंध जाती है कि अरे, ऐसा तो उन्होंने कहा था। मसलन जब बाजारवाद की बात चलती है जो कि आजकल अक्सर होती है, तो गालिब का शेर याद आ ही जाता है- 'बाजार से निकला हूं खरीदार नहीं हूं' इसी तरह कभी तुलसी, तो कभी शेक्सपियर हमारी विचारयात्रा में साथ आ जाते हैं बल्कि यह कहना सही होगा कि वे हरदम हमारे संग चलते हैं।*

*क्लासिक साहित्य में सबसे बड़ी खूबी यही है कि वह देशकाल की सीमाओं का अतिक्रमण करता है और हर युग में हर पीढ़ी के पाठक के साथ उसका एक अटूट रिश्ता बना रहता है।*

**( अक्षर पर्व जून 2014 में प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/06/blog-post_16.html

## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

### पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण का कसता शिकंजा

दुनियाभर में जितने भी आविष्कार हुए, वो मानव जाति के विकास में सहयोग हेतु हुए, परंतु मानव ने अपनी आवश्यकताओं की सीमा को तोड़कर मनमानी शुरू कर दी और अपने साथ ही समस्त जीव सृष्टि के लिए विनाश का बिगुल फूंक दिया। ऐसा ही प्लास्टिक प्रदूषण आज हमारे पृथ्वी के लिए बड़ी समस्या बना है। धरती, आकाश, जल, हवा संपूर्ण वातावरण में प्लास्टिक प्रदूषण ने जीवन के लिए खतरा पैदा किया है और यह खतरा तेजी से घातक स्तर पर बढ़ रहा है, फिर भी लोग समझने को तैयार नहीं है। हम अक्सर देखते हैं कि विशिष्ट प्लास्टिक बैग और अन्य प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से धड़ल्ले से उपयोग की जाती है। प्लास्टिक प्रदूषण जीवन चक्र को बाधित कर के नुकसान पहुंचा रहा है। इसी समस्या की गंभीरता को समझने के लिए हर साल 3 जुलाई को 'अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम 'एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम कर के उसके टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देना' है। यह थीम डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर देता है और पुन: प्रयोज्य विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना भी है।

संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम अनुसार, हर साल 460 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है। प्लास्टिक का इस्तेमाल लगभग सभी औद्योगिक गतिविधियों में, निर्माण में, वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि तक और सभी उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। साल 2019 में पर्यावरण में वैश्विक प्लास्टिक कचरे में से 88 प्रतिशत या लगभग 20 मिलियन मीट्रिक टन मैक्रोप्लास्टिक था, जो सभी पारिस्थितिकी तंत्रों को प्रदूषित करता है। दुनिया का अधिकतर प्लास्टिक प्रदूषण बोतलों, कैप, शॉपिंग बैग, कप, स्ट्रॉ जैसे सिंगल-यूज़ उत्पादों से आता है। रोजाना दुनिया के महासागरों, नदियों और झीलों में 2,000 ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जाता है। यूएनईपी 2025 अनुसार, अब तक उत्पादित प्लास्टिक का केवल 9 फीसदी ही रीसाइकिल किया गया है, शेष वातावरण में प्रदूषण के रूप में मौजूद है।

प्लास्टिक प्रदूषण हमारे भोजन, पीने के पानी और हमारे द्वारा सांस ली जाने वाली ऑक्सीजन के माध्यम से भी हमारे शरीर में प्रवेश करता है। सौर विकिरण, हवा, धाराओं और अन्य प्राकृतिक कारकों के कारण, प्लास्टिक माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक में टूट जाता है। नैनोप्लास्टिक शरीर में सहज प्रवेश करने में सक्षम है। माइक्रोप्लास्टिक हमारे दिल, फेफड़े, लीवर, तिल्ली, गुर्दे और दिमाग में भी पाए गए हैं।

प्लास्टिक का उत्पादन उपभोक्ता की मांग को पूरा करने के लिए है, अगर हम उपभोक्ता ही प्लास्टिक से दूरी बना लें, तो समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है, प्लास्टिक के अन्य पर्याय को अपनाना और जागरूकता एवं पर्यावरण के बचाव के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। सबसे पहले अपना स्वार्थ और आलस छोड़ें, सरकारी नीतिनियमों का कड़ाई से पालन करें।

पर्यावरण हमें बेहतर जीवन देने के लिए है, अगर हम ही अपने पर्यावरण को बर्बाद करेंगे तो पर्यावरण भी हमें जीवन नहीं अपितु बर्बादी ही देगा, इस बात की गंभीरता को समझें और जागरूक नागरिक का फर्ज निभाएं।

-डा. प्रीतम

## आपके पत्र

### महिला आरक्षण की दहलीज़ पर लोकतंत्र

2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में राजनीति के स्वरूप को बदलने का ऐतिहासिक अवसर है। हालांकि इसका क्रियान्वयन 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संभव है, लेकिन यह तभी सफल होगा जब राजनीतिक दल अभी से महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण बनाएं। केवल आरक्षित सीटें देना पर्याप्त नहीं; दलों को आंतरिक कोटा, वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और निर्णयकारी भूमिका में महिलाओं को प्राथमिकता देनी होगी। अगर यह मौका चूक गया तो आरक्षण भी दिखावा बनकर जाएगा। समावेशी और सशक्त लोकतंत्र के लिए अब निर्णायक और नीतिगत पहल ज़रूरी है।

भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति हमेशा सीमित रही है। 2024 में चुनी गई 18वीं लोकसभा में सिर्फ 74 महिलाएं चुनकर आईं, जो कुल सीटों का मात्र 13.6प्रतिशत है। यह आंकड़ा 2019 की तुलना में भी घटा है और वैश्विक औसत 26.9प्रतिशत से काफी पीछे है। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां औसतन केवल 9प्रतिशत ही महिलाएं विधायक हैं। यह न केवल लैंगिक असमानता को दर्शाता है बल्कि नीति-निर्धारण की उस प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है जिसमें आधी आबादी की हिस्सेदारी नगण्य है।

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के निम्न स्तर के कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है भारतीय समाज की गहरी पैठी हुई पितृसत्तात्मक सोच। महिलाओं को पारिवारिक भूमिकाओं तक सीमित कर दिया जाता है, जिससे नेतृत्व के अवसर स्वाभाविक रूप से पुरुषों को मिलते हैं। 'सरपंच पति' जैसी प्रथाएं इस सोच को और भी स्पष्ट करती हैं।

राजनीतिक दलों के भीतर भी यह धारणा प्रचलित है कि महिलाएं चुनाव जीतने की दृष्टि से कमज़ोर प्रत्याशी होती हैं। लेकिन यह एक मिथक है, जिसे हाल के आंकड़े खारिज करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाएं केवल 9.6प्रतिशत उम्मीदवार थीं, लेकिन उनकी सफलता दर पुरुषों से अधिक थी -उन्होंने 13.6प्रतिशत सीटें जीतीं।

महिलाओं के सामने आर्थिक संसाधनों की कमी भी एक बड़ी बाधा है। भारत में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा है, और अधिकांश महिलाएं—खासकर ग्रामीण व पिछड़े वर्गों से—स्वतंत्र रूप से इतने संसाधन नहीं जुटा सकतीं। इसके अलावा, राजनीति का वातावरण भी महिलाओं के लिए असुरक्षित और शत्रुतापूर्ण रहता है। 2029 का चुनाव भारत के लिए एक ऐतिहासिक अवसर लेकर आएगा। लेकिन राजनीतिक दल अभी से महिला नेतृत्व को गढ़ने में निवेश नहीं करते तो यह आरक्षण भी केवल सत्ता में वंशवाद और प्रतीकात्मकता का विस्तार बनकर रह जाएगा।

अब वक्त है कि दल 'महिलाओं के लिए सीट छोड़ने' की बात नहीं करें, बल्कि 'महिलाओं को नेतृत्व के लिए खड़ा करने' की पहल करें। लोकतंत्र को मजबूत बनाने का यही असली रास्ता है।

-प्रियंका सौरभ

देशबन्धु
संस्कारधानी
5
बिलासपुर
गुरुवार, 03 जुलाई 2025

### उल्टा पुल्टा

पति- मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए वह बर्तन फेंक कर मारती है,
जज- अभी भी मार रही है या पहले से
पति- 5 साल पहले से
जज- तो इतने साल बाद तलाक क्यों?
पति- क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है

## संपादकीय

### बीमार छात्र को सजा, कार्रवाई हो

*देश भर के साथ छत्तीसगढ़ में भी किसी भी विद्यार्थी को सज़ा या शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना गैरकानूनी है। इसका उल्लंघन करने पर कठोर सज़ा का प्रावधान है। इसके बावजूद देखा जाता है कि निजी हो या सरकारी स्कूल, शिक्षकों द्वारा बच्चों को विभिन्न कारणों से सजा दी जाती है। कभी विलम्ब से तो कभी अनुपस्थित रहने पर, कभी कम अंक लाने अथवा कभी बालसुलभ शरारतें करने पर उन्हें शारीरिक दण्ड दिया जाता है जो गैरकानूनी ही नहीं प्रताड़ना भी है। उन्हें कई बार गम्भीर चोटें पहुंचती हैं और वे मानसिक तौर पर आहत होते हैं। कई तो घरों से भाग भी जाते हैं या आत्महत्या कर लेते हैं। शालाओं में मुक्त एवं भयरहित वातावरण मिलने पर ही बच्चों का सर्वांगीण विकास सम्भव है। उनके साथ होने वाली प्रताड़ना से स्कूलों का वातावरण उनके लिये असहनीय हो जाता है। वे हमेशा घबराए हुए रहते हैं। यह उनके विकास में बाधक होता है यानी जिन उद्देश्यों के लिये उन्हें शालाओं में भेजा जाता है वही पूरा नहीं होता। ऐसे बच्चों का ध्यान न अध्ययन में लगता है, न ही वे अन्य गतिविधियों में भाग लेते हैं। उनकी रुचि व जिज्ञासा खत्म हो जाती है।*

*शिक्षकों द्वारा डांट-डपट करने अथवा उनके हाथों मार खाने या किसी भी तरह की प्रताड़ना मिलने पर उनके सहपाठी, शिक्षकगण आदि उनका मजाक उड़ाते हैं। वे गुमसुम व चिड़चिड़े हो जाते हैं। कई बार हिंसक हो उठते हैं। बहुत से बच्चे इससे स्कूल जाना छोड़ देते हैं या उनका प्रदर्शन खराब होता है। इसलिये छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार से प्रताड़ित नहीं किये जाने का सख्त कानून बनाया गया है। इसमें कोई शक नहीं कि इस कानून से काफी फर्क पड़ा है और बच्चों को डांटने, पीटने या कोई और तरह की सजा देने की शिक्षकों की प्रवृत्ति बड़े पैमाने पर कम हुई है। नूतन अवधारणा कहती है कि सजा देने की बजाय उन्हें प्रेम के जरिये कहीं अधिक बेहतर छात्र बनाया जा सकता है। इसके विपरीत भारतीय शिक्षण पद्धति में परम्परागत मान्यता है बच्चों को यदि न मारा जाये या सजा न दी जाये तो वे पढ़ाई नहीं करते। इसलिये गाहे-बगाहे विद्यार्थियों की प्रताड़ना के कई मामले सामने आते रहते हैं।*

*दंतेवाड़ा के पातरास में मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल में नवीं कक्षा का अभय चक्रवर्ती बीमार होने के कारण पांच दिनों से स्कूल नहीं गया था। उसे डेंग्यू हो गया था। उसकी मां ई-रिक्शा चलाकर परिवार का गुजारा करती है। जब वह अपने बेटे को देखने स्कूल गयी तो अभय कक्षा के बाहर खड़ा पाया गया। उसका आरोप है कि प्राचार्य ने उसे बीमारी में भी धूप में चार घंटे से खड़ा कर रखा था। इसकी शिकायत ऊपर तक की गयी है। विभाग ने जांच समिति बनाई है। घटना के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिये।*

# अरपा की चिंता: बरसते पानी में कांग्रेस नेताओं ने अरपा नदी में किया जल सत्याग्रह

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। रेत माफियाओ पर अंकुश लगाने व रियायती दर पर लोगों को रेत उपलब्ध कराने और अवैध उत्खनन . भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में निकली रैली, अरपा नदी में जल सत्याग्रह किया गया।

मंगला का पाट बाबा सहित अवेध रेत घाट रेत माफिया के लिए जाना पहचाना नाम है। यहां दिन और रात रेत की अवैध खोदाई चल रही है। माफिया का आतंक इतना कि सब-कुछ जानने के बाद भी ग्रामीण शिकायत करने से डरते हैं। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में कांग्रेस के कार्यकर्ता व मंगला के ग्रामीणों ने बरसते पानी में मंगला चौक से पाट बाबा रेत घाट तक पांच किलोमीटर पदयात्रा की। पदयात्रा के बाद विजय की अगुवाई में अवैध रेत घाट में उतरकर जल सत्याग्रह किया। इस दौरान विजय ने जिला प्रशासन को रेत माफिया पर अंकुश लगाने व जगह-जगह डंप किए गए रेत की जब्ती बनाने की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने ग्रामीणों व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भवन निर्माण सामग्रियों के दाम पहले से ही सरकार ने तय कर दिया है। इसमें छड़,सीमेंट व ईंट के दाम प्रमुख है। अचरज की बात है कि राज्य सरकार और ज़िला प्रशासन ने रेत के दाम तय नहीं किया है। इसी का फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं। बारिश के दिनों में औने-पौने दाम पर बेचते हैं। रेत घाटों पर प्रदेशभर में रेत की खुदाई पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बाद भी माफिया रेत की खुदाई कर रहे हैं। इस पर सख्ती के साथ अंकुश लगाने की मांग करते हुए कहा गया कि रेत माफियाओं पर जल्द अंकुश लगाया जाए व रेत की कीमत तय की जाए। कीमत भी ऐसी कि अपना आशियाना बनाने का सपना देख रहे आम आदमी के बजट के अनुरुप सहजता के साथ उपलब्ध हो जाए।

उन्होंने मांग के साथ ही चेतावनी भी दी है कि इस पर अगर प्रभावी ढंग से अंकुश नहीं लगाया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी सीधी कार्रवाई करेगी। हम



माफियाओं के ठिकाने प्रशासन को बताएंगे जहां रेत डंप कर रखा गया है। इस दौरान विवाद या फिर अप्रिय स्थिति बनती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पर्यावरण संरक्षण मंडल के नियमों को धता बताते हुए रेत माफिया दबंगाई पर उतर आए हैं। बलरामपुर में माफिया के इशारे पर कांस्टेबल को ट्रैक्टर से रौंदकर हत्या कर दी। जिले में माफियाओं का आतंक ऐसा कि लोग शिकायत करने से डरते हैं। रेत की कीमत सरकार के बजाय माफिया तय कर रहे हैं। 15 जून से रेत की खोदाई पर पर्यावरण संरक्षण मंडल की ओर से प्रतिबंध लग जाता है। प्रतिबंध के बाद भी अब दिन के बजाय रात में अरपा सहित जिले की नदियों में रात में अवैध खोदाई चल रही है। खोदाई के साथ ही वाहनों के जरिए परिवहन भी हो रहा है। माफिया के इशारे पर जगह-जगह रेत डंप किया जा रहा है। डंप किए रेत को बारिश के मौसम का फायदा उठाकर औने-पौने दाम पर बेचा जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने खनिज विभाग के अधिकारी, मैदानी अमला और माफिया के बीच सांठगांठ का आरोप लगाते हुए कहा कि रेत की खोदाई हो रही है तभी तो जगह-जगह रेत डंप किया जा रहा है। अचरज की बात ये है कि खोदाई वाले जगह पर छापामार कार्रवाई के बजाय खनिज विभाग के अधिकारी रेत डंपिंग स्पाट पर पहुंच रेत की जब्ती बनाकर वाहवाही लूट रहे हैं। सीधी सी बात नदियों में रेत की खोदाई के बाद ही जगह-जगह रेत डंप किया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष ने सवाल उठाया कि प्रतिबंध के बाद रेत कहां से आ रहा है। सीधी सी बात है माफिया और विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से ही यह सब संभव है। नदियों में निगरानी और खुदाई के दौरान छापामार कार्रवाई करने के बजाय डंप रेत और रेत के परिवहन में शामिल वाहनों को पकड़ रहे हैं। माफिया जहां खेल कर रहे हैं उसे छोड़ दिया गया है।

### जब्त रेत,जरुरतमंदों को रियायती दर पर दें

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कलेक्टर संजय अग्रवाल व राज्य शासन से मांग की है कि खनिज विभाग,जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा जब्त किए जा रहे रेत को जरुरतमंदों को रियायती दर पर उपलब करा दी जाए। इससे लोगों को कम दाम पर रेत मिल जाएगा और वे अपना रुका काम पूरा कर सकेंगे। इससे माफियाओं की मंशा भी धरी की धरी रह जाएगी।

आंदोलन में .राजेंद्र साहू (डब्बू) भुनेश्वर यादव. स्वप्निल शुक्ला झगर राम सूर्यवंशी विनोद साहू जावेद मेमन अनिल यादव संध्या तिवारी शिल्पी तिवारी भारत कश्यप अंजू सोनी सावित्री सोनी लक्ष्मी गंवाई पवन साहू सुनील सोनकर मोहन श्रीवास पुष्पेन्द्र साहू हिमांशु कश्यप रूपनारायण बच्छ सुजीत यादव बबली ख़ान अशोक तिवारी नीरज सोनी मनीष गढ़ेवाल हितेश देवांगन भागीरथी यादव रामप्रकाश साहू साखन दरवे शिव शंकर केवट , उदल सूर्यवंशी कमल कश्यप नीरज सोनी मनीष सेंगर किशोर अहीरवार अंकित प्रजापति सुरेंद्र तिवारी . मेहतराम सिंगरौल मदन पांडेय किशन पटेल संदीप यादव दिलीप पटेल , कमल बच्छ निलेश पटेल अमित सूर्यवंशी शेरसिंह कश्यप टिंकू वर्मा अशोक सूर्यवंशी टी आर लहरे ध्रुव साहू डॉ संजय साहू छोटकू साहू हरि वर्मा फ़िरंता साहू त्रिलोकि वर्मा प्रवेश पटवा सुमित साईं अजय काले , गौरव येरी सुरेश पटेल , किशोर पटेल नेहरू प्रधान रुद्र प्रताप सिंह , देवारी यादव कुंवर सिंह संतोष सूर्यवंशी , अनिल बंजारे आदि उपस्थित थे !

## सार-संक्षेप



### रेलवे की महिला बॉक्सर शशि एवं लाशु ने सीनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के वाणिज्य विभाग में कार्यरत महिला बॉक्सरों शशि चोपड़ा एवं लाशु यादव ने हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित एलिट विमेंस सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वेट कैटेगरी में रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया है । यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 27 जून से 01 जुलाई 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें 15 राज्यों की 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से भाग ले रहीं शशि चोपड़ा और लाशु यादव भारतीय रेलवे टीम का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल भारतीय रेलवे बल्कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर का भी गौरव बढ़ा है। दोनों खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक, मंडल एवं मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, रेलवे खेल संघ मुख्यालय के पदाधिकारीगण, सहकर्मी खिलाड़ी एवं कर्मचारीगणों ने हर्ष के साथ हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शशि चोपड़ा एवं लाशु यादव ने अपने कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो न केवल रेलवे परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन को विश्वास है कि भविष्य में भी ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश और रेलवे का नाम रोशन करेंगी। यह उपलब्धि रेलवे में कार्यरत खिलाड़ियों के खेल के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की मिसाल है तथा अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा प्रदान करती है।

### डीपी विप्र महाविद्यालय में प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। डी.पी. विप्र महाविद्यालय में प्रवेश सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया जिसमें कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में छात्र-छात्राओं द्वारा कुल बी.ए. में 961, बी.एस. सी. में 783, बी.बी.ए 163 एवं बी.एस.सी. में 2000 नामांकन दर्ज कराये गये थे। जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में कटअप सामान्य 72.6, अन्य पिछड़ा वर्ग 65.4, अनुसूचित जाति 64.4 एवं अनुसूचित जनजाति में 47.4 रहा, वही बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में कटअप सामान्य 75.6, अन्य पिछड़ा वर्ग 69.6, अनुसूचित जाति 60.4 एवं अनुसूचित जनजाति में 64 एवं बी.एस.सी. गणित समूह में सामान्य 83.4 अन्य पिछड़ा वर्ग 80.2. अनुसूचित जाति 53.8 एवं अनुसूचित जनजाति में 53.8 तथा बी.एस.सी. विज्ञान समूह में सामान्य 75.2 अन्य पिछड़ा वर्ग 70.2. अनुसूचित जाति 66.5 एवं अनुसूचित जनजाति में 50.2 में रहा है। मेरिट सूची के प्रकाशन होते ही छात्र-छात्राओं में उत्साह के साथ महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आगमन प्रारंभ हो गई है। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला ने दी।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने दो श्रमिक महिलाओं को सौंपी ई-रिक्शा की चाबी

**बिलासपुर,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज जिला कार्यालय परिसर में शहर की दो श्रमिक महिलाओं को ई-रिक्शा की चाबी सौंपी। श्रम विभाग की दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत श्रीमती सुनीता गोंड एवं चित्ररेखा देवांगन को चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दी।



श्रम विभाग की इस कल्याणकारी योजना के तहत जिले में पिछले लगभग डेढ़ साल में 33 श्रमिक महिलाओं को ई-रिक्शा वाहन प्रदान किया गया है। महिलाएं इससे प्राप्त आमदनी से अपने बच्चों की बेहतर पढ़ाई के साथ ही सुगमता से अपनी आजीविका चला रही हैं।

योजना के तहत प्रत्येक महिला को श्रम विभाग के सौजन्य से एक-एक लाख रूपए की अनुदान सहायता राशि मिली है। सहायक श्रमायुक्त श्रीमती ज्योति शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में कम से कम तीन वर्ष पूर्व पंजीकृत महिला श्रमिकों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए अनुदान राशि प्रदान की जाती है। महिला का ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, बैंक खाता, ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र के साथ ऑनलाईन आवेदन करना होता है।

इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्षद के खिलाफ उसकी दादी ने थाने में लिखाई रिपोर्ट


### मारपीट करने , जान से मारने और जमीन हड़पने,फर्जीवाड़ा करने का आरोप

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम वार्ड क्रमांक एक के कांग्रेस पार्षद अमित भारते के खिलाफ सकरी पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। कांग्रेस पार्षद के खिलाफ अमित भारते की दादी ने अपराध दर्ज कराया है। अमित भारते की दादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी पोता गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। साथ ही नाती नन्दकुमार के साथ गाली गलौच और मारपीट किया है। पुलिस ने कांग्रेस पार्षद के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



सकरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक दिन पहले कुदुदण्ड निवासी बुजुर्ग महिला राजकुमारी भारते ने सकरी थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। 70 वर्षीय राजकुमारी भारते ने बताया कि वह कुदूदण्ड सिविल लाइन थाना निवासी है और थाना सकरी स्थित दलदलियापारा में उसके नाम पैतृक जमीन और घर है। दलदलियापारा में बेटा बहू और पोता अमित भारते रहता है। परिवार वालों से जानकारी मिली कि अमित भारते बिना अनुमति पैतृक जमीन को फर्जीवाड़ा कर न केवल अपने नाम कर रहा है..बल्कि बेच भी रहा है। राजकुमारी ने बताया कि जानकारी के बाद अपने नाती नन्दकुमार के साथ दलदलियापारा गयी। इस दौरान उसने कांग्रेस पार्षद अमित भारते से पूछी की जमीन जायजाद क्यो बेच रहा है। इतना सुनते ही कांग्रेस पार्षद तैश में आ गया। और गाली गलौच करने लगा। मना करने पर आरोपी ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। अमित भारते ने धक्का देकर जमीन पर गिराया और लात घूंसा से मारपीट भी किया। मारपीट के दौरान उसे गंभीर चोट पहुंची है। राजकुमारी ने बताया कि आरोपी भारते ने धमकी दिया कि जमीन बेचने से रोका गया तो जान से मार डालेगा। आरोपी ने नाती नंदकुमार भारते के साथ भी मारपीट और गाली गलौच किया है। इसके अलावा पोती सीमा जोशी से जमीन की पर्ची भी छीन लिया है। आरोपी ने धमंकी दिया है कि यदि पुलिस को बताएगी तो जान से मार देगा। रिपोर्ट दर्ज करने के दौरान नन्दकुमार भारते ने भी अपना बयान दर्ज कराया। राजकुमारी की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए सिविल लाईन पुलिस ने कांग्रेस पार्षद अमित भारते के किलाफ बीएनएस की धारा 296,115 (2),351 (2), के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दुष्कर्म के आरोपी को हिर्री पुलिस ने चंद घंटे में किया गिरफ्तार



**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार को थाना पीड़िता ने है थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश किया कि 01.जुलाई के दोपहर 02.30 बजे वह अपने घर पर अकेली थी तभी गांव का मुकेश कुमार जगत आया और घर अंदर घूसकर जबरदस्ती इसके साथ दुष्कर्म किया है । रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों को अगवत कराया गया और त्वरित कार्यवाही करते हुये पीड़िता का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया। तथा आरोपी की पतासाजी कर आरोपी मुकेश कुमार जगत पिता छोटे लाल जगत उम्र 22 साल साकिन सरसेनी . को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## दुर्ग-पटना के मध्य चार फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा 6 से

### इस ट्रेन में 1008 बर्थ के साथ स्पेशल ट्रेन में 4 कोच अनारक्षित श्रेणी की मिलेगी सुविधा

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए और उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए दुर्ग और पटना के बीच एक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

यह स्पेशल ट्रेन संख्या 08795 (दुर्ग-पटना साप्ताहिक स्पेशल) यह ट्रेन दुर्ग से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 06, 13, 20 एवं 27 जुलाई को कुल 04 फेरे के लिए प्रस्थान करेगी । ठीक इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी ट्रेन संख्या 08796 (पटना-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल) यह ट्रेन पटना से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 07, 14, 21 एवं 28 जुलाई 2025 को कुल 04 फेरे के लिए प्रस्थान करेगी । इस गाड़ी में 02 एसी-3, 13 स्लीपर, 04 सामान्य, 02 एलआरडी सहित कुल 21 कोचो मे 1008 बर्थ रेल यात्रियो के लिए उपलब्ध रहेगा। दुर्ग-पटना-दुर्ग स्पेशल गाड़ी का विवरण में दिनांक 06, 13, 20, एवं 27 जुलाई 2025 ( प्रत्येक रविवार) को गाड़ी संख्या 08795 दुर्ग- पटना स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 13.15 बजे रवाना होकर रायपुर आगमन 14.00 बजे प्रस्थान 14.05 बजे, भाटापारा आगमन 14.55 बजे प्रस्थान 14.57 बजे, बिलासपुर आगमन 15.55 बजे प्रस्थान 16.05 बजे, चाम्पा आगमन 16.55 बजे प्रस्थान 16.57 बजे, रायगढ़ आगमन 18.35 बजे प्रस्थान 18.37 बजे, झारसुगड़ा आगमन 20.30 बजे प्रस्थान 20.32 बजे, राउरकेला आगमन 22.15 बजे प्रस्थान 22.25 बजे, हटिया आगमन 01.15 बजे प्रस्थान 01.20 बजे, राँची आगमन 01.35 बजे प्रस्थान 01.45 बजे, मुरी जंक्शन आगमन 02.48 बजे प्रस्थान 02.50 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 04.00 बजे प्रस्थान 04.05 बजे, छपरा आगमन 04.53 बजे प्रस्थान 04.55 बजे, कतरासगढ़ आगमन 05.30 बजे प्रस्थान 05.32 बजे, धनबाद आगमन 07.05 बजे प्रस्थान 07.10 बजे, चित्तरंजन आगमन 08.41 बजे प्रस्थान 08.43 बजे, मधुपुर जंक्शन आगमन 09.40 बजे प्रस्थान 09.42 बजे, जसीडीह जंक्शन आगमन 10.38 बजे प्रस्थान 10.40 बजे, झाझा आगमन 12.00 बजे प्रस्थान 12.05 बजे, किऊल जंक्शन आगमन 12.50 बजे प्रस्थान 12.52 बजे, मोकामा आगमन 13.22 बजे प्रस्थान 13.24 बजे, बाढ़ आगमन 13.43 बजे प्रस्थान 13.45 बजे, बख्तियारपुर आगमन 14.00 बजे प्रस्थान 14.02 बजे, फतवा आगमन 14.22 बजे प्रस्थान 14.24 बजे, पटना साहेब आगमन 14.40 बजे प्रस्थान 14.42 बजे, राजेंद्र नगर टर्मिनल आगमन 15.00 बजे प्रस्थान 15.02 बजे एवं पटना 15.30 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार विपरीत दशा में भी दिनांक 07, 14, 21, एवं 28 जुलाई 2025 (प्रत्येक सोमवार) को गाड़ी संख्या 08796 पटना-दुर्ग स्पेशल ट्रेन पटना से 17.15 बजे रवाना होकर राजेंद्र नगर टर्मिनल आगमन 17.23 बजे प्रस्थान 17.25 बजे, पटना साहेब आगमन 17.35 बजे प्रस्थान 17.37 बजे, फतवा आगमन 17.48 बजे प्रस्थान 17.50 बजे, बख्तियारपुर आगमन 18.20 बजे प्रस्थान 18.22 बजे, बाढ़ आगमन 18.35 बजे प्रस्थान 18.37 बजे, मोकामा आगमन 19.00 बजे प्रस्थान 19.02 बजे, किऊल जंक्शन आगमन 19.45 बजे प्रस्थान 19.47 बजे, झाझा आगमन 22.30 बजे प्रस्थान 22.35 बजे, जसीडीह जंक्शन आगमन 23.08 बजे प्रस्थान 23.10 बजे, मधुपुर जंक्शन आगमन 23.35 बजे प्रस्थान 23.37 बजे, चित्तरंजन आगमन 00.28 बजे प्रस्थान 00.30 बजे, धनबाद आगमन 02.35 बजे प्रस्थान 02.40 बजे, कतरासगढ़ आगमन 03.06 बजे प्रस्थान 03.08 बजे, छपरा आगमन 03.45 बजे प्रस्थान 03.47 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 04.55 बजे प्रस्थान 05.00 बजे, मुरी जंक्शन आगमन 06.30 बजे प्रस्थान 06.32 बजे, राँची आगमन 08.10 बजे प्रस्थान 08.15 बजे, हटिया आगमन 08.35 बजे प्रस्थान 08.40 बजे, राउरकेला आगमन 12.40 बजे प्रस्थान 12.50 बजे, झारसुगड़ा आगमन 15.48 बजे प्रस्थान 15.50 बजे, रायगढ़ आगमन 16.50 बजे प्रस्थान 16.52 बजे, चाम्पा आगमन 17.48 बजे प्रस्थान 17.50 बजे, बिलासपुर आगमन 19.05 बजे प्रस्थान 19.15 बजे, भाटापारा आगमन 19.58 बजे प्रस्थान 20.00 बजे, रायपुर आगमन 21.15 बजे प्रस्थान 21.20 बजे एवं दुर्ग 22.35 बजे पहुँचेगी। यह विशेष ट्रेन यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने में सहायक होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा करने से पहले नवीनतम ट्रेन समय-सारिणी और किसी भी बदलाव के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या पूछताछ सेवा से संपर्क करें।



# सार-संक्षेप

## विद्युत कंपनी ने चिकित्सकों का किया सम्मान



**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह स्थित मुख्य चिकित्सालय में बड़े हर्षोल्लास के साथ डॉक्टरस डे मनाया गया। कंपनी ने चिकित्सकों का सम्मान करने के साथ उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सी.पी. जायसवाल, मेडिकल चिकित्सा सलाहकार डॉ. एस.सी. खरे, डॉ. जे.पी. सोनी. डॉ. अभिषेक रामटेके, डॉ निरंजना गवेल, डॉ. पी.गरिमा नायडु, डॉ. प्रज्ञा चंद्रा, एवं समस्त मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

## स्कूलों के आसपास तम्बाखू उत्पाद बेचने पर कार्यवाही



**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने राताखार क्षेत्र के विद्यालयों और आसपास की दुकानों का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि यहां पर तम्बाखू उत्पाद व गुटका बिल्कुल न बेचें, अन्यथा लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। निगम में उक्त अभियान के नोडल अधिकारी उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि शहर के कोरबा व टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत लगभग 30 से अधिक विद्यालयों, कालेज व अन्य शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में स्थित दुकानों, ठेलों आदि का निरीक्षण निगम अमले के द्वारा किया गया तथा बीडी सिगरेट गुटका सहित अन्य तम्बाखू उत्पाद व नशीली सामग्रियाँ जप्त की गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रवि सिंह चंदेल, उपायुक्त एवं निगम में अभियान के नोडल अधिकारी पवन वर्मा, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता सुनील टांडे, सोमनाथ डेहरे, दिलेश्वर सिंह, लालू शुक्ला, अजय विश्वकर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सड़कों पर मवेशी मिले तो मालिकों पर होगा एक्शन

### यातायात व्यवस्था ठीक करने निगम हुआ सख्त




**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा की सड़कों की पहचान काफी समय से मवेशियों की उपस्थिति को लेकर बनी हुई है। आवागमन के दौरान वाहन चालकों व आम लोगों को यहां परेशान होना पड़ता है। ऐसे मामलों को देखते हुए नगर निगम ने तय किया है कि अगर सड़कों पर मवेशी मिले तो उन्हें कांजी हाऊस भेजेंगे और उनके मालिकों पर एक्शन भी लेंगे। निगम क्षेत्र की सड़कों को मवेशी मुक्त बनाने के लिए निगम ने दण्डात्मक कार्यवाही करना तय किया है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा है कि पशु पालक जिस उद्देश्य से मवेशी को रख रहे हैं, उस पर जरूर ध्यान दें। उनकी जगह सड़क कभी नहीं हो सकती। यह वाहनों और आम लोगों के लिए है। ऐसे में मवेशी वहां दिखेंगे तो उन्हें कांजी हाऊस भेज दिया जाएगा और इस गलती के लिए पशु पालकों पर उचित कार्यवाही की जाएगी। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी 07 जोन में पशुपालकों का चिन्हाकंन किया जा रहा है तथा जिन पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशी सड़क पर छोड़ दिये जा रहे हैं, उन पर निगम अब दण्डात्मक कार्यवाही भी करेगा।

## सुरक्षा जागरूकता पर एसईसीएल ने रखी प्रतियोगिता




**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दीप का एरिया में सुरक्षा जागरूकता अभियान अंतर्गत विविध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कार्यस्थल और अन्य क्षेत्रों में सुरक्षा पर प्राथमिकता दी जा रही है। एसईसीएल कर्मचारी सत्य प्रकाश मिश्रा ने कार्यस्थल पर स्टाफ के साथ जागरूकता का संदेश देने के साथ सभी को नियम पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन के सभी क्षेत्र में सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और जब कार्यक्षेत्र जोखिम भरे हो तो वहां पर सुरक्षा के प्रति गंभीरता और भी आवश्यक हो जाती हैं। ऐसा करने से इस बात की गारंटी रहती है कि शून्य दुर्घटना युक्त वातावरण का निर्माण किया जाना संभव हो सकेगा। सुरक्षा अभियान में किए जा रहे कार्य में मनोज तिर्की सेफ्टी ऑफिसर, वर्कमैन इंस्पेक्टर राजकुमार राठौर, ए एम उपाध्याय,पंकज पाठक, सरजू रत्नाकर, लक्ष्मण दास वैष्णव, प्रदीप कुमार गुप्ता, रामेश्वर आदित्य सक्रिय हैं। बताया गया कि सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सुरक्षित कामगार खुशहाल परिवार विषय पर क्रिएटिव एक्टिविटी भी कराई जा रही है। इसमें कर्मचारियों के परिवार के बच्चे और महिलाएं सुरक्षा को लेकर निबंध एवं स्लोगन लिख सकते हैं। भाषण प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी हो सकती है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी पुरस्कृत किए जाएंगे।

## राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन हुआ जलाधिवास



**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 16 पंपहाउस में स्थित राम मंदिर में भगवान के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय अनुष्ठान आज से प्रारंभ हो गया। जलाधिवास से इसका प्रारंभ हुआ। संपूर्ण आयोजन में क्षेत्रवासियों की सक्रिय भागीदारी हो रही है। राम मंदिर समिति ने बताया कि वैदिक विधि-विधान से मंदिर में भगवान श्रीरामचंद्र के नवीन विग्रह को प्रतिष्ठित किया जा रहा है। इसके लिए प्रतिष्ठा उत्सव आयोजित किया गया। आज सुबह 10 बजे भगवान का जलाधिवास संपन्न कराया गया। शास्त्रीय परंपरा के अंतर्गत अनुष्ठान के प्रथम दिवस 2 जुलाई को शाम चार बजे दुग्धाधिवास होगा। 3 जुलाई को सुबह 10 बजे अन्नाधिवास, शाम 4 बजे फल एवं शैय्याधिवास के सोपान पूरे होंगे। मुख्य पूजन 4 जुलाई को सुबह 9.10 बजे शुरू होगी। इसके अंतर्गत बेदी पूजा की जाएगी और फिर भगवान के विग्रह कि प्राण प्रतिष्ठा करने के साथ उन्हें यथा स्थान विराजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि 5 जुलाई को प्रतिष्ठा उत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। स्थानीय पार्षद रामकुमार साहू ने नगरवासियों से इस धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थिति का आग्रह किया है।

# 385 करोड़ के डब्ल्यूटीपी से मिलेगा 245 गांवों को पानी

### तीन विकासखंड को लाभान्वित करने की योजना



**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा जिले में मल्टीविलेज स्कीम परियोजना के अंतर्गत एक उच्च स्तरीय जल शोधन संयंत्र का निर्माण एतमानगर में किया जा रहा है। इस पर 385 करोड़ रुपए खर्च होने है। 245 गांव के लोगों को यहां से शुद्ध और स्वच्छ पेयजल प्राप्त होगा। तीन विकासखंड की बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी।

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के एतमानगर में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र की कुल क्षमता 285 लाख लीटर पानी को प्रतिदिन शोधित करने की है। कोरबा जिले में यह अपने तरह की पहली परियोजना है जिसका निर्माण कोरबा जिला गठन के 27 साल बाद हो रहा है। इससे समझा जा सकता है कि जिले की ग्रामीण आबादी के स्वास्थ्य संबंधी हितों के संरक्षण के लिए प्रशासन तंत्र कितना संवेदनशील है। कलेक्टर अजीत वसंत ने बुधवार को एतमानगर पहुंचकर निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना की वर्तमान प्रगति, निर्माण की समय-सीमा, कार्य में आ रही बाधा एवं समाधान संबंधी उपायों की विस्तृत जानकारी ली। उनके साथ सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा टी आर भारद्वाज, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो एवं निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह भी कहा गया कि निर्माण कार्य में आने वाली तकनीकी या अन्य समस्या के सम्बंध में अविलम्ब जानकारी दी जाए ताकि समस्या का निराकरण हो सके।

**742 किमी लंबी होगी पाइप लाइन**

प्रशासन की ओर से बताया गया कि मल्टीविलेज स्कीम वाटर सप्लाई योजना के तहत बांगो बांध से जल लाकर शोधन केंद्र में शुद्ध कर 742 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके माध्यम से 3 विकासखंडों के 245 गांवों में पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

योजना के अंतर्गत 8 एमबीआर जल टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। इनके जरिए 72,619 घरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसा होने से भविष्य में यह शिकायत नहीं रहेगी कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ और शुद्ध जल के मामले में परेशान होना पड़ रहा है।

## मंदिर का ताला तोड़कर चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। हरदीबाजार के सरईसिंगार इलाके में हनुमान मंदिर के मेन गेट का ताला तोड़ने के बाद भीतर घुसकर दानपेटी से रकम पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। उसके कब्जे से चोरी का सामान व नगदी रकम बरामद की गई है।

हरदीबाजार थाना प्रभारी मृत्युंजय पाण्डेय ने बताया कि सरईसिंगार के 22 वर्षीय हरप्रसाद भट्ट को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। उसके विरूद्ध धारा 331 (4), 305 घ बीएनएस के अंतर्गत अपराध क्रमांक 117/25 दर्ज किया गया था। 1 जुलाई को संजय राठौर ने इस बारे में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया गया था कि 25 जून की रात 8.30 बजे शयन आरती के बाद वह मंदिर में ताला लगाकर घर चला गया था। अगली सुबह यहां मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ पाया। दानपेटी भी क्षतिग्रस्त स्थिति में मिली। उसमें लगभग 5 हजार रुपए नगद थे जो गायब कर दिए गए। पीतल का दीपक व अन्य सामान भी यहां पर नहीं मिले। मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही थी। इस दौरान एक सूचना के आधार पर हर प्रसाद भट्ट के बारे में जानकारी मिली। पूछताछ में उसने मंदिर से चोरी करने की बात स्वीकार की। उसके कब्जे से चोरी की गई नगदी रकम व अन्य सामान बरामद किया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## पड़ोसी जिले में बारिश से बांगो बांध में आया पानी

### अब तक जल स्तर में आंशिक बढ़ोत्तरी



**कोरबा**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। बहुउद्देशीय हसदेव बांगो बांध परियोजना का जलस्तर हाल में हुई बारिश के असर से अब 131 मीटर तक पहुंच गया है। कोरिया जिले और कोरबा जिले में बरसात के सकारात्मक रूप के कारण अब यहां की जलप्रपात क्षमता में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है।

ग्रीष्मकाल में रबी फसल के लिए पहली बार बड़ी मात्रा में बांध से पानी छोड़ने की कार्रवाई की गई। वर्ष 2000 के बाद पहली बार ऐसे हालात बने जब बांध में केवल 26 फीसदी पानी शेष रह गया। तब से लगातार इस बात की चिंता जताई जा रही थी कि अगर वर्ष 2025 में बारिश का रुख बेहतर नहीं होता है तो आगे लेने की देने पड़ सकते हैं और ऐसी स्थिति में यहां से पानी छोड़ने की सुविधा नहीं दी जा सकेगी। जून से अब तक की स्थिति में हुई बारिश के कारण हसदेव बांगो बांध में अब तक लगभग 31 प्रतिशत पानी की उपस्थिति तय हुई है। बांध परियोजना के कार्यपालन अभियंता अरविंद नीखरा ने बताया कि मौजूदा स्थिति में जल भराव स्तर 131 मीटर हो गया है। 145 मीटर तक जल भराव होने के बाद यहां से पानी छोड़ने के हालात बनेंगे। याद रहे विश्व बैंक के सहयोग से पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा हसदेव बांगो बांध परियोजना का निर्माण कराया गया था जो 1992 तक पूरा हो सका। तब से लगातार कोरबा जिले में उद्योगों के अलावा कोरबा सहित जांजगीर चंपा और शक्ति में कृषि व नागरिक आवश्यकताओं की पूर्ति इसके माध्यम से सुनिश्चित हो रही है।

## बरौदखार के पास हाईवे में खड़े ट्रक से टकराई बस, कई घायल

### अचानक झपकी लगी चालक को, इसे बताया कारण



**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। पिछली रात बिलासपुर-अंबिकापुर नेशनल हाईवे-130 में खड़े ट्रेलर से एक यात्री बस जा भिड़ी। दुर्घटना में कई यात्री घायल हुए हैं जबकि सेट में फंसे एक यात्री को कई घंटे की मशक्कत के बाद निकाल लिया गया। पीड़ितों को नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि यात्री बस के ड्राइवर और कंडक्टर फरार हो गए। उनकी खोजबीन की जा रही है। खबर के अनुसार बुधवार को तड़के लगभग 4 बजे यह हादसा बांगो थाना क्षेत्र के बरौदखार में हुआ। जानकारी में बताया गया कि अम्बिकापुर नेशनल हाईवे में बरौदखार के पास ट्रेलर खड़ा कर चाक आराम कर रहा था। झारखंड के गढ़वा से रायपुर के लिए संचालित होने वाली रात्रिकालीन दुबे ट्रेवल्स की यात्री बस रायपुर की तरफ जाने के दौरान इस इलाके में दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया गया कि यात्री बस के चालक के लापरवाही से यह वाहन ट्रेलर के पीछे जा भिड़ा। पता चला कि रात्रि में यात्री बस की स्पीड काफी ज्यादा थी और इसी दरमियान चालक को नींद का झोंका आ गया। ऐसे में उसे हाईवे पर खड़ा ट्रेलर नजर नहीं आया और अगले पल बस का नमूना बदल गया। यात्रा के दौरान स्लीपर बस में सोए हुए यात्रियों की नींद टूटी और वे जोरदार हुई टक्कर से लगी चोट के कारण कराहने लगे। इससे पहले की लोगों को समझने का मौका मिलता, आगे की स्थिति को भापकर यात्री बस चालक और कंडक्टर भाग निकले। हाईवे से गुजरने वाले लोगों ने इस घटना के बारे में पुलिस के डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद लोगों की मदद से पुलिस ने बस में समान लोगों को बाहर निकाला और चोट के आधार पर उन्हें अस्पताल भिजवाने की कार्रवाई की। हादसे में बस के केबिन के पास वाले हिस्से में एक यात्री बुरी तरह से फस गया था। लगभग 5 घंटे तक मशक्कत करने के बाद उसे सुरक्षित निकाला जाना संभव हो सका। पुलिस थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा ने बताया कि मामले को लेकर अपराध दर्ज किया गया है।

## डीएसपीएम के 7 कर्मी सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। सीएसई बी के डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व से माह जुन-2025 में वरिष्ठ रसायनज्ञ कामेश्वर धर दीवान, अनुभाग अधिकारी रेणू भेलवा, वरिष्ठ पर्यवेक्षक, फेबियन गैलियर, सुशांत सरकार, संयंत्र सहायक श्रेणी-दो, एम प्रकाश (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति), कक्ष सेविका कमला बाई पटेल, भृत्य श्रीमती मीरा त्रिपाठी सेवानिवृत्ति हुये। सीनियर क्लब में इन्हें विदाई दी गई। मुख्य अभियंता संजीव कंसल की अध्यक्षता में एवं अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, एल.एन.सूर्यवंशी, सुनील सरना, विजय सेन चौधरी एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के विशिष्ट आतिथ्य व कर्मियों के परिजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अतिथियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों को कलाई घड़ी, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अभियंता ने इन सभी कर्मियों के कामकाज की सराहना की और कहा कि आगे जब कभी आपका सहयोग जरूरी होगा, हम याद करेंगे। कार्यपालन अभियंता पन्ना लाल साहू ने संचालन किया। अभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता (मा.संसा.) देवी शंकर राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रसायनज्ञ सह वरि. कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिदार, हेमलता गुरूपंच, रजनी मरावी, राजीव पॉल, महिपाल कैवर्त, भुवनेश्वरी साहू, जयमंगल साहू एवं राजकुमार केंवट ने सहयोग दिया।

## सफाई को अपनाने से मुक्ति मिली बीमारियों से : मेयर



**कोरबा**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा है कि आम लोगों में साफ-सफाई व स्वच्छता के प्रति बेहद जागरूकता आई है। लोगों ने स्वच्छता को अपनाया है जिसके कारण गंदगी से जुड़ी बीमारियों से हमें मुक्ति मिल रही है।

सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान 2025 के शुभारंभ पर महापौर ने यह बात कही। उन्होंने निर्मला हायर सेकेण्डरी स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा के छात्र-छात्राओं को हाथ धुलाकर एवं स्वच्छता शपथ ग्रहण कराकर अभियान का शुभारंभ किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों व शिक्षकों को हर हाल में साफ-सफाई को अपनाने की शपथ दिलाई। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि वे स्वच्छता का संदेश लेकर यहां पहुंचे है। आप सब भी स्वच्छतादूत बने तथा अपने घर, गली, मोहल्ले व शहर में स्वच्छता की अलख जगाएं। विद्यालय की प्राचार्या सोना मैरी ने कहा कि हमारे जीवन में साफ-सफाई व स्वच्छता का अत्यधिक महत्व है, स्वच्छता हमें स्वस्थ जीवन देती है, बीमारियों से दूर रखती है, जिसके परिणाम स्वरूप हम अपने सामाजिक दायित्वों का भी सफल निर्वहन कर पाते हैं। उक्त आयोजन अवसर पर निगम के जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, उप जोन प्रभारी सुमित गुप्ता, पी.आई.यू. धनमोहन रात्रे व पकंज गभेल उपस्थित थे।

## भारी वर्षा से ढोढ़ीपारा के एक मकान का एक हिस्सा धंसा, कई सामान बर्बाद



**कोरबा**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। सावन से पहले ही झमाझम बारिश ने राहत जरूर दी लेकिन इसके साथ आफत का दौर भी शुरू हो गया है। कोरबा के ढोढ़ीपारा वार्ड में बारिश के चक्कर में कुछ लोगों को नुकसान हुआ। यहां पर एक मकान का बाथरूम पूरी तरह से धराशाई हो गया। इसकी चपेट में कई महंगे सामान आ गए। स्थानीय पार्षद ने यहां पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान को लेकर स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया गया है। बताया गया कि ढोड़ीपारा वार्ड में उत्तरा केवट के मकान में पिछली रात यह घटना हुई। लगातार कई घंटे की बारिश ने सभी तरफ अपना असर डाला और इसका नतीजा यह हुआ कि कुछ मामलों में बारिश नुकसान का कारण बनी। केवट के मकान के बाथरूम की छत इस दौरान धराशाई हो गई और पूरा आसपास में बिखर गया। बताया गया कि इसी हिस्से में वाशिंग मशीन के अलावा कई महंगे सामान रखे हुए थे। ये सभी नष्ट हो गए। मकान मालिक काफी लंबी चपत इस घटना में लगी है। जोर की आवाज के साथ घर के लोगों की नींद खुली तो उन्होंने यहां के नजारे को देख माथा पीट लिया। आज सुबह इलाके के पार्षद लक्ष्मण श्रीवास ने मौके पर पहुंच वस्तुस्थिति देखी। उनके द्वारा प्रशासन को इस बारे में अवगत कराया गया है।

## 50 हजार रुपए खर्च करने पड़ते हैं शव दफनाने के लिए

### जमीन देने के लिए लोगों ने दिया तर्क



**कोरबा**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा जिले में कुछ लोगों के सामने समस्या यह है कि अगर उनके परिवार में किसी की मौत हो जाए तो शव दफनाने के लिए 50 हजार रुपए खर्च करने पड़ते है। दूसरे के इलाके में शव दफन के मामले में समस्या से बचने के लिए ऐसा करना ही पड़ता है। इसलिए ये लोग जमीन चाहते है।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मसीह धर्म को मानने वाले लोगों ने कब्रिस्तान के लिए जमीन की मांग करते हुए मंगलवार को कोरबा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है। लोगों का कहना है कि रामपुर, करतला में कब्रिस्तान नहीं होने के कारण मृतकों का अंतिम संस्कार करने की समस्या खड़ी हो जाती है। प्रशासन को बताया गया कि रामपुर क्षेत्र में कब्रिस्तान की व्यवस्था नहीं होने के कारण, मृतकों के अंतिम संस्कार में समस्या आ रही है। वर्तमान में उनके पास कोई अधिकृत कब्रिस्तान नहीं है, जिसके कारण उन्हें अंतिम संस्कार के लिए अन्यत्र जाना पड़ता है। उनका कहना है कि यह स्थिति उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है, और उन्हें उचित सम्मान के साथ अपने मृतकों का अंतिम संस्कार करने में कठिनाई हो रही है। अध्यक्ष विजय मेश्राम ने बताया कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 50 से अधिक चर्च हैं। अलग-अलग कारणों से उनके सामने समस्या पेश आती है।

# सिद्ध चक्र महामंडल विधान प्रारंभ हुआ जैन मंदिर में



**कोरबा**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में स्थान अष्टान्हिका महापर्व का शुभारंभ हो रहा है। इससे पहले सिद्ध चक्र महामंडल विधान की शुरूआत की गई। आर्यिका श्री 105अखंडमति माताजी, आर्यिका श्री 105 अभेदमति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 ध्यानमति माताजी के सानिध्य में यह अनुष्ठान होना है। इसकी संपूर्ण तैयारियां दिगंबर जैन मंदिर में कर ली गई है।

आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि विगत 15 दिनों से संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य एवं नवाचार्य श्री 108 समय सागर महाराज की शिष्या श्री 105 आदर्शमति माताजी के संघस्थ आर्यिका श्री 105 अखंड मति माताजी, श्री 105 अभेद मति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 ध्यानमति माताजी श्री दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान है। जानकारी दी गई कि अष्टान्हिका महापर्व के शुभ अवसर पर प्रात: 7 बजे से श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा एवं श्री विद्यासागर महाराज का पूजन के उपरांत श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ किया जाएगा। यह 3 से 10 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक चलेगा। उक्त विधान का संचालन ब्रह्मचारी अंकित जैन शास्त्री करेंगे। उनके द्वारा पात्र चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी तदोपरांत श्री सिद्धचक्र महामंडलविधान का शुभारंभ किया जाएगा। जैन मिलन समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने समाज के सभी सदस्यों से कहा है कि इस धार्मिक अनुष्ठान में भागीदारी करें।

## सार-संक्षेप

### कोटाडोल से ग्राम रामगढ़ तक की बहु प्रतिक्षित विकास की सड़क का निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ हो-गुलाब कमरों



**कोरिया,**02 जुलाई (देशबन्धु)। भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग सचिव को पत्र लिखकर जिला कोरिया अंतर्गत ग्राम रामगढ़ से ग्राम कोटाडोल तक की सड़क निर्माण कार्य की शीघ्र अनुमति प्रदान करने की मांग की है। पूर्व विधायक ने पत्र में उल्लेख किया है कि द्वितीय अनुपूरक वर्ष 2022-23 में स्वीकृत इस सड़क की लंबाई 27.20 किलोमीटर है जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति 46.95 करोड़ रुपयों की राशि के साथ दिनांक 22 सितंबर 2023 को जारी की जा चुकी है। पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने इसे जनहित से जुड़ा मामला बताते हुए मांग की है कि वित्त विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार शासकीय मितव्ययता के अंतर्गत इस कार्य को शीघ्र अनुमति प्रदान की जाये जिससे यह महत्वपूर्ण सड़क परियोजना प्रारंभ हो सके।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण का द्वितीय चरण संपन्न बालिकाओं को मिला सशक्तिकरण का संदेश




**चिरमिरी**,02 जुलाई (देशबन्धु)। आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ाबाजार चिरमिरी में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस चरण में लगभग 80 बालिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर शा.क.उ.मा.वि.बड़ाबाजार के प्रभारी प्राचार्य मदन लाल सागर नितेश मिश्रा (व्याख्याता), दीपक कुमार गोंड (व्याख्याता), स्मृति सोभती (अतिथि शिक्षिका) एवं शा.क.पूर्व माध्यमिक विद्यालय से प्राचार्य सविता श्रीवास्तव सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे। यह आयोजन कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. खाती, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति हब की जिला मिशन समन्वयक तारा कुशवाहा, वित्तीय साक्षरता समन्वय अनीता कुमारी साह एवं मास्टर ट्रेनर प्रभावती द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा के विविध तकनीकों के साथ-साथ मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, नवा बिहान- घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005, एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रकार का प्रशिक्षण न केवल बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित जीवन की ओर अग्रसर करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

### फर्जी बीमा पॉलिसी बनाकर 5 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़** 02 जुलाई (देशबन्धु)। फर्जी बीमा पॉलिसी बनाकर 5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्यवाही कर रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पीएनबी मेटलाइफ पॉलिसी के नाम पर रकम लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और पूरा पैसा अपने खाते में डाल लिया।

कोतवाली पुलिस को प्राप्त शिकायत के अनुसार, प्रार्थी बलबीर शर्मा (64 वर्ष) निवासी गजानंदपुर कॉलोनी रायगढ़ ने 28 जून 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2020 में वह पंजाब नेशनल बैंक, रायगढ़ शाखा में रकम जमा करने गए थे। उसी दौरान उनके पुराने परिचित ने उन्हें बैंक में उपस्थित पीएनबी मेटलाइफ कंपनी के मैनेजर निकेश कुमार पांडेय से मुलाकात कराई जिसने निवेश के बेहतर विकल्प के बारे में बताया । निकेश कुमार पांडेय ने भरोसा दिलाया कि पीएनबी मेटलाइफ में पांच साल के लिए निवेश करने पर अच्छा लाभ मिलेगा। भरोसे में लेकर आरोपी ने बलबीर शर्मा की पत्नी बाला देवी शर्मा के नाम से 5 लाख रुपये की पॉलिसी कराने के नाम पर चेक लिया और कागजी कार्रवाई करवा ली। करीब 10-12 दिन बाद आरोपी निकेश पांडेय उनके घर पहुंचा और बीमा से संबंधित पॉलिसी के दस्तावेज सौंपे। पांच साल बाद जब पॉलिसी की अवधि पूरी हुई तो प्रार्थी बलबीर शर्मा 17 जून को बैंक पहुंचे। वहां अधिकारियों ने जांच में बताया कि उस पॉलिसी नंबर पर किसी भी प्रकार की कोई बीमा पॉलिसी जारी नहीं हुई है और दिए गए दस्तावेज पूरी तरह फर्जी हैं। पॉलिसी फर्जी निकलने पर प्रार्थी ने आरोपी से संपर्क किया, लेकिन आरोपी टालमटोल करता रहा। जांच में पता चला कि पीएनबी मेटलाइफ के लिए दिया गया 5 लाख रुपये का चेक आरोपी ने अपनी बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के व्यक्तिगत खाते में जमा कर लिया और रकम हड़प ली। कोतवाली पुलिस ने बलबीर शर्मा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 भादंवि के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक ऐनु देवांगन व टीम को आरोपी की गिरफ्तारी में लगाया गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी निकेश कुमार पांडेय (41 वर्ष), निवासी वीर सावरकर नगर, हीरापुर टाटीबंध, रायपुर (छत्तीसगढ़) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने प्रार्थी के पैसों को कंपनी में निवेश न कर खुद के खाते में डालकर रकम का निजी इस्तेमाल किया।

### पेट्रोल पंप में तेल डलाते हुए बाईक में लगी भयंकर आग



**रायगढ़** 02 जुलाई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में मंगलवार की शाम उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक नई मोटर सायकल में पेट्रोल डालते ही अचानक उसमें भयंकर आग लग गई। जिससे बाईक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। उक्त घटना खरसिया थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया तहसील के पास स्थित सेवकराम फ्यूल्स पेट्रोल पंप में आज शाम साढ़े 4 बजे एक युवक अपनी मोटर सायकल में पेट्रोल डलाने पहुंचा था। जैसे ही पेट्रोल डलवाकर वह आगे बढ़ा ही था कि अचानक उसकी मोटर सायकल में आग लग गई। पेट्रोल पंप परिसर में अचानक बाईक में भयंकर आग लगते ही वहां काम करने वाले युवकों ने आग बुझाने का प्रयास किया साथ ही साथ जलती हुई बाईक को हाथों से खींचकर मुख्य सड़क की ओर ले गए, ताकि पेट्रोल पंप को बचाया जा सके। देखते ही देखते आग की लपटों में बाईक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि युवक ने उक्त बाईक को खरसिया के चोढ़ा चैक से 70 हजार रूपये में खरीदा था और पेट्रोल पंप में 1 हजार का पेट्रोल डलवाकर अपने घर जाने वाला था इसी बीच यह घटना हो गई।

# बुटिक में 43 लाख की चोरी मामले में पुलिस को मिली सफलता

## सामान रखने वाले ने खुद पुलिस को सौंपे चोरी के जेवर

**रायगढ़** 02 जुलाई (देशबन्धु)। रायगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनिया नगर में हुई लाखों की चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली पुलिस ने करीब 40 लाख रुपये मूल्य के चार सोने की बिस्किट, 3 अंगूठी और तीन नग चांदी का सिल्ली कागज बरामद किया है। मुख्य आरोपी घटना के बाद से फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार जुटी हुई हैं।

घटना की जानकारी के अनुसार 25 जून को अनूप अग्रवाल (55 वर्ष) निवासी सोनिया नगर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। उन्होंने बताया कि वे कपड़े के व्यवसायी हैं। 22 जून को वे अपनी पत्नी के साथ शहर से बाहर थे, उनका बेटा आदित्य अग्रवाल घर में मौजूद था। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि उस रात उसका दोस्त पंडित धीरज तथा घर के तीन स्टाफ मौजूद थे, जो देर रात चले गए। अगले दिन जब स्टाफ पहुंचे तो आदित्य की तबियत ठीक नहीं थी, जिसे परिचितों ने अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। 23 जून को जब आदित्य ने घर के दूसरे मंजिल के आलमारी चेक किए तो वहां रखे चार स्वर्ण बिस्किट गायब थे, साथ ही ग्राउंड फ्लोर ऑफिस से 3,40,000 नगदी, दो इस्तेमाली सोने की अंगूठी चोरी हो गई थी। चोरों ने बचने के लिए बुटिक में लगे सीसीटीवी डीवीआर और पीओई स्विच भी निकाल लिए थे।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, और कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में ही पुलिस को अंदरूनी व्यक्ति की संलिप्तता का अंदेशा हो गया था। इसके बाद प्रार्थी, उसके पुत्र और परिचितों पर नजर रखते हुए



संदिग्धों से पूछताछ की गई। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4),305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

इसी बीच पुलिस को अहम सुराग तब मिला जब सर्किट हाउस के सामने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी मीर रिजवान अली ने जानकारी दी कि उसका बचपन का मित्र धीरज शर्मा उर्फ पंडित धीरज घटना के अगले दिन सुबह उससे मिला था। धीरज ने उसे एक थैला रखने दिया और कहा कि फोन मत करना, बाद में आकर अपना सामान ले जाएगा। धीरज की हरकतें संदिग्ध लगीं, जब मीर ने थैला खोला तो उसमें रुमाल में लिपटा चार सोने की बिस्किट और चांदी देखकर वह हैरान रह गया। मीर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चोरी गए चार सोने की बिस्किट और तीन चांदी का सिल्ली ,3 अंगूठी जब्त कर लिया, जिनकी कुल कीमत 42 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

पुलिस ने घटना के दिन से ही आरोपी धीरज शर्मा की गतिविधियों को खंगालना शुरू किया। पूछताछ में प्रार्थी, उसका पुत्र आदित्य और अन्य गवाहों से भी महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। आरोपी धीरज शर्मा अपने साथ कुछ अन्य सोने-चांदी के जेवर और नगदी लेकर फरार है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश और सीएसपी अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल, कोतवाली स्टाफ तथा साइबर सेल की टीम की सतत मेहनत से चोरी गए अधिकांश सामान की बरामदगी संभव हो पाई है। मुख्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर बचा हुआ माल भी जब्त किया जाएगा।

# भाजपा के डेढ़ साल के कार्यकाल में आदिवासी, मजदूर व किसानों पर हो रहा अत्याचार-कांग्रेस

## राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के आगमन को लेकर सह प्रभारी जरिता और पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने की प्रेस वार्ता

**रायगढ़** 02 जुलाई (देशबन्धु)। आगामी 7 जुलाई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रायपुर आ रहे हैं। जिसके तैयारी को लेकर कांग्रेस नेतागण जिलेवार बैठक कर कार्यकर्ताओं से बातचीत करने के साथ साथ मीडिया से भी चर्चा कर रहे है। इस कड़ी में कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी जरीता लैतफलांग और पूर्व मंत्री उमेश पटेल , रायगढ़ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष नगेंद्र नेगी, शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला, पूर्व विधायक प्रकाश नायक सहित अन्य नेताओं ने कांग्रेस भवन रायगढ़ में प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला है।




मंगलवार 1 जुलाई को मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने आरोप लगाया कि सुशासन की बात करने वाली भाजपा सरकार में आदिवासी, किसान और मजदूर परेशान हो रहे हैं। किसानों को खाद व बीज के लिए भटकना पड़ रहा है। सरकार किसानों के हित के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल में प्रदेश की दुर्दशा हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय न तो निर्णय ले पा रहे हैं और न ही प्रदेश में उनका विकास का दिख रहा है। किसान,आदिवासी गरीब और मजदूरों की इनके राज में दुर्दशा हो गई है। उन्होंने तमनार के मुड़ागांव में अडानी समूह द्वारा जंगल काटे जाने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप सरकार फर्जी ग्राम सभा को आधार बनाकर जंगल उजाड़ रही है इस मामले में जांच और दोषियों कार्यवाही होने के साथ जंगलों के अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाना चाहिए।

विधायक उमेश पटेल ने कहा मुख्यमंत्री साय सरगुजा संभाग की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे है। शिक्षा विभाग भी उनके पास है। शिक्षा विभाग के सेटअप को घटाकर वन प्लस वन प्रायमरी एवं वन प्लस 3 मिडिल स्कूल में कर रहे हैं। 50 हजार शिक्षकों के पद समाप्त हो रहे हैं। वही राज्य सरकार आउटसोर्सिंग के जरिए भरती निकल कर छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी जरीता लैतफलांग ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहा जाता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा यहां के किसान त्रस्त है। जबकि प्रदेश सरकार सुशासन की बात करती है। भाजपा की सरकार प्रदेश में 10 हजार पाठशाला बंद कर 1400 मधुशाला खोल रही है। उन्होंने कहा कि 7 जुलाई को किसान, जवान, संविधान को लेकर कांग्रेस की रैली होगी, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष खडगे शामिल होंगे। इसमें प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम लोग शामिल होंगे।

एसएस स्टील में हादसा

# रफिंग सेक्शन की चलती मशीन में गिरने से मजदूर की मौत

### कंपनी प्रबन्धन का दावा, घटना के दौरान हेलमेट पहना था मृतक, पुलिस जुटी जांच में

**रायगढ़,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। एसएस स्टील एंड पावर लिमिटेड प्लांट के रफिंग सेक्शन में हुए हादसे में एक मजदूर की दर्दनाक मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। कंपनी प्रबंधन का दावा है कि रफिंग मशीन में फन्नी ठोंकने के दौरान पांव फिसलने पर हेलमेट गिरने से मजदूर इस कदर धराशायी हुआ कि सिर फटने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक गेरवानी स्थित एसएस स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी में मूलतः बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के रतन माला मलाही टोला वार्ड नंबर 34 निवासी अजीत कुमार पिता मुन्ना साहनी (21 वर्ष) मजदूरी का काम करता था। प्लांट के बैरक में अजीत अपने भाई सुजीत साहनी के साथ रहता था। कल 30 जून की रात 8 से दूसरे रोज 8 बजे तक ड्यूटी थी। ऐसे में अजीत कंपनी के रफिंग सेक्शन में काम करने गया था। बताया जाता है कि तकरीबन 8 बजकर 40 मिनट पर अजीत रफिंग मशीन में फन्नी ठोक रहा था। इस दौरान अचानक उसका पांव फिसल गया। मजदूर युवक अपने आपको सम्हाल पाता, इसके पहले वह चलते हुए रफिंग मशीन में सिर के बल वह ऐसे गिरा कि दाहिने तरफ गंभीर चोंट लगने ओर वह लहूलुहान हो गया।

फिर क्या, रफिंग सेक्शन में अजीत को हादसे का शिकार बनते देख वहां कार्यरत मजदूरों में हड़कम्प और अफरा-तफरी मचते ही डर के मारे उन्होंने कुछ देर के लिए काम करने से हाथ खड़ा कर दिया। वहीं, मौके पर इलेक्ट्रिशियन लोकेश कुमार शर्मा ने जब देखा कि अजीत के सिर के दाहिना हिस्सा बुरी तरह जख्मी है तो मौके की नजाकत को भांप उन्होंने कंपनी के एम्बुलेंस से कंपनी के एम्बुलेंस से घायल मजदूर को रायगढ़ में डॉ. आरएल अग्रवाल हॉस्पिटल लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया।

इसके बाद रात में ही अजीत को बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल ले गए। वहां भी जांच के बाद मजदूर को रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था तो जिंदगी और मौत के बीच संघर्षरत श्रमिक ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। हालांकि, मेकाहारा ले जाने पर डॉक्टर्स ने भी प्राथमिक परीक्षण में ही सब मृत घोषित कर दिया। बहरहाल, 1 जुलाई की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद अजीत के शव को अंतिम संस्कार के लिए शोकाकुल परिवार को सौंपने वाली पुलिस मर्ग कायम करते हुए हादसे की असलियत जानने के लिए छानबीन में जुटी है।

### सुरक्षा इंतजाम में चूक ने ली श्रमिक की जान

एसएस स्टील एंड पावर लिमिटेड के रफिंग मशीन में अपनी जान गंवाने वाला अजीत एक महीने पहले ही काम करने बिहार से रायगढ़ आया था। कंपनी प्रबंधन की माने तो हादसे के समय अजीत हेलमेट पहनकर काम कर रहा था। फन्नी ठोकने के दौरान हेलमेट गिरने से वह चलती मशीन की गिरफ्त में आ गया। अगर कंपनी में सुरक्षा इंतजामात दुरुस्त रहता तो हेलमेट कैसे गिरता। कुछ मिलाकर कहें तो पुलिस अब इस एंगल को फोकस कर रही है कि सुरक्षा व्यवस्था में चूक हुई तो कहां। यही वजह है कि पुलिस अब घटना स्थल का मुआयना करते हुए तहकीकात को आगे बढ़ाएगी।

## छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लाक इकाई मनेंद्रगढ़ का हुआ गठन

### कृष्णा वस्त्रकार महासचिव व प्रशांत तिवारी बने उपाध्यक्ष

**मनेन्द्रगढ़,**02 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ मनेन्द्रगढ़ इकाई की एक आवश्यक बैठक बुधवार 2 जुलाई को स्थानीय रेस्ट हाउस मनेन्द्रगढ़ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई मनेंद्रगढ़ के अध्यक्ष शुध्दूलाल वर्मा ने की वहीं मुख्य अतिथि के रूप में संघ के जिला अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी व विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के जिला महासचिव द्रोणाचार्य दुबे व संघ के उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार रामचरित द्विवेदी उपस्थित रहे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष शुध्दूलाल वर्मा ने ब्लॉक इकाई मनेंद्रगढ़ का विस्तार किया जिसमें संघ के वरिष्ठ सदस्य कृष्णा वस्त्रकार को महासचिव एवं प्रशांत तिवारी को उपाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष शुध्दूलाल वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने सहित पत्रकारों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए रचनात्मक गतिविधियाँ संचालित कर मजबूती के साथ काम करेंगे। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संगठनात्मक कार्यों को गति देने एवं एकजुटता बनाए रखने की दिशा में यह बैठक मील का पत्थर साबित हुई। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय पत्रकार रफीक मेमन, विनय पाण्डेय, विनीत जायसवाल ने उपस्थित सदस्यों के समक्ष अपने विचार रखे। इस मौके पर नवोदित पत्रकार ध्रुव द्विवेदी ने श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता ग्रहण कर संगठन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बैठक के दौरान मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के सभी सक्रिय पत्रकारों को संघ की ओर से प्रेस पहचान पत्र (प्रेस कार्ड) वितरित किए गए। यह वितरण वरिष्ठ पत्रकार और संघ के जिलाध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों को निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता के लिए प्रेरित किया।



बैठक में प्रमुख रूप से श्रमजीवी पत्रकार संघ एमसीबी के जिलाध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष रफीक मेमन, उपाध्यक्ष रामचरित द्विवेदी, विनीत जायसवाल, विनय पाण्डेय, मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष शुध्दूलाल वर्मा, महासचिव कृष्णा वस्त्रकार, ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रशांत तिवारी, रविकांत सिंह राजपूत, राजेश सिन्हा, कासिम अंसारी, रविन्द्र सोनी सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता से कार्य करने का संकल्प लिया।

### मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की थी आत्महत्या

**रायगढ़** 02 जुलाई (देशबन्धु)। पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम आरमुड़ा निवासी सुशील भूमिया द्वारा जहर सेवन कर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

29 मई 2024 को ग्राम आरमुड़ा निवासी सुशील भूमिया (27 वर्ष) ने जहर सेवन कर लिया था। परिजनों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायगढ़ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान मृतक के परिजनों व गवाहों के बयान में यह तथ्य सामने आया कि मृतक सुशील ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट लिखा था। परिजनों ने पुष्टि की कि ग्राम आरमुड़ा के निवासी सब्या भूमिया, दिलीप भूमिया, राजेश भूमिया, बालमुकुंद नायक और लवकुमार महापात्र द्वारा सुशील भूमिया को मानसिक रूप से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।

# जनहित के कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी-श्रीमती चन्दन त्रिपाठी

### सड़कों से आवारा मवेशी नहीं हटने पर होगी कार्रवाई

### राजस्व प्रकरणों में त्रुटि सुधार के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश

**कोरिया,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित के कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने सुदूरवर्ती गांवों में उचित मूल्य की दुकानें दूर होने की स्थिति में गांव में ही राशन उपलब्ध कराने और राशन वितरण को समयबद्ध व व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए।

**मानसून में स्वास्थ्य सेवाएं रहें सशक्त, जर्जर भवनों का हो तुरंत डिस्मेंटल**

कलेक्टर ने मानसून को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सुदूर इलाकों में प्राथमिक उपचार, दवा और जांच की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने स्कूल, आंगनवाड़ी भवनों व अन्य जर्जर शासकीय भवनों की सूची उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि समय पर डिस्मेंटल कराया जाए और कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने जाति व निवास प्रमाण पत्रों के त्वरित निराकरण हेतु 15 जुलाई के बाद संकुल स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि हर शुक्रवार को इसकी प्रगति की रिपोर्ट दी जाए।




**बीएसएनएल केबल कटा, पीएचई को लापरवाही पर फटकार**

बैठक में बीएसएनएल अधिकारी द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के कार्य के दौरान पाइपलाइन डालते समय केबल क्षतिग्रस्त हो गई है। कलेक्टर ने इस पर पीएचई विभाग को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार की कार्यवाही के निर्देश दिए और भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की चेतावनी दी।

**हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चोरी पर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुई चोरी की घटना पर कलेक्टर ने गंभीरता दिखाते हुए बाउंड्री वॉल, गार्ड रूम निर्माण तथा सीवरेज पाइप सुधार की स्वीकृति देने और त्वरित कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ जल संसाधन विभाग कॉलोनी में वृक्षारोपण करने को भी कहा गया।

**आवारा मवेशियों पर सख्त रुख, कार्रवाई के संकेत**

कलेक्टर ने बैकुंठपुर, शिवपुर चरचा, पटना के तीनों नगरीय निकायों के अधिकारियों, जनपद सीईओ और पशुपालन विभाग को सख्त निर्देश दिए कि सड़कों पर घूमते आवारा मवेशियों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखें। क्योंकि इनके वजह से आए दिन एक्सीडेंट की संभावना बनी रहती हैं,ऐसा नहीं करने पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**राजस्व प्रकरणों में गति, त्रुटि सुधार हेतु शिविर**

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक में राजस्व विभाग के नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन, ई-कोर्ट, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, पीएम किसान पंजीयन, स्वामित्व योजना आदि से संबंधित मामलों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 3 से 5 वर्षों से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें, और त्रुटि सुधार हेतु विशेष शिविरों का आयोजन करें। साथ ही आवेदकों को स्पष्ट जानकारी दें कि आवेदन के कितने दिन बाद निराकरण होगा।

**जनदर्शन व प्रमाण पत्र मामलों पर विशेष ध्यान**

कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी बच्चों के जाति प्रमाण पत्र और शासकीय कार्यालयो हेतु भूमि आवंटन के मामलों की स्थिति भी जानी।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों से कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसमें किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

## सार-संक्षेप



### 25 बालिकाओं को चांपा रेलवे स्टेशन से किया गया रेस्क्यू

**नवोदय विद्यालय भद्रक (उड़ीसा) की छात्राएं महिला टीचर के साथ फंसी थीं**

**जांजगीर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। आज जांजगीर-चांपा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 25 बालिकाओं को सुरक्षित रेस्क्यू कर कोरबा रवाना किया। यह छात्राएं जवाहर नवोदय विद्यालय, भद्रक (उड़ीसा) की थीं, जो माइग्रेशन प्रोग्राम के तहत कोरबा स्थित नवोदय विद्यालय आ रही थीं। सूचना के अनुसार, उड़ीसा से आए बालक एवं बालिकाओं के इस दल को चांपा रेलवे स्टेशन से बस के माध्यम से कोरबा पहुंचना था। संचार की कमी के कारण पुरुष शिक्षक के साथ बालकों का दल तो बस में सवार होकर कोरबा रवाना हो गया, लेकिन महिला शिक्षक के साथ 25 बालिकाएं स्टेशन पर ही रह गईं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए महिला शिक्षक ने स्कूल प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो पाई। इसके बाद उन्होंने जांजगीर के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय से फोन पर संपर्क कर मदद की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल चांपा थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए। थाना चांपा से सब-इंस्पेक्टर उमेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम तुरंत चांपा रेलवे स्टेशन पहुंची। टीम ने महिला शिक्षक से संपर्क कर स्थिति को समझा और दो वाहनों की त्वरित व्यवस्था कर सभी बालिकाओं और शिक्षक को सुरक्षित कोरबा के लिए रवाना किया। भारी बारिश और अव्यवस्था के बीच समय पर मिली इस सहायता से महिला शिक्षक सहित सभी बालिकाएं बेहद राहत महसूस कर रहीं थीं। उन्होंने जांजगीर-चांपा पुलिस और विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के त्वरित निर्णय और संवेदनशीलता की सराहना की।

### कार्य में अनियमितता पर हटाए गए आवास मित्र

**सारंगढ़,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों से समन्वय कर आवास निर्माण में कार्य प्रगति लाने, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री उपलब्धता में सहायता के लिए चंवरपुर क्लस्टर में आवास मित्र लीलाम्बर महंत का चयन किया गया था, किन्तु आवास मित्र महंत के द्वारा बैठकों में अनुपस्थित रहने के साथ-साथ ग्राम पंचायत अमेठी के अप्रारंभ, अपूर्ण आवास वाले हितग्राहियों के आईडी में किसी दूसरे निर्माणाधीन आवासों का जियोटैग कर आगामी किश्त दिलाने हेतु अनियमितता की गई। आवास मित्र महंत के द्वारा कार्य करने में कोई रूचि नहीं लेने, आवास पूर्णता की प्रगति कम करने और नोटिस का जवाब नहीं देने के कारण कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ ने लीलाम्बर महंत को आदेश जारी कर आवास मित्र पद से पृथक किया है।

### उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज करेंगे नगरीय निकायों के अटल परिसर का लोकार्पण

**सारंगढ़,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत पवनी, भटगांव, सरसींवा और नगरपालिका परिषद सारंगढ़ में अटल परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी जी के मूर्ति का लोकार्पण करेंगे।


### जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल के ने लगाए निःशुल्क नेत्र रोग मोतियाबिंद जांच निदान शिविर

**डभरा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत डभरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास में निःशुल्क नेत्र रोग मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन समाजसेवी एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता जिला पंचायत सक्ती के उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल द्वारा एमजीएमआई इंस्टीट्यूट रायपुर के सहयोग से 1 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया। जिसमें दूरस्थ अंचल से आए नेत्र रोगीयो का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क मशीन से जांच किया गया। डाक्टरों द्वारा 42 मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों को एमजीएमआई इंस्टीट्यूट रायपुर आपरेशन के लिए ले जाया गया एवं लगभग 150 लोगों का नेत्र जांच कर चश्मा वितरण किया गया एवं अन्य नेत्र पीड़ितों की जांच कर दवाई दिया गया।पहली बार में ही इस निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 250 से अधिक लोगों को लाभ मिला। हम आपको बता दें कि समाजसेवी एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल द्वारा लगातार जरूरतमंद लोगों कि सेवा कर रहे है।आज निःशुल्क नेत्र मोतियाबिंद जांच शिविर लगाकर लोगों के लिए एक प्रयास किया गया है । वही जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल के अथक प्रयास से नगर पंचायत डभरा में निःशुल्क नेत्र मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा जांच कर पावर चश्मा एवं मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों को आंख के आपरेशन के लिए एमजीएमआई इंस्टीट्यूट रायपुर के वाहन से रायपुर ले जाया गया है जहां उनका सही इलाज मोतियाबिंद का आपरेशन किया जाएगा। ग्रामीण अंचल के लोगों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर वरदान साबित हो रहा है। क्योंकि नेत्र पीड़ितों को निशुल्क दवाई इलाज भोजन वाहन की व्यवस्था की गई है। जिसे ग्रामीणों क्षेत्र में सराहना की जा रही है। जरूरतमंद लोगों को आंख के मोतियाबिंद का आपरेशन होने पावर चश्मा मिलने से खुश नजर आ रहे है। निःशुल्क नेत्र मोतियाबिंद जांच निदान शिविर में आए सभी लोगों को नाश्ता एवं भोजन कराया गया।



### मां की जागरूकता से रोके गए तीन बाल विवाह पुलिस की तत्परता से समय रहते हुई कार्रवाई

**जांजगीर,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के ग्राम गुरावांट में प्रस्तावित तीन नाबालिगों की शादी को समय रहते रोक लिया गया। इस कार्य में एक सजग मां लक्ष्मीन बाई की जागरूकता और पुलिस प्रशासन की तत्परता ने अहम भूमिका निभाई। बाल विवाह की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर थाना बम्हनीडीह प्रभारी भवानी सिंह चौहान द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक बालिका की मां लक्ष्मीन बाई ने स्वयं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर जानकारी दी कि उनकी बेटी की शादी, परिवार के ही एक सदस्य द्वारा, एक नाबालिग लड़के से करवाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए श्री पाण्डेय ने तत्काल थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना बम्हनीडीह की टीम ने ग्राम सोठी पहुंचकर संबंधित परिवारों से पूछताछ की। जांच में तीन में से दो लड़के और एक लड़की को विवाह योग्य आयु से कम पाया गया। जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर यह पुष्टि हुई कि प्रस्तावित विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आते हैं। तत्पश्चात, पुलिस द्वारा परिजनों को समझाइश दी गई और प्रस्तावित विवाह तत्काल प्रभाव से रोक दिए गए। बाल विवाह रोकथाम की इस सफल कार्रवाई में न केवल एक सजग मां की भूमिका सराहनीय रही, बल्कि स्थानीय पुलिस प्रशासन की तत्परता भी प्रशंसनीय रही



**पन्नी में लिपटी लाश, भाषणों की चमक फीकी**

# धरती आबा उत्सव की चकाचौंध के बीच बाना परसाही गांव की हकीकत,आदिवासी महिला को नहीं मिला अंतिम संस्कार का ठौर

*जांजगीर, 02 जुलाई (देशबन्धु)। जहां एक ओर शासन-प्रशासन बिरसा मुंडा के नाम पर धरती आबा उत्सव की रौनक में डूबा रहा, वहीं दूसरी ओर हकीकत यह रही कि उसी धरती के बेटे-बेटियों को सम्मानजनक विदाई तक नसीब नहीं हो रही।*

*ताज़ा मामला अकलतरा क्षेत्र के बाना परसाही गांव का है, जहां एक आदिवासी महिला के निधन के बाद परिजन दिनभर बारिश थमने का इंतजार कर शव को घर में रखने को मजबूर रहे। शाम होते-होते जब कोई व्यवस्था नहीं बनी, तो मजबूरी में पन्नी तानकर शव का अंतिम संस्कार किया गया। यह सवाल सिर्फ बाना परसाही का नहीं, पूरे आदिवासी अंचल का है, धरती आबा बिरसा मुंडा के नाम पर मंच सजते रहेंगे, या उस धरती के बाशिंदों को भी सम्मान के साथ विदाई का अधिकार मिलेगा? जनता पूछ रही है कि कब तक पन्नियों में लिपटी रहेगी अस्मिता?*



### ना शेड, ना सड़क, ना श्मशान

*उस गांव का यह हाल है जहां ना शेड, ना सड़क, ना श्मशान है ,कुछ ही दिन पहले यहां धरती आबा उत्सव में अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने आदिवासी उत्थान की लंबी-चौड़ी बातें की थीं।*

### धरती के बेटों के लिए ज़मीन क्यों नहीं?

*मामले में प्रशासन की ओर से सफाई दी जा रही है कि भूमि विवाद के कारण निर्माण नहीं हो पाया। लेकिन सवाल उठता है मॉल, मंच और अधिकारियों की कोठियों के लिए ज़मीन कहां से आ जाती है? क्या आदिवासियों को अंतिम विदाई तक की जगह नहीं देना हमारी प्राथमिकताओं की असलियत नहीं बताता?*

### यह पहली बार नहीं

***पोड़ी दल्हा**-महिला की मौत के बाद शव को कीचड़ में घसीटा गया, चक्काजाम हुआ — प्रशासन ने सिर्फ बयान दिए।*

***बुचीहरदी**-पन्नी तानकर अंतिम संस्कार, विधायक ने सहायता राशि दी — पर समस्या वहीं की वहीं।*

***बाना परसाही**-फिर वही तस्वीर—न सड़क, न शेड, न श्मशान।*

### आदिवासी मुख्यमंत्री के रहते भी यही हाल?

*छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री स्वयं आदिवासी हैं। फिर भी उनके कार्यकाल में आदिवासी अंचलों की यह उपेक्षा क्या आत्ममंथन का विषय नहीं होनी चाहिए?*

### जरूरत अब घोषणा नहीं, कार्रवाई की है

*हर पंचायत में स्थायी मुक्तिधाम का निर्माण अनिवार्य किया जाए। वर्षा-ऋतु जैसे हालात में उपयोगी अस्थायी शेड और पक्की पहुंच सड़कें बनाई जाएं। मुक्तिधाम विहीन गांवों की सूची बनाकर प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य शुरू हों। जनप्रतिनिधि केवल भाषण न दें, निरीक्षण करें और जवाबदेही तय की जाए।*

## कलेक्टर ने किया बीडीएम अस्पताल, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा, अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी**

**जांजगीर,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज चांपा के बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सालय (बीडीएम), सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, हनुमान धारा, इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया।



कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि मरीजों का बेहतर एवं संवेदनशीलता के साथ इलाज करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ समय पर दिया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में कबाड़ हो चुके बेड सहित विभिन्न सामानों का निपटान न होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं एक माह में निपटान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में आये मरीजो से उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लेते हुए डॉक्टरों को बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। यदि सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भवन में हो रहे सीपेज को तत्काल ठीक करने, टाइल्स लगाने और सभी निर्माण कार्यों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने मेडिकल वेस्ट का उचित निपटान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एसडीएम सुमित बघेल को नियमित रूप से अस्पताल निरीक्षण करने कहा।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने चांपा नगर स्थित हनुमान धारा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संभावनाशील है और इसे सुनियोजित रूप से विकसित किए जाने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए कि हनुमान धारा के सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस स्थल को आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ उन्होंने हनुमान धारा परिक्षेत्र अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण भी किया।

### चांपा में एसटीपी निर्माण का अवलोकन

कलेक्टर ने नगरीय निकाय चांपा के वार्ड क्र. 13 घोघरा नाला नया फिल्टर प्लांट के पास शासन द्वारा स्वीकृत 5.3 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने एसटीपी कार्य के ठेकेदार को एसटीपी कार्य को निर्धारित समयावधि में उच्चगुणवत्तायुक्त करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शहर के नालों का पानी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से ट्रीट करके ही वापिस नदी में छोड़ा जाएगा। उन्होंने एसडीएम चांपा को कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्लांट के पूर्ण हो होने जाने पर वे स्वयं आकर फंक्शन का टेस्ट एवं वास्तविक स्थिति का जायजा लेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका चांपा अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, एसडीमए चांपा सुमित बघेल, नगर पालिका सीएमओ भोलाराम सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शराब के लिए पैसे की मांग कर मारपीट दो आदतन अपराधी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। थाना शिवरीनारायण पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए शराब के लिए पैसे की मांग कर गाली-गलौच व मारपीट करने वाले दो आदतन बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। दोनों आरोपियों पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार किये गये आरोपी स्वपनिल यादव, थाना शिवरीनारायण अनुराग उर्फ लक्की यादव, उम्र 24 वर्ष, निवासी खरौद थाना शिवरीनारायण है। मामले में 1 जुलाई को पीड़ित व्यक्ति अपने साथी के साथ लोहर्सी स्थित चखना दुकान के पास बैठा था, तभी आरोपी स्वपनिल यादव एवं अनुराग यादव वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। पीड़ित द्वारा पैसे नहीं होने की बात कहने पर दोनों आरोपियों ने नाराज़ होकर अश्लील गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। स्वपनिल यादव ने डंडे से और अनुराग ने हाथ-मुक्के से हमला कर पीड़ित को चोट पहुंचाई। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण में अपराध की धारा 119(1), 296, 351(3), 115(2), 3(5) ब्हह्स के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। शिवरीनारायण पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को उनके निवास स्थान से हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। तत्पश्चात गिरफ्तारी कर दोनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



### आपराधिक पृष्ठभूमि

आरोपी अनुराग उर्फ लक्की यादव का नाम थाना शिवरीनारायण के गुंडा-बदमाशों की सूची में शामिल है। आरोपी स्वपनिल यादव के विरुद्ध भी पूर्व में कई मामले दर्ज हैं। उसकी हिस्ट्रीशीट तैयार कर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा, सहायक उप निरीक्षक कपिल राम साहू, आरक्षक पतिराम यादव, बलराम यादव एवं कुलदीप खुंटे की विशेष भूमिका रही।

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

**कलेक्टर ने ली जीवन दीप समिति कार्यकारिणी की बैठक**

**जांजगीर,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति कार्यकारिणी की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए जरूरी संसाधनों की पूर्ति और



आवश्यक सुधार कार्य समयबद्ध रूप से करने कहा। उन्होंने इस दौरान कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे है उनको समय सीमा में पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज बर्मन, सिविल सर्जन डॉ एस एस कुजुर, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में सिविल सर्जन द्वारा समिति के समक्ष विभिन्न बिंदुओं पर आधारित एजेंडा प्रस्तुत किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय जांजगीर के ऑर्थो, सर्जिकल एवं नेत्र विभाग की छत में हो रही सिपेज की समस्या के समाधान हेतु छत की मरम्मत कार्य का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर कलेक्टर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को मरम्मत करने के निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल के आवश्यकता के अनुरूप जीवन दीप समिति के अंतर्गत 5 स्टाफ नर्स, 03 कम्प्यूटर ऑपरेटर रखने, विद्युत कक्ष उन्नयन, पंजीयन काउंटर के विस्तार सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु उक्त विषयों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## सारंगढ़ बीएमओ का स्थानांतरण पत्थलगाँव करने जिला एनएसयूआई ने खोला मोर्चा

**सारंगढ़,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला हुआ है । चिकित्सा विभाग द्वारा आदेश जारी किया है। जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से पदस्थ डाक्टरों के तबादला होने के बाद भी संशोधित आदेश के तहत तबादला रोक दिया गया है। जिसको लेकर एन एस यू आई जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा के निर्देश पर जिले भर में एन.एस. यू. आई कार्यकर्ताओं ने आज बुधवार को, एन.एस.यू.आई विधानसभा अध्यक्ष अंकित पटेल के नेतृत्व में कलेक्टरेट में अपर कलेक्टर को,सरिया ब्लॉक अध्यक्ष निखिल डनसेना के नेतृत्व में तहसील कार्यालय सरिया में तहसीलदार को,बरमकेला ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश पटेल के नेतृत्व में तहसील कार्यालय बरमकेला में बरमकेला तहसीलदार को, एवं सरसींवा ब्लॉक अध्यक्ष प्रियांशु जांगड़े के नेतृत्व में तहसील सरसीवा में सरसींवा तहसीलदार को पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सारंगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से पदस्थ दो डॉक्टर आर एल सिदार और डॉ सुरेश कुमार खूंटे का हाल ही में तबादला क्रमशः पत्थलगांव और कोडागांव किया गया था। जनता आस लगाए बैठी थी कि सारंगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कर्म प्रधान डॉक्टर मिलने जा रहा है। जो कि शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को अच्छे से इलाज व समय की उपलब्धता प्रदान करें।



एनएसयूआई ने बी.एम.ओ आर. एल.सिदार पर आरोप लगाया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में पदस्थ डॉक्टर सरकारी समय में खुद की निजी क्लीनिक में अपना समय देते हैं। जो की पूर्ण रूप से सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के जान से खिलवाड़ है। व सरकारी नियमों का उल्लंघन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यहां डॉ आर एल सिदा डॉक्टर विगत 25 वर्षों से ही पदस्थ है। इनका खुद का निजी अस्पताल भी सारंगढ़ में है। लंबे समय से एक स्थान पर पदस्थ रहने पर दोनों मगरा गए हैं। एन एस यू आई ने कहा है कि दोनों डॉक्टरों का तबादला हो अन्यथा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## बीजेपी का आपातकाल दिवस, डॉ श्यामाप्रसाद जयंती, एक पेड़ मां के नाम संयुक्त कार्यक्रम संपन्न

**बड़े देवगांव की सरपंच ने थामा बीजेपी का दामन**

**खरसिया,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। खरसिया विधानसभा के महका मंडल के ग्राम बड़े देवगांव में एक संयुक्त कार्यक्रम, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, बहनों की उपस्थिति में गौरवपूर्ण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आपातकाल दिवस विषय पर वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र गवेल, डॉ श्यामाचरण मुखर्जी की जीवनी पर ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री सनत नायक, वृक्षारोपण पर जिला मंत्री महेश साहू और मोदी के 11 साल बेमिसाल विषय पर नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग और जिला पंचायत सदस्य बलदेव कुर्रे के द्वारा विस्तार से, सभी विषयों पर प्रकाश डाला गया। महेश साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए और जिस प्रकार मां अपने बच्चों की बड़े होते तक सेवा जतन और देखभाल करती है इस प्रकार प्रकार मां के नाम पर लगाए गए पौधे की वृक्ष का आकार लेते तक हमें देखभाल और सेवा करनी चाहिए नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि मैं मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और 2047 तक हम सबको मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र और विश्व का नंबर एक राष्ट्र बनाना है।




कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल के कार्यकर्ताओं सहित ग्राम बड़े देवगांव के सभी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा और सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एकजुटता का संदेश दिया कार्यक्रम के अंत में बड़े देवगांव के कार्यकर्ताओं और भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति से प्रभावित होकर, ग्राम के सरपंच श्रीमति संध्या मिरी, सरपंच प्रतिनिधि रोहित मिरी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बीजेपी प्रवेश करके, बीजेपी की रीति नीति के अनुसार कार्य करने का वचन भी दिया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ हितेश गवेल, महामंत्री श्रीमती लक्ष्मी देवी साहू, महामंत्री ओमप्रकाश राठौर, कोषाध्यक्ष शिव चरण महिष, कार्यकारिणी सदस्य और वरिष्ठ नेता मनोज राठौर, जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि लक्ष्मी पटेल, पंकज महिपाल, नोवल किशोर कनेर, संजय गवेल, गुलाब गवेल, जयप्रकाश डनसेना, सहित बड़े देवगांव के कुंती लता साहू, नन्द कुमार साहू जी, चोमन साहू, संजू साहू गोंड बोरदी से टिकेश्वर गवेल सहित ग्राम के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में, सभी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिये। इस सफल कार्यक्रम की सबसे बड़ी बात रही कि, बड़े देवगांव के समस्त कार्यकर्ता अपने बीच बड़े नेताओं को पाकर अत्यंत उत्साहित और खुश नजर आए और साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र गवेल ने नव प्रवेशी सरपंच जी के आग्रह पर ग्राम में एक सामुदायिक भवन, सी सी रोड और नाली निर्माण के लिए, जिला पंचायत से कार्य स्वीकृत करवाने हेतु घोषणा भी किए, जिससे समस्त ग्राम वासियों में भारतीय जनता पार्टी के लिए एक नए उत्साह, उम्मीद और ऊर्जा का संचार हुआ भारी बारिश के बावजूद, कल के कार्यक्रम को को सफल बनाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी महका मंडल अध्यक्ष जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ हितेश गबेल की तरफ से आभार व्यक्त किया गया।

# देश विदेश

## बांग्लादेश में छात्रों व पुलिस के बीच झड़प में 10 लोग घायल

**ढाका,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के चटगांव के पाटिया उप-जिले में पाटिया पुलिस स्टेशन के बाहर पुलिस और स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) के सदस्यों के बीच हिंसक झड़प में चार पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 10 लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। बांग्लादेश में छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प देर मंगलवार रात 9 बजे के आसपास हुई, जब स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के कार्यकर्ताओं ने शासक दल के एक नेता को केंद्रीय शहीद मीनार के पास हिरासत में लिया। बताया जा रहा है, इस झड़प में कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने की ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी सेना के अभियान की प्रशंसा, कहा

# व्हाइट हाउस में मनेगा ईरान के खिलाफ अभियान का जश्न

**वाशिंगटन,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के खिलाफ अभियान की सफलता का जश्न इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अगले सप्ताह यहां के भ्रमण के दौरान मनाएंगे। श्री ट्रम्प ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी और इजरायली हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि यह बहुत त्वरित जश्न होगा। हमें एक बड़ी सफलता मिली है।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार श्री ट्रम्प ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी सेना के अभियान की प्रशंसा की और कहा कि मिशन में शामिल लोगों को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया जाएगा।

ईरान ने हालांकि इस धारणा को खारिज कर दिया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम नष्ट हो गया है और जोर देकर कहा कि उसके बारे में ज्ञान और वैज्ञानिक क्षमताएं बरकरार हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि बमबारी के ज़रिए संवर्धन की तकनीक और विज्ञान को नष्ट नहीं किया जा सकता। हमारी इच्छाशक्ति मौजूद है और हम नुकसान की भरपाई कर पाएंगे और खोए हुए समय को जल्दी से वापस पा लेंगे। श्री ट्रम्प ने फ्लोरिडा में कहा कि



अमेरिकी हवाई हमलों और प्रतिबंधों से ईरान बहुत कमज़ोर हो गया है और वह अमेरिकी मांगों का विरोध करने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें ईरान के साथ जबरदस्त सफलता मिली। वह बमबारी से पूरी तरह तबाह हो चुका है। वह जगह तबाह हो गई। वहां तक पहुंचने में कई साल लग जाएंगे। इस दौरान जब उनसे ईरान के अमेरिका के परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर करने की संभावना के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह प्राथमिकता नहीं है। लेकिन हम ईरान से जो भी चाहेंगे, वह हमें मिलेगा। अरागची ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वार्ता इतनी जल्दी फिर से शुरू होगी। लेकिन कूटनीति के दरवाज़े कभी बंद नहीं होंगे।

- **मिशन में शामिल लोगों को व्हाइट हाउस में किया जाएगा आमंत्रित**
- **ईरान ने परमाणु कार्यक्रम के नष्ट होने की धारणा को किया खारिज**

## ईरान ने फोर्डो परमाणु संयंत्र पर शुरू किया काम



**उपग्रह की तस्वीरों से खुलासा**

**तेहरान।** ईरान ने पिछले महीने अपने परमाणु संयंत्रों पर की गई अमेरिकी बमबारी के बाद फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू कर दिया है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार टेक्नोलॉजीज की उपग्रह छवियों से उस संयंत्र तक पहुंचने के लिए एक नई सड़क के निर्माण और उपकरणों की तैनाती का पता चला है। उपग्रह की ली गयी तस्वीरों के अनुसार, ईरान अपने इस प्रमुख परमाणु संयंत्र में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए रात दिन काम कर रहा है और उपग्रह तस्वीरों में पहाड़ पर फोर्डो संयंत्र की ओर जाने वाली एक नई बनी सड़क दिख रही है। इसके साथ ही वहां कई वाहन भी दिख रहे हैं जिनमें एक उत्खनन वाहन और एक मोबाइल क्रेन शामिल हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के एक विश्लेषण का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि उत्खनन वाहन संभवतः भूमिगत संयंत्र को हुए नुकसान का निरीक्षण करने के लिए कैमरों या कर्मचारियों को नीचे उतारने के लिए स्टेजिंग एरिया तैयार कर रहा था। सोमवार को आईएसआईएस अध्यक्ष डेविड अलब्राइट ने कहा कि मैक्सार की तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान बम प्रभावित दो स्थलों पर नीचे की ओर निरीक्षण की तैयारी कर रहा है।

## आईएईए के साथ फिलहाल सहयोग नहीं करेगा ईरान



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ देश के सहयोग को फिलहाल रोकने के लिए कानून लागू करने का आदेश दिया है। 'तस्नीम न्यूज' एजेंसी ने बुधवार को बताया कि ईरानी संवैधानिक परिषद के प्रवक्ता हादी तहन नाजिफ ने कहा कि कानून में आईएईए के साथ फिलहाल सहयोग नहीं करने का प्रावधान है। यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि ईरान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इसकी परमाणु सुविधाओं तथा वैज्ञानिकों की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो जाती। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री पेजेशकियन ने मंगलवार को ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन,विदेश मंत्रालय और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को लागू करने का आदेश दिया। श्री नाजिफ ने कहा कि पिछले बुधवार को ईरानी संसद की ओर से पारित और अगले दिन संवैधानिक परिषद द्वारा अनुमोदित अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान की राष्ट्रीय संप्रभुता के उल्लंघन तथा देश की क्षेत्रीय अखंडता के साथ-साथ शांतिपूर्ण परमाणु सुविधाओं पर उनके हमलों के कारण कानून बनाया गया था।

## सुडोकू 6962


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6962



**बायें से दायें:-**

१. बड़ी मुश्किल से
३. बाकायदा
५. दहाड़
६. बेइज्जती, अपमानित
७. प्रयासरत
९. सामयिक
१०. जिसके अधिकार को समाप्त कर दिया गया हो (उर्दू)
१२. जहरीला
१३. छोटी टोकरी
१४. श्रीकृष्ण की पत्नी राधा की जन्मस्थली (उर्दू)
१६. जमीन में गड़ाना (उर्दू)
१८. त्रुटिपूर्ण (उर्दू)
२०. प्राय:, अधिकतर
२१. पथप्रदर्शक (उर्दू)
२३. मानव खोपड़ी

**ऊपर से नीचे:-**

१. थोड़ा भी
२. लिपिबद्ध (उर्दू)
३. गणेश
४. दरिंदगी, पाशविक (उर्दू)
५. बीता हुआ समय
८. लोचदार होने का भाव
१०. बेरोजगार (उर्दू)
११. पूर्ति होना, खर्च होना
१२. अवसाद, उदासी
१३. कल्याण, शुभ
१४. समान
१५. चौकन्ना, सतर्क
१६. छल, धोखा, लुभावना (उर्दू)
१८. ज्योतिषी, गिनने वाला
२०. बहने के गुण वाले पदार्थ, द्रव
२२. लड़ाई, युद्ध

### वर्ग पहेली-6961



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 3 जुलाई , 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 7**

### राशिफल

मेष - लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय लेने में परेशानी होगी। विचारों की अधिकता के कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावुकता आपकी दृढ़ता को कमजोर बनाएगी।

कर्क - तन-मन की ताज़गी के अनुभव के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। लाभ तथा शुभ काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - आपका दिन मिश्रितफल देनेवाला रहेगा। किसी लंबी योजना में आप कन्फ्यूज हो सकते हैं। महत्वपूर्ण काम में मनोवांछित सफलता प्राप्त नहीं कर सकेंगे। पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा।

कन्या - आज के लाभदायक दिन आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। वाक्चातुर्य और मीठी वाणी से आप अच्छे और लाभप्रद संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट, उपहार और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

तुला - आज असंयमित और अविचारी व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकता है। दुर्घटना से बचे रहें। वाणी में उग्रता हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगी। मनोरंजन या घूमने के पीछे पैसे खर्च होंगे।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे और व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात तथा प्रवास का आयोजन करेंगे। विवाहोत्सुक युवक- युवतियों के लिए शुभ संयोग निर्मित होगा तथा पत्नी से लाभ होगा।

धनु - आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा।


मकर - बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कार्यों को नया स्वरूप देगी। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतिकूल वातावरण आपके मन को अस्वस्थ बनाएंगे।

कुंभ - आपको गलत काम और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादा सोच-विचार करने से मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार में झगड़ा या विवाद हो सकता है।

मीन - व्यापारियों को आगे बढ़ने के बहुत से अवसर मिलते रहेंगे। पार्टनरशिप के काम के लिए समय अच्छा है। कलाकार और साहित्यकार कुछ अच्छा रचने के काबिल रहेंगे। बड़े लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इथियोपिया में मई में मलेरिया के 5 लाख से अधिक मामले आए सामने : डब्ल्यूएचओ



**अदीस अबाबा,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। इथियोपिया में मलेरिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मई में 5,20,782 मलेरिया के मामले सामने आए। यह एक महीने में दर्ज की गई बड़ी संख्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी हालिया रिपोर्ट में बताया कि इथियोपिया में मलेरिया के अलावा, कालरा, खसरा और एमपॉक्स जैसी अन्य बीमारियों का प्रकोप भी जारी है। देश के कुछ हिस्सों में चल रहे संघर्ष के कारण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मुश्किल हो गई है। इन क्षेत्रों में लोगों को तत्काल सहायता की जरूरत है। लेकिन, सहायता पहुंचाने में मुश्किलें सामने आ रही हैं। मलेरिया इथियोपिया में एक आम बीमारी है, खासकर उन क्षेत्रों में जो समुद्र तल से 2,000 मीटर से नीचे हैं। यह क्षेत्र देश के तीन-चौथाई हिस्से को कवर करता है, जहां की लगभग 69 प्रतिशत आबादी मलेरिया के खतरे में है। मलेरिया का प्रकोप आमतौर पर सितंबर से दिसंबर और अप्रैल से मई के बीच बढ़ता है, क्योंकि ये महीने बारिश के मौसम के बाद आते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, साल 2024 में इथियोपिया में 84 लाख से ज्यादा मलेरिया के मामले सामने आए, जो देश में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

## हमास से 60 दिन के सीजफायर पर सहमत इजरायल : ट्रंप

### नए प्रस्ताव में हमास की कुछ चिंताओं को दूर करने की कोशिश की गई



**ह्यूस्टन,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास से 60 दिन के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की है। ट्रंप ने बताया है कि इस प्रस्ताव की जरूरी शर्तों पर इजरायल ने सहमति जता दी है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मुझे उम्मीद है कि मिडिल ईस्ट की भलाई के लिए हमास इस समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। मौजूदा स्थिति से हालत सिर्फ बदतर ही होंगे। ट्रंप ने लिखा कि इजरायल ने 60 दिन के सीजफायर को अंतिम रूप देने के लिए जरूरी शर्तों पर सहमति जताई है। इस दौरान हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने गाजा पर इजरायल के साथ लंबी बैठक की। इसके साथ ही ट्रंप ने बताया कि कतर और मिस्र अंतिम प्रस्ताव पेश करेंगे।

सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, नए प्रस्ताव में हमास की कुछ चिंताओं को दूर करने की कोशिश की गई है। सीजफायर के दौरान फिलिस्तीनी कैदियों के बदले इजरायली बंधकों को रिहा किया जाएगा।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार पिछले सप्ताह ट्रंप ने उम्मीद जताई थी कि अगले एक सप्ताह में गाजा में सीजफायर हो सकता है, लेकिन उस समय उन्होंने और अधिक जानकारी नहीं दी थी। इससे पहले मंगलवार को ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान और गाजा के मुद्दे पर अगले सोमवार को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे।

## अमेरिका ने रोकी यूक्रेन की सैन्य मदद

**ह्यूस्टन,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका के अपने भंडार की समीक्षा के बाद यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता के एक हिस्से को रोक दिया है। इसकी पुष्टि व्हाइट हाउस और पेंटागन ने की है।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने कहा कि हमारे देश के मिलिट्री सपोर्ट और दुनियाभर के अन्य देशों को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा के बाद अमेरिका के हितों को प्राथमिकता देने के लिए यह फैसला लिया गया है। कई अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स ने स्रोतों का हवाला देते हुए बताया कि यह कदम अमेरिकी सैन्य भंडार के बहुत कम होने की चिंताओं के बीच उठाया गया है।

सिन्हुआ के अनुसार पिछले महीने अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने यूक्रेन को तीन साल की मदद, यमन के हौथी समूह और ईरान पर हालिया हमलों के बाद हथियारों के अमेरिकी भंडार की समीक्षा करने का आदेश देते हुए एक ज्ञापन जारी किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, समीक्षा में यह पाया गया कि पहले प्लेज्ड किए गए कुछ हथियारों का भंडार बेहद कम था। रक्षा विभाग के पॉलिसी अंडर सेक्रेटरी एल्ब्रिज कोल्बी ने कहा कि पेंटागन इस युद्ध को खत्म करने के अपने लक्ष्य के अनुरूप, यूक्रेन को सैन्य सहायता जारी रखने के लिए राष्ट्रपति को मजबूत विकल्प प्रदान करना जारी रखेगा। कोल्बी ने कहा कि इसी के साथ, विभाग इस लक्ष्य को हासिल करने के अपने दृष्टिकोण की सख्ती से समीक्षा और अनुकूलन कर रहा है, ताकि अमेरिकी सेनाओं की तैयारी और प्रशासन की रक्षा प्राथमिकताओं को भी सुरक्षित रखा जा सके।



- **अब नहीं मिलेगी पेट्रियट एयर डिफेंस और मिसाइलें**
- **अमेरिकी सैन्य भंडार के बहुत कम होने की चिंताओं के बीच उठाया गया कदम**

## दलाई लामा ने उत्तराधिकारी चुनने में चीन की भूमिका को नकारा

**बीजिंग/धर्मशाला,** 2 जुलाई (एजेंसियां।) चीन ने तिब्बती बौद्ध धर्म की 600 साल पुरानी परंपरा की रक्षा के लिए उत्तराधिकारी की नियुक्ति संबंधी तिब्बती नेता दलाई लामा की टिप्पणियों पर कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि अगले दलाई लामा की नियुक्ति का अधिकार केवल चीन को है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि दलाई लामा, पंचेन लामा और अन्य महान बौद्ध हस्तियों के पुनर्जन्म का चयन स्वर्ण कलश से लॉटरी निकालकर किया जाना चाहिए और ये केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित होना चाहिए।

14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो (89) ने दलाई लामा चुनने में किसी भी राजनीतिक दबाव को खारिज कर दिया था। उन्होंने अपने 90 वें जन्मदिन के पहले कहा कि उत्तराधिकारी की नियुक्ति केवल तिब्बती बौद्ध धर्म की सदियों पुरानी पारंपरिक नियमों द्वारा की जा सकती है और इसमें चीन का कोई दखल नहीं होना चाहिए। वर्ष 2011 में जब दलाई लामा से पूछा गया था कि क्या ये परंपरा जारी रहेगी तो उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक चर्चा नहीं होगा।

### सुडोकू 6962 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## दुकानदारों की पैंट उतरवाने वालों और पहलगाम के आतंकियों में अंतर बताएं एसटी हसन

**मुरादाबाद,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। कांवड़ यात्रा से पहले मुजफ्फरनगर में दुकानदार की पैंट उतारकर पहचान करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व सांसद एसटी हसन ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पूछा कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक करें? समाजवादी पार्टी के नेता एसटी हसन ने कहा, 'कांवड़ रूट को लेकर सरकार का आदेश है कि नेम प्लेट लगाई जाए। मैं सरकार के इस निर्णय से सहमत भी हूं। इस्लाम कभी ये नहीं सिखाता है कि आप अपनी पहचान छिपाकर कारोबार करें। हालांकि, ऐसे फैसलों को लागू करने का काम प्रशासन का होता है, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं? क्या पहलगाम में आतंकियों ने पैंट नहीं उतरवाई थी? ऐसा करने वाले और पहलगाम के आतंकियों में क्या अंतर रह गया? मैंने जो बात कही है, उसमें क्या गलत है? क्या ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए, जो इस तरह की हरकतें कर सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ रहे हैं?'

उन्होंने कहा, 'हिंदू-मुस्लिमों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश की जा रही है। हजारों साल से हमारे बीच एकता बनी हुई है। लेकिन, इस सौहार्द को वोटों की खातिर बिगाड़ने का काम किया जा रहा है।' इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और एम्स ने कोविड-19 वैक्सीन को लेकर अफवाहों को खारिज किया है। इस पर पूर्व सपा सांसद एसटी हसन ने कहा, 'अगर वे ऐसा कह रहे हैं तो यह बहुत अच्छी खबर है। अगर कोविड की वजह से मौतें नहीं हुई हैं तो यह अच्छी बात है। सामान्य डॉक्टर भी समझते हैं कि दिल की समस्या बढ़ रही है, जो कोविड के बाद से काफी बढ़ गई है।

**मामला** क्वाड देशों ने की पहलगाम हमले की कड़ी निंदा, कहा

# हम ऐसे क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां सभी दबाव से मुक्त हों

**वाशिंगटन, 2 जुलाई (एजेंसियां)। क्वाड देशों- भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एवं उनसे जुड़े लोगों को तत्काल के न्याय के दायरे में लाने का आह्वान किया। वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के ताकेशी इवाया ने कहा कि हम 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं,** जिसमें 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई,जबकि कई अन्य घायल हो गए। हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और सभी घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की हार्दिक कामना करते हैं। हम इस निंदनीय घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एंव उनसे जुड़े लोगों को तत्काल न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस मामले में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह करते हैं।

संयुक्त वक्तव्य में चारों देशों की स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। उन्होंने चार प्रमुख क्षेत्रों-समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी, और मानवीय सहायता एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया पर केंद्रित एक नए, महत्वाकांक्षी और मजबूत एजेंडे की भी घोषणा की। इस बैठक में क्वाड देशों ने 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' के शुभारंभ की भी घोषणा की, जो महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित और विविधतापूर्ण बनाने की दिशा में सहयोग कर आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलेपन को मजबूत करने के लिए हमारी साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है।

वक्तव्य में कहा गया है कि हम कानून के शासन, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। भारत- प्रशांत क्षेत्र में चार प्रमुख समुद्री राष्ट्रों के रूप में, हमारा यह मानना है कि समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थिरता क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि का आधार है। हम एक ऐसे क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां सभी देश दबाव से मुक्त हों। क्वाड विदेश मंत्रियों ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की और क्षेत्रीय भागीदारों केसाथ कार्य करते हुए शांति, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ाने के लिए क्वाड संगठन की ताकत और संसाधनों का और अधिक दोहन करने के तरीके पर चर्चा की।



- **आतंकवादियों व उनसे जुड़े लोगों को न्याय के दायरे में लाने का किया आह्वान**

## दुनिया को जानें

### अंटार्कटिक महाद्वीप में बर्फ के पिघलने की तेज गति वैश्विक चिंता का विषय

**कैनबरा,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई विशेषज्ञों के एक नए शोध में कहा है कि गर्म मौसम के दौरान अंटार्कटिक महाद्वीप में बर्फ रिकॉर्ड गति से पिघल रही है और इससे वैश्विक जलवायु और पारिस्थितिकी तंत्र में व्यापक नाकारात्मक बदलाव आ सकता है।

अंटार्कटिक बर्फ की चादर का पिघलना सीधे तौर पर समुद्र के स्तर में वृद्धि का कारण बनता है। यह वृद्धि न केवल तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ाती है, बल्कि जलवायु प्रणालियों को भी प्रभावित करती है। अंटार्कटिक में बर्फ का पिघलना एक गंभीर मुद्दा है जो वैश्विक जलवायु को प्रभावित कर सकता है। यह न केवल समुद्र के स्तर में वृद्धि का कारण बनता है, बल्कि वैश्विक मौसम पैटर्न में भी बदलाव लाता है। इस समस्या का समाधान ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना और अंटार्कटिका में बर्फ के पिघलने की दर को धीमा करना है

तस्मानिया विश्वविद्यालय में ऑस्ट्रेलियाई अंटार्कटिक कार्यक्रम भागीदारी (एएपीपी) द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, समुद्री बर्फ की मात्रा में रिकॉर्ड गिरावट से तट रेखाएं उजागर हो रही हैं, महासागर गर्म हो रहे हैं और नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र बाधित हो रहे हैं।

# खेल जगत

## विंबलडन 2025: सिनियाकोवा ने 5वीं वरीयता प्राप्त झेंग को हराया

**लंदन।** विंबलडन 2025 के दूसरे दिन भी बड़ा उलटफेर देखने को मिला। चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मंगलवार को विंबलडन में महिला एकल के पहले दौर में चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन को हराया। चेक खिलाड़ी ने ऑल इंग्लैंड क्लब में 7-5, 4-6, 6-1 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। 10 महिला युगल ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम कर चुकी 29 वर्षीय सिनियाकोवा ने दृढ़ता दिखाते हुए पहला सेट 7-5 से जीत लिया। 22 वर्षीय झेंग ने दूसरे सेट में 6-4 से जीत हासिल कर वापसी की कोशिश की। सिनियाकोवा ने 5-0 की शुरुआत के साथ अंतिम सेट पर अपना दबदबा बनाया और 6-1 से जीत दर्ज की। पिछले सीजन में घास पर किनवेन को हराने के बाद से यह सिनियाकोवा की पहली शीर्ष 10 जीत है। अब वह घास पर किनवेन के खिलाफ 3-0 से आगे हैं।



# भारत ने इंग्लैंड पर 2-0 से बढ़त बनाई

## जेमिमा व अमनजोत के अर्द्धशतकों से भारत ने ब्रिस्टल में इंग्लैंड का किला भेदा

■ टैमी ब्यूमोंट का अर्द्धशतक भी इंग्लैंड के काम न आया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (देशबन्धु)। अनुभवी जेमिमा रॉड्रिग्ज और अमनजोत कौर के बेहतरीन अर्द्धशतक और अपनी गेंदबाजों की नपी तुली गेंदबाजी की बदौलत भारत ने मेजबान इंग्लैंड को ब्रिस्टल में दूसरे महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार देर रात 24 रन से हरा लगातार दूसरी जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड से सीरीज का ट्रेंट ब्रिज में खेला गया पहला मैच छह विकेट से जीता था। टैमी ब्यूमोंट का तेज अर्द्धशतक भी इंग्लैंड की महिला टीम के काम न आया। भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड के अजेय किले समझे जाने वाले ब्रिस्टल में उससे पहला टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता।

महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच



भारत की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर शैफाली वर्मा (3 रन, 4 गेंद), पहले मैच में शतक जड़ने वाली उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना (13 रन, 13 गेंद, 2 चौके) व चोट के बाद वापसी करने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर (1 रन, 2 गेंद) के रूप में तीन विकेट 5.1ओवर में मात्र 31 रन पर खो दिए। शैफाली क्रीज छोड़ कर फिलर की गेंद को उड़ाने निकली और विकेटकीपर जोंस को कैच थमा और भारत ने पहला विकेट 14 रन पर खो दिया। स्मृति ने आर्लोट की गेंद को उड़ाने की कोशिश में मिड ऑन पर बेल को कैच थमाया और भारत ने दूसरा विकेट 30 रन पर गंवा दिया और स्कोर में एक रन ही और जुड़ा था कि कप्तान हरमनप्रीत क्रीज ने बेल की शॉर्ट गेंद को उड़ाने के फेर में फाइन लेग पर फिलर को कैच थमा बैठी। अमनजोत कौर (अविजित 63 रन, 40 गेंद, 9 चौके) की जेमिमा रॉड्रिग्ज (63 रन, 41 गेंद, एक छक्का, 9 चौके) के साथ चौथे विकेट की 93 रन तथा ऋचा घोष(32 रन, 20 गेंद, 6 चौके) के साथ पांचवें विकेट की 57 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 181 रन बनाए । भारत ने आखिरी दस ओवर में 117 रन बनाए। जेमिमा इंग्लैंड की सबसे कामयाब मध्यम तेज गेंदबाज लॉरेन बेल (2/17) की गेंद धीम वाइड गेंद को उड़ाने के फेर में कवर में डंकले को कैच थमा भारत की चौथी बल्लेबाज के रूप में 124 रन के स्कोर पर आउट हुई।

जवाब में भारत ने अपना दूसरा टी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचारणी (2/28) के बुने स्पिन के जाल की बदौलत टैमी टैमी ब्यूमोंट(54 रन,35 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) की खुद रन आउट होने से पहले विकेटकीपर एमी जोंस(32 रन,27 गेंद, चार चौके) के साथ चौथे विकेट की 70 रन तथा सौफी एकेलस्टोन (35 रन, 23 गेंद, एक छक्का, चार चौके) के मैच की आखिरी गेंद पर रन आउट होने से पहले एम आर्लोट (अविजित 5) के साथ सातवें विकेट के लिए 47 की भागीदारी के बावजूद इंग्लैंड को 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन पर रोक कर मैच जीत लिया।

भारत की अमनजोत कौर ने अर्द्धशतक जड़ने के बाद शिवर ब्रंट(13 रन, 10 गेंद, तीन चौके) को कप्तान हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच करा उनका अहम विकेट ले पावरप्ले में इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट 17 रन कर दिया। ब्यूमोंट ने चार बरस में अपना पहला टी 20 अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक जड़ा। इंग्लैंड ने सोफिया डंकले(1 रन, 5 गेंद) और डैनी वेट हॉज(1) के रूप में दो विकेट दो रन पर खो दिए। डंकेल रन आउट हुई जबकि हॉज ने ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा की गेंद को उड़ाने की कोशिश में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को कैच थमा दिया। श्रीचारणी ने एलिस कैप्सी को अरुंधति रेड्डी के हाथों और एमी जोंस को अपनी ही गेंद पर लपक के अपने एक ही ओवर में आउट किया।

## मंधाना-शेफाली की जोड़ी के नाम 'वर्ल्ड रिकॉर्ड'



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। भारतीय टीम ने ब्रिस्टल में खेले गए इस मुकाबले में 24 रन से जीत दर्ज की। पांच मुकाबलों की सीरीज के इस दूसरे मैच के दौरान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने इतिहास रच दिया। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला टी20 मुकाबलों में सर्वाधिक रन बनाने वाली जोड़ी बन गई है। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने अब तक इस फॉर्मेट में कुल 2726 रन बनाए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिसा हेली और बेथ मूनी की जोड़ी ने कुल 2720 रन जोड़े हैं। इस लिस्ट में सुजी बेट्स और सोफी डिवाइन की जोड़ी तीसरे पायदान पर है, जिसने साथ मिलकर न्यूजीलैंड के लिए कुल 2556 रन जुटाए हैं। ईशा ओझा और तीर्था सतीश की जोड़ी अब तक यूएई के लिए कुल 1985 रन बना चुकी है, जबकि पांचवें पायदान पर मौजूद कविशा ईगोडागे और ईशा ओझा की जोड़ी ने यूएई के लिए कुल 1976 रन जुटाए हैं। ब्रिस्टल में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम ने चार विकेट खोकर 181 रन बनाए। टीम 31 के स्कोर तक तीन विकेट गंवा चुकी थी। यहां से जेमिमा रोड्रिग्स ने अमनजोत कौर के साथ चौथे विकेट के लिए 93 रन जुटाए। जेमिमा 41 गेंदों में एक छक्के और नौ चौकों के साथ 63 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से अमनजोत ने ऋचा घोष के साथ पांचवें विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करते हुए भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। अमनजोत ने 40 गेंदों में 63 रन बनाए, जबकि ऋचा ने 20 गेंदों में 32 रन की नाबाद पारी खेली। मेजबान टीम की ओर से लॉरेन बेल ने सर्वाधिक दो विकेट चटकाए, जबकि लॉरेन फाइलर और एम अर्लॉट ने एक-एक शिकार किया। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम निर्धारित ओवरों के खेल तक सात विकेट खोकर 157 रन ही बना सकी।

# दूसरे टेस्ट में स्मिथ की वापसी संभव

■ स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे

**संट जांज,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में दूसरे टेस्ट में वापसी को तैयार हैं। स्मिथ ने उंगली के 'कंपाउंड डिस्लोकेशन' के बाद पहली बार ट्रेनिंग की है। हालांकि, यह संभावना नहीं है कि वह स्लिप में अपनी नियमित पोजीशन पर लौट पाएंगे। स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। स्मिथ ने पिछले रविवार टेस्ट टीम में शामिल होने के बाद अपने पहले ट्रेनिंग सेशन में लगभग एक घंटे तक बल्लेबाजी की। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' की रिपोर्ट के अनुसार, स्मिथ ने मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और टीम फिजियो के साथ बातचीत की, जिसके बाद स्लिप कैच और धीमी गेंदबाजी का अभ्यास किया। साथ ही उन्होंने ग्राउंड बॉल ड्रिल भी की। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने पत्रकारों से कहा कि स्मिथ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। सोचिए कि जब वह टीम के लिए 10 हजार रन जोड़ते हैं, तो आप इससे बहुत खुश होते हैं। इसलिए हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। जाहिर है, स्मिथ यहां अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह काफी आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं और वापसी करने के लिए उत्साहित हैं। मुझे लगता है कि थोड़ा और अनुभव टीम के लिए अच्छा है। मुझे लगता है कि स्मिथ वापसी के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले हफ्ते वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में 159 रन से जीत दर्ज की थी। इस दौरान बीयू वेबस्टर ने सेकेंड स्लिप में स्मिथ की भूमिका निभाई थी। उनके अलावा जोश इंगलिस ने थर्ड स्लिप में फील्डिंग की। उम्मीद है कि स्मिथ नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे। ऐसे में जोश इंगलिस प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठ सकते हैं। ऐसे में वह प्लेइंग इलेवन में एकमात्र बदलाव होंगे। 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कॉनस्टास स्लिप कॉर्डन में शामिल होने वाले नए खिलाड़ी बन सकते हैं। उन्होंने मंगलवार को कैचिंग ड्रिल्स में हिस्सा लिया, जिसमें बीयू वेबस्टर, फर्स्ट स्लिप में उस्मान ख्वाजा और विकेटकीपर एलेक्स कैरी भी शामिल थे।



वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया सीरीज

## सुधांशु मित्तल खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बने, उपकार सिंह बने महासचिव

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। सुधांशु मित्तल फिर से खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष चुने गए, जबकि उपकार सिंह विर्क महासचिव चुने गए। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने राष्ट्रीय राजधानी में केकेएफआई मुख्यालय में चुनावों के सफल आयोजन के बाद आधिकारिक तौर पर अपनी नई शासी संस्था की घोषणा की। चुनावों की देखरेख जिला न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) डॉ. कामिनी लाउ ने की, जो रिटर्निंग ऑफिसर थीं। गोविंद शर्मा को नई व्यवस्था का कोषाध्यक्ष चुना गया। उपकार सिंह विर्क पिछली शासी संस्था में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे, जबकि गोविंद शर्मा उसी में कार्यकारी सदस्य थे। घोषणा के बाद बोलते हुए,सुधांशु मित्तल ने कहा कि एक बार फिर से भारतीय खो-खो महासंघ का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलना सम्मान की बात है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने खेल की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय छवि को ऊपर उठाने के लिए अथक प्रयास किया है। यह नया जनादेश हमें खो-खो की वैश्विक मान्यता और संस्थागत विकास के लिए हमारे दृष्टिकोण को गति देने के लिए प्रेरित करता है। नए निकाय ने आठ उपाध्यक्ष, चार संयुक्त सचिव और 13 कार्यकारी सदस्यों का भी चुनाव किया। अश्विनी बिपिन पाटिल और मोनिका शासी निकाय में एथलीट आयोग का प्रतिनिधित्व करेंगे। नए महासचिव उपकार सिंह विर्क ने खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि खो-खो हमारी संस्कृति में निहित है, और इसे एक आधुनिक, वैश्विक खेल में बदलना हमारी पहुंच में है। हमारा ध्यान संरचित विकास, खेल के आधार का विस्तार करने और महासंघ के संचालन में पारदर्शिता और दक्षता लाने पर होगा।



## सार संक्षेप

### भारत की पहली मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। भारत की मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पहली बार लॉर्ड्स के मैदान पर मैच खेलकर इस सप्ताह इतिहास रच दिया। वर्तमान में चल रही सीरीज का यह मैच ऐसी टीम के साथ खेला गया जो कि तकरीबन आठ सालों से मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट खेल रही है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ भारत ने विश्वस्तरीय मंच पर इस प्रारूप में आधिकारिक प्रवेश कर लिया है। इस अवसर पर गैर लाभकारी संगठन स्वयं की संस्थापक अध्यक्ष स्मिनु जिंदल को इंग्लैण्ड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजन स्थल पर सात क्रिकेट बोर्डो के अधिकारियों के समक्ष अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि स्वयं इसी नवंबर में एक्सेसिबल स्पोर्ट्स एण्ड टूरिज्म पर भारत के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भी करेगा। इस सम्मेलन में नीति, खेल, आतिथ्य एवं दिव्यांगता से जुड़े प्रतिनिधि हिस्सा लेकर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। सुश्री जिंदल ने कहा कि लॉर्ड्स में जो कुछ भी हो रहा है, वह आकस्मिक नहीं बल्कि प्रतीकात्मक है। इस मैदान ने क्रिकेट के सबसे बेहतरीन पलों को देखा है।

### बांग्लादेश ने श्रीलंका को 244 रन के स्कोर पर रोका

**कोलंबो।** तसकीन अहमद (चार विकेट) और तंजीम हसन साकिब (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने पहले दिन-रात्रि एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका की पूरी टीम को 244 रन के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। आलम यह था कि पथुम निसंका और कामिंडु मेंडिस तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। निशान मदुश्का (6) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये कप्तान चरित असालंका ने कुसल मेंडिस के साथ पारी को

# साक्षी, जैस्मिन, लक्ष्य चाहर अगले दौर में पहुंचे

**अस्ताना,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में खेली जा रही विश्व बॉक्सिंग कप में शानदार शुरुआत की। मंगलवार को साक्षी, जैस्मिन और लक्ष्य चाहर अपने-अपने

■ जैस्मिन ने अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की

मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। महिलाओं की 54 किग्रा वर्ग में साक्षी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को सर्वसम्मति से 5:0 से हराया। जैस्मिन ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनुर मिकायिलोवा को उसी अंतर से हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। लक्ष्य चाहर ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए बुल्गारिया के विलियम चोलोव को विभाजित फैसले में 4: से हराया। मनीष राठौर पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची के खिलाफ करीबी मुकाबले के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए। साक्षी, लक्ष्य और जैस्मिन अब सचिन सिवाच, हितेश गुलिया, मुस्कान, मीनाक्षी और संजू के साथ अगले दौर में शामिल हो गए हैं, जिससे अस्ताना में टूर्नामेंट में भारत की मजबूत शुरुआत हुई है। इससे पहले हितेश और सचिन सिवाच ने विश्व मुक्केबाजी कप में अपने शुरुआती मुकाबलों में प्रभावशाली और सर्वसम्मत जीत हासिल की। महिलाओं की प्रतियोगिता में, मीनाक्षी ने लाइट-फ्लाईवेट श्रेणी में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन पर 5-0 की स्पष्ट जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि मुस्कान ने मिडिलवेट श्रेणी में इंग्लैंड की केरी डेविस को करीबी मुकाबले में 3:2 से हराया। भारत ने ब्राजील में पिछले विश्व मुक्केबाजी कप चरण में छह पदक जीते थे।

विश्व बॉक्सिंग कप



## भारत की वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को दर्शाती है 'राष्ट्रीय खेल नीति' : भूपति

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व ग्रैंड स्लैम विजेता महेश भूपति ने स्वीकृत राष्ट्रीय खेल नीति 2025 की सराहना की है। उन्होंने बताया कि कैसे यह नीति पैडल जैसे उभरते खेलों के लिए दरवाजे खोलती है और भारत के 'ओलंपिक रोडमैप' को सशक्त बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देना और खेलों के जरिए लोगों को सशक्त बनाना है। 'वर्ल्ड पैडल लीग' के सह-संस्थापक महेश भूपति ने कहा कि राष्ट्रीय खेल नीति 2025 भारत की वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में पहचाने जाने की बढ़ती महत्वाकांक्षा को दर्शाती है। रोमांचक बात यह है कि यह नीति केवल स्थापित खेलों पर ही फोकस नहीं करती है, बल्कि 'पैडल' जैसे उभरते खेलों के लिए भी जगह बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी लीग शुरू करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा विकसित करना और निजी क्षेत्र के सहयोग को बढ़ावा देना, यही वह पहलू हैं, जो पैडल जैसे नए और उभरते खेलों के विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। नई नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति 2001 का स्थान लेती है और भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप पेश करती है। इसमें 2036 ओलंपिक गेम्स सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लक्ष्य को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है। महेश भूपति ने कहा कि यह भारत के खेल इकोसिस्टम का अगला अध्याय है, जो भागीदारी, निवेश और वैश्विक उत्कृष्टता को प्रेरित करेगा। हम इस सफर का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं।



राष्ट्रीय खेल नीति 2025 भारत की वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में पहचाने जाने की बढ़ती महत्वाकांक्षा को दर्शाती है : महेश भूपति

# गोंजालो ने रियल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

■ ग्रेगोरियो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी

**मियामी,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। रियल मैड्रिड ने हार्ड रॉक स्टेडियम में जुवेंटस को 1-0 से हराकर क्लब विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

यह मुकाबला जाबी अलोंसो की टीम के शानदार दूसरे हाफ के चलते तय हुआ, जिसमें 54वें मिनट में गोंजालो के जबरदस्त हेडर ने टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जुवेंटस के गोलकीपर डी ग्रेगोरियो ने रियल मैड्रिड को और गोल करने से रोके रखा। मैड्रिड ने मुकाबले के ज्यादातर समय दबदबा बनाए रखा, लेकिन सिर्फ जुवेंटस के गोलकीपर मिशेल डी ग्रेगोरियो के शानदार बचावों की बदौलत जीत का अंतर और बड़ा नहीं हो सका।

रियल मैड्रिड ने तेज शुरुआत की। उसने जुवेंटस के हाफ में ही डेरा जमाए रखा, लेकिन सीरी-ए की टीम के तेज काउंटर-अटैक ने उन्हें लगभग चौंका ही दिया। इस अटैक का अंत रैंडल कोलो मुआनी के उस प्रयास के साथ हुआ, जो थिबो कर्टुआ की नेट की छत पर जाकर लगा। इसके बाद फ्रांसिस्को कोंसेसाओ के पास गोल करने का शानदार मौका था, लेकिन उन्होंने फ्री हेडर को सीधा रियल के दिग्गज बेल्जियन गोलकीपर कर्टुआ के हाथों में मार दिया। हालांकि, जुवेंटस के गोलकीपर मिशेल डी ग्रेगोरियो ने पहले हाफ में दो बार अपनी टीम को बराबरी पर रखा। खास तौर पर हाफ आवर के करीब उन्होंने जूड बेलिंगहम के नजदीक से की गई कोशिश को अपने पैर की मदद से असामान्य तरीके से रोकते हुए शानदार बचाव किया।




क्लब वर्ल्ड कप

पहले हाफ के इंजरी टाइम में डी ग्रेगोरियो का सबसे बेहतरीन बचाव देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने फेडरिको वाल्वर्डे के लगाए गए शानदार शॉट को गोल में जाने से रोका। 27 वर्षीय ग्रेगोरियो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने तेजी से आते दो खतरनाक प्रयासों को रोका। लेकिन, आखिरकार डी ग्रेगोरियो भी मात खा ही गए। मुकाबले के 54वें मिनट में गोंजालो गार्सिया ने ट्रेंट एलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की क्रॉस पर शानदार हेडर लगाकर रियल मैड्रिड को एक बढ़त दिला दी। इसके बाद फेडरिको वाल्वर्डे की एक शानदार ओवरहेड किक पर डी ग्रेगोरियो ने एक और शानदार बचाव किया।

इसी दौरान रियल मैड्रिड ने टूर्नामेंट में पहली बार किलियन एम्बाप्पे को मैदान में उतारा, जो गैस्ट्रोएन्टराइटिस के चलते शुरुआती मुकाबले मिस कर चुके थे। मैच के अंतिम क्षणों में रियल मैड्रिड ने पूरी तरह से पकड़ बनाए रखी। वहीं, जुवेंटस पूरे मुकाबले में गोल दागने में नाकाम रही।

## एमएलसी 2025 : सिएटल ओकार्स की यूनिकॉर्न्स पर चार विकेट से जीत

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। सिएटल ओकार्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 के 22वें मैच को अपने नाम किया। सिएटल ओकार्स ने फ्लोरिडा में खेले गए इस मुकाबले में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की। यह सीजन में सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड की दूसरी हार रही। टीम अब तक आठ में से छह मुकाबले जीत चुकी है। प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर मौजूद यह टीम पहले ही 'प्लेऑफ' के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। वहीं, दूसरी ओर आठ में से तीन मैच जीतकर सिएटल ओकार्स ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को कायम रखा है। सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड के अलावा वाशिंगटन फ्रीडम और टेक्सास सुपर किंग्स भी अगले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं। मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड ने पांच विकेट खोकर 168 रन बनाए। टीम महज दो रन पर कप्तान मैथ्यू शॉर्ट (2) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से फिन एलन ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़े। फिन एलन 15 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जैक ने 22 गेंदों में 35 रन की पारी खेली। इन दोनों के पवेलियन लौटने के बाद संजय कृष्णमूर्ति ने टिम सेफर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। संजय कृष्णमूर्ति ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 41 रन की पारी खेली, जबकि टिम सेफर्ट 31 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी टीम की ओर से अयान देसाई ने सर्वाधिक दो विकेट झटके। इसके जवाब में सिएटल ओकार्स ने तीन गेंदें शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली। टीम 18 रन तक स्टीवन टेलर (0) और काइल मेयर्स (3) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से शायन जहांगीर (36) ने कप्तान सिकंदर रजा (11) के साथ तीसरे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी की। रजा के आउट होने के बाद शिमरोन हेटमायर ने टीम को जीत दिलाने का जिम्मा उठाया।



■ सिएटल ओकार्स की टीम ने आठ में से छह मुकाबले जीत चुकी है

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 3.34 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.86 प्रतिशत |
| बीईएल | 1.63 प्रतिशत |
| इटरनल | 0.72 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.70 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 2.11 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.03 प्रतिशत |
| मारुति | 1.95 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 1.33 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.09 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,480 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,688 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित


**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत का फार्मा निर्यात अप्रैल-मई में 4.9 अरब डॉलर रहा : फार्मेक्सिल

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। फार्मास्यूटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (फार्मेक्सिल) के ताजा अपडेट के अनुसार, भारत का फार्मास्यूटिकल्स निर्यात वित्त वर्ष 26 की अप्रैल-मई अवधि में सालाना आधार पर 7.38 प्रतिशत बढ़कर 4.9 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है।

फार्मेक्सिल वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत एक अधिकृत एक्सपोर्ट प्रमोशन एजेंसी है। देश के फार्मा सेक्टर का बढ़ता हुआ निर्यात दिखाता है कि इंडस्ट्री के उत्पादों की वैश्विक स्तर पर मांग बढ़ रही है। फार्मेक्सिल ने कहा कि यह वृद्धि स्थायी विनिर्माण, वैश्विक बाजार में उपस्थिति में विस्तार और डिजिटल इनोवेशनों पर केंद्रित रणनीतिक पहलों के कारण आई है और साथ ही बताया कि ये प्रयास भारत के फार्मा उद्योग के लिए एक ट्रिलियन डॉलर के व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को मजबूत कर सकते हैं। फार्मेक्सिल के चेयरमैन नमित जोशी ने कहा कि भारत के फार्मास्यूटिकल निर्यात में सालाना आधार पर लगातार वृद्धि जारी है और निर्यात श्रेणी में ड्रग फॉरमुलेशंस और जैविक उत्पादों का वर्चस्व बना हुआ है। जोशी ने आगे कहा कि हम इस वृद्धि का श्रेय बढ़ती वैश्विक मांग, सुव्यवस्थित विनियामक अनुमोदन, टेक्नोलॉजीकल इनोवेशंस, रणनीतिक साझेदारियों और आर्थिक स्थिरता को देते हैं।



- देश के इंडस्ट्री के उत्पादों की वैश्विक स्तर पर बढ़ रही मांग
- भारत के फार्मास्यूटिकल निर्यात में सालाना आधार पर लगातार वृद्धि जारी

भारत के फार्मा निर्यात में मई में ड्रग फॉरमुलेशंस और जैविक उत्पादों की हिस्सेदारी 75.74 प्रतिशत रही है। इसके अलावा कई फर्मा उत्पादों का निर्यात बढ़ा है। मई में बल्क ड्रग्स और ड्रग इंटरमीडिएट के निर्यात में 4.40 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वैक्सीन निर्यात 13.64 प्रतिशत बढ़कर 190.13 मिलियन डॉलर पहुंच गया है। सर्जिकल वस्तुओं और आयुष एवं हर्बल उत्पादों के निर्यात में क्रमश: 8.58 प्रतिशत और 7.36 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। फार्मेक्सिल के अनुसार, भारत के लगभग 76 प्रतिशत फार्मा निर्यात गंतव्यों में उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता (एनएएफटीए) क्षेत्र, यूरोप, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका शामिल हैं। जोशी के अनुसार, भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से इंडस्ट्री को काफी फायदा होगा।

## जून में ऑल-टाइम हाई पर रहा मारुति सुजुकी का निर्यात

**नई दिल्ली।** देश की सबसे यात्री वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने जून 2025 में भारत से 37,842 वाहनों का निर्यात किया है। यह कंपनी द्वारा वाहन निर्यात का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है, जो दिखाता कि मारुति सुजुकी की वैश्विक स्तर पर उपस्थिति बढ़ रही है। निर्यात सहित कंपनी ने बीते महीने 1,67,993 यूनिट्स की बिक्री की है। इसमें से 1,21,339 यूनिट्स वाहन घरेलू बाजार में बेचे हैं, जबकि 8,812 यूनिट्स दूसरी वाहन कंपनी को बेचे गए हैं। घरेलू बाजार की बिक्री में 1,18,906 यात्री वाहन और 2,433 लाइट कमर्शियल वाहन (एलसीवी) शामिल हैं। पिछले साल जून में कंपनी ने घरेलू बाजार में 1,39,918 यूनिट्स यात्री वाहनों की बिक्री की थी, जबकि 31,033 यूनिट्स का निर्यात किया था।

## इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर में सुधारों का समर्थन करता है भारत : सीतारमण

**स्पेन**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा कि भारत समावेशिता और समानता को बढ़ाने के लिए मल्टीलेटेरल डेवलपमेंट बैंक (एमडीबी) सुधारों और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग सिस्टम सहित इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर में सुधारों का समर्थन करता है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित फाइनेंसिंग फॉर डेवलपमेंट की चौथी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान तीसरी बैठक में कहा कि एमडीबी लेंडिंग दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। साथ ही इसे मजबूत निगरानी फ्रेमवर्क में लाना सुनिश्चित करना चाहिए ताकि फंड का सही इस्तेमाल हो सके। उन्होंने कहा कि हम टैक्स सिस्टम को आधुनिक बनाने और अवैध वित्तीय प्रवाह को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समर्थन करते हैं। भारत के व्यापक कर सुधारों और कर प्रशासन में डिजिटल परिवर्तन ने राजस्व में वृद्धि की है और अनुपालन लागत को कम किया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने आगे कहा कि हमारा मानना है कि विनियमन इनोवेशन और स्थिरता को बढ़ावा देता है। वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारतीय वित्तीय प्रणाली खासकर एमएसएमई के लिए आसान ऋण और कम अनुपालन लागत के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देती है। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर में स्टार्ट-अप और पीपीपी के लिए एक गतिशील इकोसिस्टम विकसित किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हम साउथ-साउथ और त्रिकोणीय सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं।




एमडीबी लेंडिंग दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए : निर्मला सीतारमण

## बैंकों का एनपीए कई दशक के निचले स्तर पर पहुंचा

**मुंबई**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक की लेटेस्ट फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार, भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को मजबूत पूंजी भंडार, कई दशकों से कम नॉन-परफॉर्मिंग लोन और मजबूत आय से समर्थन मिला है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार दर्ज करना जारी रखा है, जीएनपीए रेश्यो और एनएनपीए रेश्यो क्रमश: कई दशक के निचले स्तर 2.3 प्रतिशत और 0.5 प्रतिशत पर आ गया है।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, बैंकों का कुल ग्रॉस एनपीए (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) एक वर्ष पहले के 2.8 प्रतिशत से घटकर 31 मार्च तक कुल ऋणों का 2.3 प्रतिशत हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने एनपीए में भारी गिरावट दर्ज की, जो मार्च 2024 में 3.7 प्रतिशत से इस वर्ष मार्च में 2.8 प्रतिशत हो गया। निजी क्षेत्र के बैंकों का ग्रॉस एनपीए रेश्यो 2.8 प्रतिशत पर स्थिर रहा।




- निजी क्षेत्र के बैंकों का ग्रॉस एनपीए 2.8 प्रतिशत पर स्थिर

## भारत की वृद्धि दर अप्रैल-जून में 6.8 से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान : एचएसबीसी

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025 की अप्रैल-जून अवधि में 6.8 से 7 प्रतिशत के बीच रह सकती है। वहीं, वित्त वर्ष 26 में देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी वजह हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स का मजबूत होना है।

एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च द्वारा हर महीने 100 इंडीकेटर्स फ्रेमवर्क को अपडेट किया जाता है। इसमें कई सेक्टर्स के हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स शामिल होते हैं जो देश के विकास की सही तस्वीर बताते हैं।

एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च की रिपोर्ट में बताया गया था कि अप्रैल में 72 प्रतिशत इंडीकेटर्स ने सकारात्मक ग्रोथ दिखाई है और मई में यह आंकड़ा 67 प्रतिशत था। तिमाही आधार पर, 2025 की दूसरी तिमाही में 70 प्रतिशत इंडीकेटर्स ने सकारात्मक ग्रोथ दिखाई है, जबकि इस साल की पहली तिमाही में यह आंकड़ा 67 प्रतिशत पर था। रिपोर्ट में बताया गया कि अगर यह ट्रेंड जून में भी जारी रहता है तो जीडीपी की विकास दर अप्रैल-जनवरी अवधि में 6.8-7 प्रतिशत के बीच रह सकती है। एचएसबीसी ग्लोबल ने कहा कि अनौपचारिक क्षेत्र खपत का नेतृत्व कर रहा है। मई में क्रमिक आधार पर प्रमुख संकेतकों में सकारात्मक वृद्धि हुई। इनमें दोपहिया वाहनों की बिक्री, नॉन-ड्यूरेबल वस्तुओं का उत्पादन, नॉन-सेस जीएसटी कलेक्शन, ग्रामीण व्यापार और वास्तविक ग्रामीण मजदूरी शामिल हैं।

वहीं, औपचारिक क्षेत्र की खपत मिश्रित रही, कुछ संकेतक (पेट्रोल, उपभोक्ता आयात और टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन की मांग) मजबूत रही, जबकि अन्य जैसे यात्री वाहन बिक्री कमजोर रही है। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकारी खर्च में वृद्धि एक अतिरिक्त बोनस थी, जो न केवल खपत पर बल्कि पूंजीगत व्यय पर भी केंद्रित थी।




- अप्रैल में 72 प्रतिशत इंडीकेटर्स ने सकारात्मक ग्रोथ दिखाई
- अनौपचारिक क्षेत्र कर रहा खपत का नेतृत्व

## सार संक्षेप

### सरकार ने लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मुद्रास्फीति-समायोजित परिसंपत्ति कीमतों की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) में वृद्धि की है, जिससे करदाताओं को लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ पर अधिक राहत का दावा करने की अनुमति मिल गई है। ताजा अधिसूचना के अनुसार, वित्तीय वर्ष 225-26 के लिए सीआईआई को संशोधित कर 376 कर दिया गया है, जो पिछले वर्ष 363 था। लागत मुद्रास्फीति सूचकांक किसी परिसंपत्ति के क्रय मूल्य को मुद्रास्फीति के अनुरूप समायोजित करने में मदद करता है। यह समायोजन कर योग्य पूंजीगत लाभ को कम करता है, जिसकी गणना बिक्री मूल्य और मुद्रास्फीति-समायोजित खरीद मूल्य के बीच के अंतर के रूप में की जाती है। उच्च सूचकांक का अर्थ है उच्च समायोजित लागत, जो बदले में विक्रेताओं पर कर का बोझ कम करती है। यह संशोधित सूचकांक वित्त वर्ष 26 और असेसेमेंट ईयर 226-27 के लिए लागू होगा।

### भारत में ऑफिस लीजिंग में जीसीसी का दबदबा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 225 में पैन इंडिया अब्सॉर्प्शन में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का योगदान 42 प्रतिशत रहा, जो एक वर्ष पहले 41 प्रतिशत दर्ज किया गया था। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। वेस्टियन की रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल्य के संदर्भ में, इसी अवधि के दौरान जीसीसी अब्सॉर्प्शन में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 31.8 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गई। इसके अलावा, फॉर्च्यून 5 जीसीसी ने 13.5 मिलियन वर्ग फुट ऑफिस स्पेस लीज पर दिया, जो वित्त वर्ष 225 में जीसीसी द्वारा लीज पर दिए गए कुल क्षेत्र का 43 प्रतिशत है। लीज पर दिए गए क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे जीसीसी स्थापित करने वाले वैश्विक उद्यमों के लिए भारत की पसंदीदा जगह के रूप में स्थिति मजबूत हुई। पिछले कुछ वर्षों में, जीसीसी भारत के ऑफिस मार्केट के प्राथमिक विकास चालक रहे हैं।

### देश में 53 प्रतिशत रैन्समवेयर पीड़ितों ने दी फिरौती


**नई दिल्ली।** साइबर हमलों से बचाव के लिए नवोन्मेषी सुरक्षा समाधान प्रस्तुत करने वाली अग्रणी वैश्विक कंपनी, सोफॉस की बुधवार को जारी छठे वार्षिक सर्वे रिपोर्ट 'द स्टेट ऑफ रैन्समवेयर 225' के अनुसार गत वर्ष 53 प्रतिशत भारतीय कंपनियों ने इंटरनेट सेंधमारों से अपना डेटा वापस पाने के लिए फिरौती का भुगतान किया जो ऐसे मामलों में हुई गिरावट को दर्शाता है। सोफॉस के अनुसार इससे एक साल पहले रैन्समवेयर के मामलों में 65 फीसदी इकाइयों ने फिरौती दी थी। कंपनी ने यह सर्वेक्षण जनवरी और मार्च 225 के बीच कराया था, और उत्तरदाताओं से पिछले 12 महीनों में रैन्समवेयर के अपने अनुभव के बारे में पूछा गया था।

# निवेशकों के सतर्क रुख से बाजार में गिरावट

- सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर
- निफ्टी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। वैश्विक बाजारों से मिल रहे मिले-जुले संकेतों तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर चल रहे विभिन्न प्रकार के अनुमानों के बीच बाजार को लेकर निवेशकों के सतर्क रुख के कारण भारतीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट का रुख रहा।

कारोबार के अंत में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 287.60 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 पर और एनएसई का 50 प्रमुख शेयरों वाल मुख्य सूचकांक निफ्टी 88.40 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 पर था।सेंसेक्स के 30 शेयरों में 14 लाभ और 16 घाटे में बंद हुए। बाजार में रियल्टी और वित्तीय कंपनियों में बिकवाली का दबाव दिखा। श्रीराम फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी लाइफ, एलएंडटी में सबसे ज्यादा गिरावट रही रही, जबकि टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स लाभ में रहे।




क्षेत्रवार सूचकांकों में सेक्टरों में, मेटल इंडेक्स में 1.4 प्रतिशत की तेजी आयी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि पीएसयू बैंक, कैपिटल गुड्स, रियल्टी, मीडिया, पावर में 0.4-1.4 प्रतिशत तथा बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आई।

आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटी के तकनीकी और डेरिवेटिव विश्लेषक सुंदर केवट ने कहा कि मिश्रित वैश्विक संकेतों और प्रत्याशित अमेरिका-भारत व्यापार सौदे से पहले निवेशकों की सतर्कता ने बाजार सहभागियों को चिंतित कर रखा है। निफ्टी 25,588 पर सपाट खुला और नकारात्मक क्षेत्र में फिसलने से पहले कुछ समय के लिए 25,608 तक चढ़ गया था। उन्होंने कहा कि निफ्टी का 25,378 के निचले स्तर तक जाना मुनाफावसूली और नए संकेतों की कमी को दर्शाता है। डेरिवेटिव सेगमेंट में, बाजार की चौड़ाई नकारात्मक रही, जिसमें 98 शेयर चढ़े और 130 गिरे। इस खंड में पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, ब्लू स्टार, टाटा कम्युनिकेशंस, सीजी पावर और बालकृष्ण इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय ओपन इंटरेस्ट स्पर्ट्स देखे गए, जो इन काउंटरों में व्यापारियों की बढ़ी हुई रुचि का संकेत देते हैं। श्री केवट के अनुसार कुल मिलाकर, बाजार अभी भी प्रतीक्षा और निगरानी की स्थिति में बना हुआ है तथा वैश्विक मोर्चे पर प्रमुख घटनायें निकट भविष्य की दिशा तय करेंगी।

## कोयला उत्पादन अप्रैल-जून तिमाही में 16.4 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान देश की कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 39.53 मिलियन टन से 16.4 प्रतिशत बढ़कर 46.01 मिलियन टन हो गया। यह जानकारी कोयला मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों से मिली।

सरकारी डेटा के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में इन खदानों से कोयले का डिस्पैच 13 प्रतिशत बढ़कर 51.63 मिलियन टन हो गया है, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 45.68 मिलियन टन था। लगातार तीसरे वर्ष कोयले के उत्पादन और डिस्पैच में तिमाही वृद्धि, बेहतर दक्षता और खनन क्षमता के बेहतर उपयोग को दर्शाती है।

जून माह में कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 15.57 मिलियन टन (एमटी) और डिस्पैच 17.31 मिलियन टन (एमटी) रिकॉर्ड किया गया है।



तीन कोयला ब्लॉकों के लिए जारी किए गए स्वामित्व आदेश

सरकार ने बयान में बताया कि जून में उत्कल ए खदान के लिए खदान खोलने की अनुमति प्रदान की गई, जिसकी अधिकतम निर्धारित क्षमता 25 मीट्रिक टन है। साथ ही तीन कोयला ब्लॉकों के लिए स्वामित्व आदेश जारी किए गए, जिससे कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटित कोयला ब्लॉकों की कुल संख्या 200 से अधिक हो गई। यह वृद्धि बिजली उत्पादन, इस्पात निर्माण और सीमेंट उत्पादन जैसे प्रमुख उद्योगों को कोयले की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करती है।

# सोने व चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को मामूली तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक और चांदी की कीमत 1.06 लाख रुपए प्रति किलो के पार बनी हुई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 50 रुपए बढ़कर 97,480 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि मंगलवार को 97,430 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 89,292 रुपए हो गई है, जो कि पहले 89,246 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 73,110 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,073 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए द्वारा दिन में दो बार-सुबह और शाम सोने की कीमतें जारी की जाती हैं। सोने के उलट चांदी की कीमत में मामूली गिरावट देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 275 रुपए कम होकर 1,06,688 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,06,963 रुपए प्रति किलो थी।



- सोने की कीमतें 97 हजार रुपए के ऊपर
- चांदी भी 1.06 लाख रुपए प्रति किलो के पार

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। खबर लिखे जाने तक सोना 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,351.72 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.01 प्रतिशत की तेजी के साथ 36.21 डॉलर प्रति औंस पर थी।

1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,318 रुपए या 27.99 प्रतिशत बढ़कर 97,480 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,671 रुपए या 24.03 प्रतिशत बढ़कर 1,06,688 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त रुपए में आज हल्की कमजोरी देखी गई और यह डॉलर के मुकाबले 0.19 प्रतिशत गिरकर 85.71 रुपए पर पहुंच गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर इंडेक्स में 96.50 के करीब मजबूती आने और कच्चे तेल से समर्थन मिलने से डॉलर के मुकाबले रुपया 0.19 प्रतिशत कमजोर होकर 85.71 पर कारोबार कर रहा है।

# प्रोत्साहन योजना देश में एक नई औद्योगिक क्रांति की शुरुआत : यूबीओओ

**नई दिल्ली**, 2 जुलाई (एजेंसियां)। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद यूनियन बैंक ऑफिसर्स ऑर्गनाइजेशन (यूबीओओ) के महासचिव सतीश शेट्टी ने बुधवार को कहा कि योजना विकसित भारत की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि ईएलआई देश के युवाओं और मैन्युफैक्चरर्स में आत्मनिर्भरता की भावना को लाएगी और जॉब सीकर्स को न केवल रोजगार मिलेगा बल्कि उन्हें जरूरी अनुभव और कौशल भी मिलेगा। यह योजना स्किल डेवेलपमेंट के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है। शेट्टी ने कहा कि इस योजना को लेकर सरकार का लक्ष्य 3.5 करोड़ नौकरियां पैदा करना है। मेरा मानना है कि वास्तव में उससे कहीं अधिक रोजगार सृजित होंगे। अगर इन लोगों में से केवल 1 प्रतिशत लोग भी कुछ नया करना शुरू करें तो फिर से नई नौकरियों के अवसर पेश होंगे, जो कि कुल मिलाकर 'विकसित भारत' के मिशन में एक बड़ा योगदान होगा। योजना के तहत स्किल डेवेलपमेंट के जरिए यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाया गया कदम है।



- योजना के तहत स्किल डेवेलपमेंट के जरिए आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाया गया कदम

शेट्टी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा घोषित यह नई योजना वास्तव में देश में एक नई औद्योगिक क्रांति की शुरुआत है। इस योजना का सबसे बड़ा असर मैन्युफैक्चरिंग और छोटे उद्योगों पर पड़ेगा। उन्हें 3,000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। हमें पूरा विश्वास है कि यह योजना गेमचेंजर साबित होगी।

शेट्टी ने कहा कि इस योजना से सबसे बड़ा लाभ एमएसएमई सेक्टर को होगा। जो उद्यमी नया यूनिट शुरू करना चाहते हैं, उन्हें इस योजना से सीधा सहयोग मिलेगा। इस योजना से न केवल नए रोजगार सृजित होंगे, बल्कि पहले से चल रही फैक्ट्रियों और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को चलाने वालों को भी मदद मिलेगी।

## बिलासपुर में पर्यटन विकास की काफी संभावनाएं- तोखन साहू

# केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन ने पर्यटन सर्किट निर्माण के लिए की अभिनव पहल

### एनटीपीसी, एसईसीएल की मदद से लुभावने बनेगें पर्यटन स्थल

### अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत कार्य-योजना बनाने दिए निर्देश

**बिलासपुर,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। केन्द्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा है कि बिलासपुर जिले में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। अब तक पर्यटन विकास के संबंध में ज्यादा काम नहीं हो पाये हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर, रतनपुर, खूंटाघाट, खुड़िया जलाशय, अचानकमार टाईगर रिजर्व, अमरकंटक आदि को मिलाकर एक टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जायेगा। एनटीपीसी, एसईसीएल, अडानी फाउण्डेशन एवं अन्य बड़ी संस्थानों के सहयोग से इन केन्द्रों का उच्च स्तरीय विकास किया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा निजी कन्सल्टेन्ट की मदद से इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। श्री साहू ने आज मंथन सभाकक्ष में स्थानीय विधायकों की मौजूदगी में अधिकारियों और कम्पनी प्रबंधन की संयुक्त बैठक लेकर विचार-विमर्श किया और दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल




श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री साहू ने कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ के मध्य में स्थित है। बड़ी संख्या में लोगों का यहां से होकर आना-जाना लगा रहता है। वे यहां रूक कर कुछ समय बिताने के भी इच्छुक होते हैं। पर्यटन केन्द्र और घुमने फिरने के पर्याप्त स्थल मौजूद हैं, लेकिन समुचित सुविधा एवं प्रचार-प्रसार के अभाव में लोगों को इनकी जानकारी नहीं है। उन्होंने इस कार्य में एनटीपीसी, एसईसीएल एवं अडानी फाउण्डेशन को मदद करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि डीपीआर तैयार हो जाने पर उन्हें कुछ केन्द्रों के विकास की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। कम्पनी प्रबंधन ने इसके लिए सहमति जताई। केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना का लाभ भी इस परियाजना में लिया जायेगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि एक महीने के भीतर डीपीआर तैयार हो जाएगी। इसके बाद फिर बैठक लेकर कम्पनियों को कार्य आवंटित किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि यहां आने वाले पर्यटक के दो-तीन दिन ठहरने योग्य व्यवस्था की जा रही है। अचानकमार टाईगर रिजर्व लगभग 1 हजार वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसमें प्रवेश के लिए खुड़िया के अलावा केंवची एवं शिवतराई से होकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की आमदनी बढ़ रही हैं। साल भर में दो-तीन दफा घुमने फिरने एवं मनोरंजन के लिए जरूर निकलते हैं। उनके लिए ठहरने एवं खाने पीने की अच्छी व्यवस्था किया जाए तो ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आएंगे। अंतत: इसका लाभ हमारे लोगों और जिले को होगा। जिले के बैगा बहुल इलाकों में होम स्टे की व्यवस्था भी की जा सकती है। ट्राईबल संस्कृति एवं ट्री विलेज का कांसेप्ट भी लोकप्रिय हो रहा है। पर्यटन सर्किट के निर्माण से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा।

# तीन परियोजनाओं के लिए जिंदल का 1 लाख 5 हजार 3 सौ 58 करोड़ का निवेश



### जिंदल स्टील छत्तीसगढ़ लिमिटेड द्वारा 7.5 एमटीपीए इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में 73,000 करोड़ रुपये का निवेश

### जिंदल पॉवर लिमिटेड द्वारा 2400 एमडब्ल्यू थर्मल पावर प्लांट में 30,780 करोड़ रुपये का निवेश

### जिंदल पावर लिमिटेड द्वारा 500 एमडब्ल्यू सोलर पॉवर प्लांट में 1,578 करोड़ रुपये का निवेश

### कुल 1 लाख पांच हजार तीन सौ अंठावन करोड़ के लिए राज्य शासन के बीच एमओयू हस्ताक्षरित.

**रायपुर,**02 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सांसद नवीन जिंदल द्वारा संचालित जिंदल स्टील छत्तीसगढ़ लिमिटेड 7.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता के स्टील प्लांट और उनकी ही एक अन्य कंपनी जिंदल पॉवर लिमिटेड ने 500 एमडब्ल्य सोलर पावर प्लांट और 2400 एमडब्ल्य थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए राज्य सरकार से एक समझौता ज्ञापन किया है। इन तीन परियोजनाओं के लिए कुल 1 लाख 5 हजार 3 सौ अंठावन करोड़ रुपए का प्रस्तावित निवेश किया जाएगा।

इस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मुख्य मंत्री केआर प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव वाणिज्य एवं उद्योग एवं संयोजक राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड रजत कुमार एवं उद्योग जगत के अनेक नामी ग्रामी मौजूद रहे। इस परियोजना से न केवल स्थानीय रोजगार सृजन में सहायक होगा, बल्कि ये राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

जिंदल समूह के प्रदीप टंडन, ने कहा कि हम इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ में औद्योगिक आधार को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हमें विश्वास है कि इस स्टील प्लांट के माध्यम से हम उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादन के साथ-साथ स्थानीय जनसमुदाय के लिए विकास के नए अवसर उत्पन्न कर सकेंगे।

सरकार ने भी इस एमओयू को राज्य में औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस प्रकार के औद्योगिक निवेश छत्तीसगढ़ को एक वैश्विक औद्योगिक हब बनाने के हमारे लक्ष्य को साकार करने में मदद करेंगे। इस स्टील प्लांट व पावर प्लांट की स्थापना से संबंधित कार्य जल्द ही शुरू होंगे, और इसे राज्य के विकास एवं स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में निश्चित ही सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## सार-संक्षेप



### 23 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त,आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन मे बुधवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर ग्राम लोकबंद में अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब को बिक्री करने की सूचना से वरिष्ठ अधिकारिओ को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व श्रीमती अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम लोकबंद में रेड कार्यवाही करते हुये आरोपी लखन डाहिरे पिता इतवारी डाहिरे उम्र 40 वर्ष के कब्जे से 23लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब को जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक तोपसिंग नवरंग, प्रधान आरक्षक सत्य प्रकाश यादव, आरक्षक 40 सुरेंद्र जांगड़े, आरक्षक 212 प्रफुल्ल यादव का विशेष भूमिका रही।

### समितियों में खाद -बीज का है पर्याप्त इंतजाम

**बिलासपुर,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। खरीफ सीजन में खाद और बीज की पर्याप्त व्यवस्था सहकारी समितियों में की गई है। किसान अपनी जरूरत के मुताबिक खाद - बीज का उठाव कर रहे हैं। किसानों की मौजूदगी से समितियों में चहल पहल बनी हुई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर रोज इसकी समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिला बिलासपुर की 114 सहकारी समितियां में खरीफ वर्ष 2025 हेतु रासायनिक उर्वरक के वितरण का 39250 मेट्रिक टन लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध 71त्न रासायनिक उर्वरक का भंडारण किया जा चुका है, जो कि 28 हजार मेट्रिक टन होता है । कृषकों द्वारा अपनी जरूरत के अनुरूप समितियां से उर्वरक का उठाव किया जा रहा है। फिलहाल भंडारण का लगभग 64 प्रतिशत उर्वरक का वितरण हो चुका है । इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2025 हेतु बीज निगम को प्रेषित 22 हजार क्विंटल की बीज की मांग के विरुद्ध बीज निगम द्वारा सहकारी समितियां में 20 हजार क्विंटल भंडारण किया जा चुका है, जो कि मांग का 90 प्रतिशत है। भंडारित किए गए बीज का लगभग 95 प्रतिशत अर्थात 18 हजार 900 क्विंटल किसानों द्वारा उठाव भी किया जा चुका है।



### पचपेड़ी थाना अंतर्गत ग्राम धूर्वाकारी तथा रैल्हा में सियान चेतना कार्यक्रम आयोजित हुआ

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में चेतना के अंतर्गत सियान चेतना कार्यक्रम करने को निर्देशित किया गया है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एवं एसडीओपी मस्तूरी लालचंद मोहले के मार्ग दर्शन मिलने पर थाना प्रभारी पचपेड़ी श्रवण कुमार द्वारा थाना पचपेड़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत धूर्वाकारी तथा रैल्हा में जाकर बुधवार को ग्राम पंचायत भवन धूर्वाकारी तथा ग्राम पंचायत रैल्हा में ग्राम पंचायत सरपंच ,सरपंच प्रतिनिधि ,सचिव व अन्य जनप्रतिनिधि गण की उपस्थिति में वृद्ध जनों को सम्मान पूर्वक रखने, उनकी देखरेख करने के लिए लोगों से अपील किया गया। वृद्ध जन सुरक्षा अधिनियम 2007 के बारे में बताया गया। साथ ही साथ साइबर फ्रॉड तथा नशा मुक्ति के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया।

## सत्यम चौक के डिवाइडर में मृत मिला व्यक्ति दुर्ग का,होटल में करता था काम

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। बुधवार को प्रात: सत्यम चौक के पास रोड के डिवाइडर में एक अज्ञात पुरुष व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया। सिविल लाइन थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा जांच कार्यवाही प्रारंभ की गई।

मृतक की जेब से प्राप्त आधार कार्ड एवं प्रारंभिक जांच के आधार पर उसकी पहचान दुर्गेश दास, पिता ञ्च विशाल दास, उम्र ञ्च लगभग 40 वर्ष, निवासी ञ्च पद्मनाभपुर, दुर्ग (छ.ग.) के रूप में की गई है। परिजनों से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया, जिनसे मृतक के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक पूर्व में बिलासपुर के सत्यम चौक क्षेत्र स्थित एक होटल में कार्यरत था तथा उसे टी.बी. एवं लीवर संबंधी गंभीर बीमारी थी।

मृतक पिछली रात डिवाइडर पर शर्ट निकालकर बैठा था, जिसे गश्त कर रही पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गई थी। पूछने पर उसने बताया कि वह मच्छर भगाने के लिए शर्ट का उपयोग कर रहा है। पुलिस द्वारा उसे घर जाने की समझाइश दी गई थी, जिस पर वह वहां से चला गया, किंतु कुछ समय पश्चात पुन: उसी स्थान पर लौट आया। मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। मृत्यु के कारणों की पुष्टि हेतु शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही की जा रही है।

## संविधान संकट में, इसे बचाने कांग्रेस कर रही कोशिश : अमरजीत

### 7 जुलाई को खड़गे की सभा के लिए तैयारी

**कोरबा,** 02 जुलाई (देशबन्धु)।7 जुलाई को रायपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक सभा करने के लिए पहुंच रहे हैं। इसे संविधान बचाओ रैली का नाम दिया गया है। कांग्रेस का कहना है कि संविधान खतरे में है और इसलिए अलग-अलग तरीके से इसकी रक्षा की जाएगी। मल्लिकार्जुन की सभा में अच्छी भीड़ हो, इसके लिए कांग्रेस ने अपने नेताओं को विशेष जिम्मेदारी दी है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा और उसमें आने वाली भीड़ की व्यवस्था को लेकर कांग्रेस इन दीनों तैयारी में लगी है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने इसी सिलसिले में कोरबा में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि संविधान के अलावा और भी कई मुद्दे पर मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ में सभा लेंगे। संविधान को लेकर उन्होंने कहा कि कई प्रकार से सरकार बदलाव कर रही है। इससे मूल भावना प्रभावित हो रही है लेकिन कांग्रेस अपनी कोशिश से ऐसे प्रयासों को सफल नहीं होने देगी। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का छत्तीसगढ़ दौरा व सभा इसी उद्देश्य से हो रही है। अमरजीत ने कहा कि उनकी सभा में पूरे प्रदेश से लगभग 1 लाख लोगों के आने की उम्मीद है। इसके लिए कई प्रभारी बनाए गए हैं और पदाधिकारियों को भी अधिक संख्या जुटाने की जिम्मदारी दी गई है। प्रेस कांफ्रेंस के बाद पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि हमने अपनी सरकार में 10000 लोगों को जमीन के पट्टे बांटे थे, इसलिए भाजपा को भी ऐसा काम करना चाहिए।

### अडाणी की मालगाड़ियां दौड़ रही ट्रैक पर : ज्योत्सना

कोरबा क्षेत्र में रेल सुविधाओं की उपेक्षा को लेकर सांसद ज्योत्सना महंत ने बताया कि उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कई बार मुलाकात की। रेल सुविधाओं में बढ़ोतरी करने की मांग भी की। जब रेलवे ट्रैक पर अदाणी की माल गाड़ियां दौड़ सकती है तो यात्री गाड़ियों के साथ क्या समस्या हो सकती है। सांसद ने यह भी कहा कि कोरबा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए रेल मंत्री ने ढाई साल का समय लगने की बात कही थी। लगभग डेढ़ साल बीत चुके हैं। हम इंतजार करेंगे कि बाकी बचे समय में समस्याओं का समाधान हो भी पाता है या नहीं।

## नशे के सौदागरों पर कार्रवाई ,दो गिरफ्तार 440 नग नशीली टेबलेट किया गया जप्त

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। बुधवार को तारबाहर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पुराना बस स्टैंड के पास टिकरापारा निवासी कुणाल रजक अपने एक अन्य साथी के साथ जो सफेद कलर का टी शर्ट पहना है अवैध रूप से नशीली दवाई रखकर बिक्री कर लाभ अर्जित कर रहा है, उक्त सूचना के संबंध में तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया जिनके द्वारा कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। जिनके निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन निमितेश सिंह के मार्गदर्शन एवं निरी. कृष्णचंद सिदार थाना प्रभारी थाना तारबाहर एवं एसीसीयू प्रभारी अजरूद्दीन के नेतृत्व में संयुक्त टीम बनाकर पुराना बस स्टैंड पहुंचकर घेराबंदी का रेड कार्यवाही किया उक्त आरोपियों के कब्जे से 440 नग नशीला टैबलेट जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया ।




उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कृष्ण चंद सिदार प्रधान आरक्षक सालिक राम कर्ष आरक्षक राहुल राजपूत, रूपलाल चंद्रा,मोहन कोर्राम का सराहनीय योगदान रहा।

## बाइक रोक गाली दे मारपीट कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने वाले 3 आरोपी पकड़ाए

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर गाली गलौच और मारपीट करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मामले के संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि सोमवार को प्रार्थी उमेद राम साहू पिता भकला साहू उम्र 55वर्ष निवासी चिंगराजपारा सरकंडा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 30/06/25 के लगभग 10ञ्30 बजे नगौई उरेहापारा से अपनी मोटर साइकल से वापस आ रहा था कि ग्राम बिजोर के पास तीन लड़के प्रहलाद यादव,सूरज साहू , लक्की यादव उसको जबरन रोके और गाली गुप्तार डंडे से मारपीट कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग किए मारपीट में प्रार्थी के बाए हाथ में चोट सूजन आई। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध किया गया उपरोक्त के सम्बन्ध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया उसके बाद निलेश पाण्डे थाना प्रभारी सरकंडा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर घटनाकारित करने वाले आरोपियों *1.तुषार उर्फ लक्की यादव पिता कृष्ण कुमार यादव उम्र 20वर्ष साकिन रामायण चौक बहतराई थाना सरकंडा



जिला बिलासपुर 2. प्रहलाद यादव पिता बिसराम यादव उम्र 18वर्ष साकिन रामायण चौक बहतराई थाना सरकंडा 3. सूरज साहू पिता जनक राम साहू उम्र 21वर्ष रामायण चौक बहतराई चौक थाना सरकंडा* को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनके पास से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकल,डंडा को विधिवत् जप्त किया गया। आरोपियो को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस सहायता केंद्र मोपका प्रभारी उपनिरीक्षक भावेश शेंडे , प्र आर मोहन मुरली राठौर, मनोहर लकड़ा फूलसाय नायक की विशेष भूमिका रही।

## डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में 100 करोड़ से अधिक की वार्षिक कार्य-योजना का अनुमोदन

**बिलासपुर,** 02 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई।




बैठक में 100 करोड़ रूपए से ज्यादा राशि की वित्तीय वर्ष 2025-26 की नवीन वार्षिक कार्य-योजना का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद तोखन साहू सहित विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित शासी परिषद के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बिलासपुर सहित संपूर्ण जिले के विकास के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर अनुमोदन दिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से बिलासपुर में एजुकेशन हब के लिए 15 करोड़ रूपए, गोकने नाला पर पुल निर्माण के लिए 3.29 करोड़, सभी जोन एरिया में वेन्डिंग जोन सहित आंगनबाड़ी भवन के लिए 3.50 करोड़, पंचायत के लिए 3 करोड़, दिव्यांग जनों के कौशल विकास एवं अन्य कार्यों के लिए 3 करोड़, हेल्थ सेक्टर के लिए 20 करोड़, पेयजल मद के लिए 4 करोड़ एवं पर्यटन विकास के लिए 5 करोड़ प्रमुख रूप से शामिल हैं। डीएमएफ के अंतर्गत आमतौर पर वे कार्य लिए जाते हैं, जो शासन की कोई योजना अथवा कार्यक्रम में प्रमुखता से कवर नहीं हुए होते हैं। बैठक में शासी परिषद से अनुमोदन की प्रत्याशा में पूर्व में स्वीकृत लगभग डेढ़ करोड़ के 7 कार्यों का अनुमोदन किया गया।

## छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने नव पदस्थ प्रोफेसर को दी बधाई

**बिलासपुर**, 02 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बिलासपुर में नव पदस्थ प्रोफेसर डॉक्टर जीआर चतुर्वेदी छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने अभिनंदन करते हुए उनका स्वागत करते हुए उनको बधाई और शुभकामनाएँ दी।

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बिलासपुर के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर पांडे, जिला संरक्षक आरपी शर्मा, कार्यालय सचिव कौशल कौशिक और तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद कुमार भारद्वाज, डीआर श्रीवास सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उनकी इस नई पदस्थापना पर हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके अनुभव और कौशल से महाविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में मदद मिलेगी। आपकी नेतृत्व क्षमता और कार्यशैली से छात्रों और कर्मचारियों को प्रेरणा मिलेगी। हमारे संगठन की ओर से आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।

हमें उम्मीद है कि आपके साथ मिलकर हम महाविद्यालय के विकास और उत्थान के लिए काम करेंगे। एक बार फिर से आपको नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएँ।

**NECC**

| 03.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 585 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 7.00 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 600 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 80 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771